3 राजधानी
हफ्ते में चार दिन लगेगा टीका

6 अभिमत
ओली की अवसरवादिता

10 स्पोर्ट्स
चोट से जूझ रही टीम को लगानी होगी ताकत

11 विदेश
ट्विटर के सीईओ ने ट्रंप पर लगे प्रतिबंध का बचाव किया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 70
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



काजोल ने मोटा करने वाली हर वस्तु से किया किनारा
विविध-12

# टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर वैक्सीन निर्माता कंपनियां होंगी जिम्मेदार

● किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मुकदमों से मुक्त रखने की कंपनियों की मांग सरकार ने की खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर मुकदमों से छूट मांग रहीं कंपनियों को निराशा हाथ लगी है। सरकार ने उनकी मांग को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया कि टीका लगने के बाद किसी भी तरह की दुर्घटना के लिए वैक्सीन निर्माता कंपनियां ही जिम्मेदार होंगी। केंद्र सरकार ने भारतीय कंपनियों, विशेष रूप से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसमें उन्होंने कोविड टीकाकरण के बाद स्वास्थ्य जोखिम या अन्य जटिलता के किसी भी मामले में मुकदमों से छूट की मांग की थी। वैक्सीन निर्माताओं के साथ



अमृतसर में कोरोना टीके की खेप पहुंचने के बाद शीशी को हाथ में लिए एक स्वास्थ्यकर्मी

सरकार द्वारा किए गए खरीद सौदे में लिखा गया है कि वैक्सीन से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी के मामले को कंपनियां फौरन सरकारी अधिकारियों को सूचित करेंगी।

मामले को स्पष्ट करते हुए करार में लिखा गया है कि कंपनियां सीडीएससीओ/ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट/डीसीजीआई पॉलिसी/अनुमोदन के तहत वैक्सीन की सभी प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं के लिए उत्तरदायी होंगी। पिछले महीने एसआईआई के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा था कि वैक्सीन निर्माताओं को टीके से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की दिक्कत की स्थिति में खासकर महामारी के दौरान मुकदमों के खिलाफ सुरक्षा मिलनी चाहिए।

पूणे की कंपनी एसआईआई की कोविषील्ड और हैदराबाद की भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को सरकार ने आपातकालीन उपयोग की मंजूरी दी है। पूनावाला ने यह मुद्दा सरकार के समक्ष उठाने की बात भी कही थी। उन्होंने तर्क दिया था कि यदि सरकार मुकदमों से सुरक्षा प्रदान नहीं करती है तो या तो कंपनियां दिवालिया हो जाएंगी अथवा ( शेष पेज 9 )

## वैक्सीन का प्रभाव कम कर सकते हैं अवसाद व तनाव

● विशेषज्ञों के मुताबिक टीका लगने से भरपूर नींद और कसरत से अच्छा मिलेगा परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि अवसाद, तनाव और अकेलापन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करके कोविड-19 टीके समेत विभिन्न टीकों के प्रभाव को कम कर सकता है। 'पर्सपेक्टिव ऑन साइकोलॉजिकल साइंस' में प्रकाशित होने के लिये स्वीकार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार व्यायाम और टीका लगवाने से 24 घंटे पहले रात में अच्छी नींद लेने समेत साधारण कोशिशों से टीके की प्रारंभिक प्रभावकारिता बढ़ सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि व्यापक जांच से पता चला है कि अमेरिका में वितरण के लिये मंजूर किये गए टीके मजबूत प्रतिरोधक प्रतिक्रिया पैदा करने के मामले में बेहद कारगर है।

हर किसी को तत्काल इसका पूरा फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण कारक, व्यक्तिगत अनुवांशिकी तथा शारीरिक एवं मानसिक परेशानियां शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकती हैं, जिससे टीके का असर धीमा पड़ सकता है। अमेरिका के ओहायो ( शेष पेज 9 )

# सुप्रीम कोर्ट की नियुक्त कमेटी से अलग हुए मान



भूपिंदर सिंह मान

● कहा-किसानों के हितों से समझौता नहीं, किसी भी पद का कर सकते हैं त्याग

● फैसले का स्वागत, लेकिन कोई भी समिति मंजूर नहीं: किसान संगठन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान ने गुरुवार को कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से खुद को अलग कर रहे हैं। किसान संगठनों और विपक्षी दलों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा था कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं।

मान ने कहा कि समिति में उन्हें सदस्य नियुक्त करने के लिए वह शीर्ष अदालत के आभारी हैं लेकिन किसानों के हितों से समझौता नहीं करने के लिए वह उन्हें पेश किसी भी पद का त्याग कर देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा कि खुद किसान होने और यूनियन का नेता होने के नाते किसान संगठनों और आम लोगों की भावनाओं और आशंकाओं के कारण मैं किसी भी पद को छोड़ने के लिए तैयार हूं ताकि पंजाब और देश के किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता ( शेष पेज 9 )

### 19 को हो सकती है समिति की पहली प्रत्यक्ष बैठकः घनवट

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति अपनी पहली प्रत्यक्ष बैठक 19 जनवरी को यहां पूसा परिसर में कर सकती है। समिति के सदस्य अनिल घनवट ने गुरुवार को यह बात कही और इस बात पर जोर दिया कि अगर समिति को किसानों से बातचीत करने के लिए उनके प्रदर्शन स्थल पर जाना पड़ा तो वह इसे 'प्रतिष्ठा या अहम का मुद्दा' नहीं बनाएगी। समिति के सदस्यों को आज दिन में डिजिटल तरीके से वार्ता करनी थी, लेकिन पूर्व सांसद और किसान नेता भूपिंदर सिंह मान के समिति ( शेष पेज 9 )

### आज होगी किसानों और केंद्र के बीच बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि प्रदर्शनकारी किसान संगठनों और सरकार के बीच नौवें दौर की वार्ता तय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को होगी और केंद्र को उम्मीद है कि चर्चा सकारात्मक होगी। तोमर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार खुले मन से किसान नेताओं के साथ बातचीत करने को तैयार है। उच्चतम न्यायालय द्वारा गतिरोध सुलझाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी नियुक्त किए जाने और फिर एक सदस्य के इससे अलग हो जाने के कारण नौवें दौर की वार्ता को लेकर भ्रम ( शेष पेज 9 )

**चीन को सख्त संदेश**

## स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले को मिलेगा मुंहतोड़ जवाबः राजनाथ सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के साथ आठ महीने से चल रहे गतिरोध के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन यदि कोई महाशक्ति देश के सम्मान को ठेस पहुंचाती है तो देश के सैनिक मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। सिंह ने कहा, हम युद्ध नहीं चाहते और हम सभी की सुरक्षा के पक्ष में हैं लेकिन मैं स्पष्ट रूप से यह भी कहना चाहता हूं कि यदि कोई महाशक्ति हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाना चाहती है तो हमारे ( शेष पेज 9 )

## सरकार ने वापस लिया आदेश खुल गई गाजीपुर मुर्गा मंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सभी 100 नमूनों में बर्ड फ्लू की नहीं हुई पुष्टि तीनों निगम क्षेत्रों में होटल-रेस्तरां में चिकन व अंडों से भी हटा प्रतिबंध

**राजधानी** की केजरीवाल सरकार ने गाजीपुर मुर्गा मंडी बंद करने का अपना फैसला वापस ले लिया है। अब यह मंडी पहले की तरह कारोबार करती रहेगी।

मुर्गों के 100 नमूनों में से एक में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। इसके बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोबारा मंडी खोलने का ऐलान कर दिया। इसी के साथ तीनों नगर निगमों ने भी होटल-रेस्तरां में चिकन-अंडा परोसने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया। कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड लू की पुष्टि के बाद दिल्ली सरकार ने सोमवार को शहर के बाहर से लाए जाने वाले प्रसंस्कृत एवं पैकेटबंद चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी थी। एहतियात के तौर पर 10 दिन के लिए गाजीपुर का थोक पोल्ट्री बाजार भी बंद कर दिया था। दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित गाजीपुर बाजार क्षेत्र में पोल्ट्री उत्पादों का मुख्य आपूर्तिकर्ता है। दिल्ली पशुपालन इकाई के वरिष्ठ अधिकारी राकेश सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया के सबसे बड़े गाजीपुर कुक्कुट बाजार से लिए गए सभी 100 नमूनों में बर्ड फ्लू नहीं होने की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के तीन दिन बाद ये परिणाम आए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कि पोल्ट्री बाजार से लिए गए नमूनों में बर्ड फ्लू संक्रमण नहीं पाए जाने की पुष्टि हुई है। लिहाजा, पोल्ट्री बाजार खोलने का फैसला लिया गया है। साथ ही चिकन मांस के व्यापार और आयात पर पाबंदी के आदेशों को वापस ले लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में छह जनवरी से ( शेष पेज 9 )

## पांच दशक बाद गणतंत्र दिवस परेड में कोई मुख्य अतिथि नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** साल गणतंत्र दिवस परेड में कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह घोशणा करते हुए कहा कि वैष्विक महामारी कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए ऐसा निर्णय लिया गया है। पिछले पांच दशकों में पहली बार ऐसा हो रहा है जब कोई भी राष्ट्राध्यक्ष 26 जनवरी की परेड देखने नहीं आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले तीन बार ऐसे मौके आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि भारत ने इस साल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता भेजा था। बोरिस ने न्योता कबूल भी किया और वह बेसब्री से भारत दौरे का इंतजार भी कर रहे थे। लेकिन, इस बीच ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन का संक्रमण तेजी से फैलने लगा और देश में एक बार फिर सख्त लॉकडाउन की नौबत आ गई। ऐसे में बोरिस ने इस मुश्किल घड़ी ( शेष पेज 9 )




### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,584 | ↑ | 91 | |
| निफ्टी | 14,595 | ↑ | 30 | |
| सोना | 48,388 | ↓ | 369 | /10g |
| चांदी | 64,534 | ↓ | 390 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अपने चार अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई ने भ्रष्टाचार के केस दर्ज किए**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बैंकों के साथ धोखाधड़ी करने की आरोपी कंपनियों के खिलाफ जांच मे समझौता करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में अपने चार अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें दो पुलिस उपाधीक्षक शामिल है। इस सिलसिले मे एजेंसी ने बृहस्पतिवार सुबह गाजियाबाद में अपनी प्रशिक्षण अकादमी तथा 13 अन्य स्थानों पर तलाश अभियान चलाया। अधिकारियो ने बताया कि जिन सीबीआई अधिकारियो के खिलाफ एजेंसी ने मामला दर्ज किया है उनके नाम है पुलिस उपाधीक्षक आरके ऋषि और आरके संगवान, निरीक्षक कपिल धनखड़ और स्टेनो समीर कुमार सिंह।

# इंडोनेशिया की गुफा में मिली दुनिया की सबसे पुरानी पेंटिंग

● सुलावेसी द्वीप की गुफा में 45,500 साल पहले उकेरी गई थी यह कलाकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इंडोनेशिया** के एक द्वीप पर गुफा के भीतर 45,500 साल पहले बनाई गई जंगली सूअर की पेंटिंग की मिली है। इससे पुरातत्वविदों ने खोजा है और उनका दावा है कि यह गुफा में उकेरी गई दुनियां की सबसे पुरानी पेंटिंग है।

इंडोनेशिया के दक्षिण सुलावेसी द्वीप में गुफा में पेंटिंग का पता लगाया गया। शोध पत्रिका 'साइंस एडवांसेस' में इस बारे में अध्ययन प्रकाशित किया गया है। क्षेत्र में



सुलावेसी द्वीप की एक गुफा में उकेरी मिली सूअर की कलाकृति

इंसानों की मौजूदगी के शुरुआती पुरातात्विक प्रमाणों का भी इसमें उल्लेख किया गया है। ऑस्ट्रेलिया में ग्रिफिट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एडम ब्रूम ने बताया कि सुलावेसी की लेंग टेडोंगगने गुफा में मिली पेंटिंग दुनिया में गुफा कलाकृति का सबसे पुराना नमूना है।' उन्होंने कहा कि यह गुफा एक घाटी में है जो कि बाहर से चूना-पत्थर की ( शेष पेज 9 )

# पिलर रहित पुल अगले महीने होगा तैयार

## ग्रेटर नोएडा और दादरी के लोगों को मिलेगी खास सौगात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

गौतमबुद्धनगर के निवासियों के लिए बड़ी खबर है। अब दादरी-ग्रेटर नोएडा के बीच लोगों को घंटों यातायात जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। ग्रेटर नोएडा दादरी की बीच रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण लगभग पूरा हो गया है और इसे जल्दी ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लोग पिछले 6 साल से इस आरओबी के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इस रेलवे ट्रैक पर बन रहे आरओबी में कोई पिलर नहीं लगाया गया है। इस तरह का यह देश का पहला और सबसे लंबा लोहे का पुल है, जिसे बिना पिलर सपोर्ट दिए बनाया गया है। सेतु निगम ने पुल के दोनों तरफ सड़क का खाका खींचा है। मार्च में इस पुल को सड़क से जोड़ने का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल, दादरी व्यापार के लिहाज से गौतमबुद्धनगर के पुराने केंद्रों में से एक है। ग्रेटर नोएडा का विकास होने के बाद दादरी की तरफ आवाजाही में भारी बढ़ोत्तरी हो गई। भारी भीड़ के आवागमन के चलते दादरी रेलवे फाटक पर यातायात का दबाव बढ़ गया। फाटक पर वाहन घंटों कतारों में फंसे रहते। मामला प्रशासन के लिए सिरदर्द था। इसलिए दादरी रेलवे ओवरब्रिज आरओबी बनाने की योजना बनाई गई।

इसको बनाने का काम सेतु निगम को सौंपा गया। इस तरह के निर्माण कार्य में सेतु निगम दक्ष है। रेलवे ब्रिज पर दोनों तरफ सड़क का ढांचा बनाने की जिम्मेदारी भी सेतु निगम को सौंपी गई। सेतु निगम ने 2015 में इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया और महज 2 साल में ढांचा बनाकर तैयार कर दिया। पुल पर चढ़ने उतरने के लिए दोनों तरफ1506 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया गया है। रेलवे ट्रैक पर पुल और इसके

### जाम के झाम से मिलेगी मुक्ति

निर्माण की जिम्मेदारी भारतीय रेलवे की थी। रेलवे ने भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। इस आरओबी के लिए इंद्रधनुष के आकार का 118 मीटर लंबे पुल का डिजाइन बनाया गया। इसे बनाने का कॉट्रैक्ट 2017 में स्पेश कैम इंटरप्राइजेज को सौंपा गया।

पुल की लागत 25 करोड़ और इसे बनाने की समय सीमा फरवरी, 2020 निर्धारित की गई। कंपनी ने 2019 में एक तरफ का पुल तैयार भी कर दिया। इस पुल को आम जनता के लिए खोल भी दिया गया, पर कंपनी दूसरी तरफ का पुल वक्त पर तैयार न कर सकी। इसके लिए कंपनी पर जुर्माना भी लगाया गया। ग्रेटर नोएडा-दादरी के बीच पुल का निर्माण फरवरी तक पूरा हो जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट मेट्रो

# निर्माण को 1050 करोड़ रुपए देगी केंद्र और राज्य सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक मेट्रो ले जाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार पैसा देने को तैयार हो गई है। दोनों सरकार करीब 1050 करोड़ रुपये देगी। बाकी करीब 450 करोड़ रुपये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण वहन करेगा।

बडी बात यह है कि परियोजना की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दी जाएगी। यमुना प्राधिकरण वर्ष 2023 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने से पहले जेवर तक मेट्रो ले जाना चाहता है। करीब तीन महीने पहले प्राधिकरण ने केंद्र और राज्य सरकार से पैसा मांगने के लिए प्रस्ताव भेजे थे। यमुना प्राधिकरण तीन साल

### तीन साल से चल रहा था प्रोजेक्ट पर काम

से प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार में एक विश्वसनीय सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक परियोजना का करीब 70 फीसदी खर्च दोनों सरकार वहन करेंगी। बाकी 30 फीसदी पैसे का इंतजाम यमुना प्राधिकरण को करना होगा।

आपको बता दें कि इस परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट राइट्स ने करीब दो साल पहले तैयार की थी। इसके बाद यमुना प्राधिकरण ने डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को दी थी। डीएमआरसी ने करीब 6 महीने पहले डीपीआर यमुना प्राधिकरण को सौंप दी थी।

# संदिग्ध हालात में बेटे की मौत

## अस्पताल में मां-पिता व बहन की हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुरादनगर के उखलारसी कॉलोनी में एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। जिसमें एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पति, पत्नी और बेटी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ सदर व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस का कहना है कि मामले की कई पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

दिल्ली मेरठ हाईवे स्थित उखालसी कॉलोनी निवासी रामपाल परिवार सहित रहता है। मेहनत मजदूरी कर वह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बृहस्पतिार को कॉलोनी के लोगों ने उनके घर पर जाकर देखा तो पूरा परिवार अचेत पड़ा था। लोगों ने आनन-फानन में परिवार के लोगों को उठाकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर रामपाल के 12 वर्षीय पुत्र कुणाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी अनिता, पुत्री शगुन व रामपाल की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका इलाज चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि परिवार के लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया है या भोजन के कारण फूड पॉइजनिंग हुई है। बताया जा रहा है कि कुणाल का बीमारी के चलते इलाज भी चल रहा था। जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

पूरे परिवार की हालत बिगड़ने और एक किशोर की मौत की खबर मिलते ही सीओ सदर महिपाल सिंह व थाना प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एसपी देहात ईराज राजा कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है की किन परिस्थितियों में पूरे परिवार की हालत बिगड़ी है।

## ताला ठीक करने के बहाने ले उड़े जेवरात

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के श्याम पार्क मेन में रहने वाले सेना के एक अधिकारी के यहां अलमारी का ताला ठीक करने आए चोरों ने करीब 11 लाख रूपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के समय घर पर अधिकारी की मां मौजूद थी।

पुलिस के मुताबिक मेरठ में तैनात एक सेना के अधिकारी श्याम पार्क में परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को उनकी पत्नी अपने ऑफिस गई हुई थी, घर पर उनकी 65 साल की मां जीत कौर थीं। उन्होंने फेरी लगाकर ताला ठीक करने वाले दो लोगों को अलमारी का ताला ठीक करने के लिए बुलाया। उन दोनों ने ताला ठीक करने के दौरान अलमारी में रखे जेवरात चोरी कर लिए।

# कोविड वैक्सीन की पहली खेप पहुंची गाजियाबाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपदवासियों के लिए बृहस्पतिवार का दिन बेहद खुशखबरी वाला रहा जिसमें कोविड 19 वैक्सीनेशन की पहली खेप जनपद पहुंची। जिसे खुद जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने रिसीव करते हुए उसका स्वागत किया।

वैक्सीन के गाजियाबाद पहुंचते ही अधिकारियों के चेहरे पर चमक बिखर गई। जिलाधिकारी सहित मौके पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने तालियां बजाकर वैक्सीन की पहली खेप का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने वैक्सीन को लेकर आने वाली वैन की सील तोड़कर ताला खोला इसके साथ डीएम एवं सीएमओ डॉ. एन के गुप्ता ने नारियल फोड़कर इसका स्वागत किया।



**वैक्सील लेकर आई गाड़ी का सील खोलते जिलाधिकारी।**

डीएम ने बताया कि आज केंद्र सरकार की ओर से जनपद गाजियाबाद को 2710 वॉईल दिए गए हैं। प्रत्येक वॉईल में 10 कोविड वैक्सीन है। जिन्हें सुरक्षित तरीके से निर्धारित मानकों के अनुरूप जिला एमएमजी अस्पताल स्थित आईडीएसपी बिल्डिंग में बनाए गए वैक्सीन स्टोर में निर्धारित तापमान पर सुरक्षित रखा गया है।

उन्होंने बताया कि कल (शनिवार) को आयोजित होने वाले टीकाकरण केंद्रों पर लगभग 700 स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाया जाएगा। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता, एसीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, नोडल डॉ. राकेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी जीके मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में सीबीआई ने अपने ही डीएसपी के घर मारा छापा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की दिल्ली से आई एक 12 सदस्यीय टीम ने भ्रष्टाचार से जुड़े किसी मामले में गाजियाबाद में सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच के हेड डीएसपी आर.के. ऋषि के फ्लैट पर गुरुवार सुबह छापेमारी की।

डीएसपी आर.के. ऋषि कौशांबी के शिवालिक अपार्टमेंट में 402 फ्लैट नम्बर में रहते हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार से जुड़े किसी मामले की जांच के लिए सुबह 8:30 बजे पहुंची सीबीआई टीम ने रेड के दौरान उनके घर पर घंटों दस्तावेज खंगाले। इस दौरान सीबीआई के अधिकारियों ने परिवार के सभी सदस्यों से घर के अंदर ही पूछताछ भी की। फिलहाल इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है।

# नोएडा में 3 लोगों ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जनपद गौतमबुद्धनगर के तीन थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के अंदर एक युवती समेत तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।



पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में रहने वाली कुमारी चंदा (24) ने मानसिक तनाव के चलते बुधवार रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना बीटा-2 क्षेत्र के सिग्मा सेक्टर में रहने वाले हरप्रीत सिंह (32) ने मानसिक तनाव के चलते बुधवार रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि अन्य मामला थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के नवादा गांव से है। गांव में रहने वाले इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव (27) ने बुधवार को अपने घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

# संक्षिप्त समाचार



**जिला पंचायत प्रशासक का पदभार ग्रहण करते डीएम।**

### लक्ष्मी मावी का कार्यकाल समाप्त, डीएम बने प्रशासक

**गाजियाबाद।** जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बृहस्पतिवार को जिला पंचायत का प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। अब जिला पंचायत, उसके अध्यक्ष और समितियों की समस्त शक्तियां कृत्य और कर्तव्य प्रशासक में निहत होंगे और उसके द्वारा उनका प्रयोग, संपादन और निर्वहन करेंगे। वर्तमान जिला पंचायत बोर्ड गाजियाबाद का कार्यकाल दिनांक 14 जनवरी 2016 से 13 जनवरी 2021 तक निर्धारित था। 13 जनवरी को जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने शासनादेश के परिपालन में को-प्रशासक जिला पंचायत गाजियाबाद का पदभार कविनगर स्थित जिला पंचायत कार्यालय में ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत योगेश कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय में सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी ईमानदारी और तत्पर निष्ठा के साथ कार्य करें।



**डासना जेल में लोहड़ी पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते जेल अधिकारी व बंदी।**

### बंदियों ने धूमधाम से मनाई लोहड़ी

**गाजियाबाद।** डासना स्थित जिला जेल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोहड़ी के पर्व को बंदियों और जेल प्रशासन के आला अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। अपने बीच जेल प्रशासन के अधिकारियों को पाकर बंदियों ने खुशी का इजहार किया और जेल प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया। बता दें कि डासना जेल मे सभी त्यौहारों को बड़े ही श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया जाता है। बुधवार को भी लोहडी के पर्व को जेल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जेलर आनंद शुक्ला, डा सुनील त्यागी, डा नितिन प्रियदर्शी, डिप्टी जेलर नीरज श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, सुरेश सिद्धार्थ, रामकिशोर बघेल व शिव कुमार शर्मा, हेड जेल वार्डर, दीप चन्द्र तिवारी, हेड जेल वार्डर आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### जीडीए ने कई अवैध निर्माणों को किया सील

**गाजियाबाद।** महानगर में कई अवैध निर्माणों को जीडीए के सचल दस्तों ने ध्वस्त एवं सील करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। कौशांबी में भूखण्ड संख्या सी तीन व इंदिरापुरम शक्तिखंड दो के भूखण्ड संख्या एसके 2/65 पर मानचित्र के विपरीत किये जा रहे निर्माण को जीडीए ने सील कर दिया। इसके अलावा शक्तिखण्ड में जीडीए की भूखण्ड संख्या 63 व शक्तिखण्ड एक में भी अवैध निर्माणों को गिराया गया। जीडीए विशेष कार्य अधिकारी सुशील कुमार चैबे ने बताया कि इस इलाके में अवैध निर्माण करने वाले कुछ और लोगों को भी नोटिस जारी किए गए हैं।


**सार्वजनिक सूचना : पीओए खोने के संबंध में**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

मैं निगमानंद उपाध्याय पुत्र श्री मंगलानंद उपाध्याय कर्मचारी संख्या 387695 वर्तमान में रोहिणी ईस्ट एस.डी. टावर नई दिल्ली में डीएसएमजी के पद पर नियुक्त एतद्द्वारा बयान करता हूं कि

1. मेरी मेरे नाम में पावर ऑफ अटॉर्नी खो गई है।
2. मेरे पास कोई पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं है जो मुझे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार देती है।

पीओए का विस्तृत विवरण :-

तिथि : 15 जनवरी, 2021 — प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : दिल्ली/एनसीआर — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**AXIS BANK**

**सार्वजनिक सूचना – स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक रखी आस्तियों की नीलामी हेतु**

कालकाजी, शाखा-बेसमेंट तथा भू तल, एम-61, कालकाजी, नई दिल्ली
लाजपत नगर, शाखा-बेसमेंट तथा भू तल, बी-6, लाजपत नगर-।।, नई दिल्ली
नजफगढ़, शाखा-नई दिल्ली, खसरा नंबर 24/17/2 तथा 24/17/3, म्युनिसिपल नंबर 1643, मेन रोड, नजफगढ़-110043, नई दिल्ली,
नोएडा, शाखा-बी-2बी-3, सेक्टर-16, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश

सेक्टर 14, गुरूग्राम शाखा-एससीओ-29, सेक्टर-14, निकट हुडा कार्यालय, पुरानी दिल्ली-गुरूग्राम रोड, गुरूग्राम
सेक्टर-16, फरीदाबाद, शाखा-बेसमेंट एवं भू तल, एससीओ-8, सेक्टर-16, हुडा शॉपिंग सेंटर, फरीदाबाद, हरियाणा,
तिलक नगर, शाखा-कृपाल प्लाजा, 4 ए/1, तिलक नगर, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110018
अशोक विहार, शाखा-सी-3, अशोक विहार, फेज-1, नई दिल्ली

द्वारका शाखा पता – शॉप नंबर जी03, जी04, जी06 एवं प्रथम तल, एचएल आर्केड सेक्टर 5 (एमएलयू) प्लॉट नंबर 14, द्वारका
शालीमार बाग, शाखा-एएम-196, शालीमार बाग, दिल्ली
गाजियाबाद शाखा पता – प्लॉट नंबर 3, एन-30, अम्बेडकर रोड, नेहरू नगर, गाजियाबाद
विकास पुरी पता, भू तल और बेसमेंट, जी 12ए, विकास पुरी ,नई दिल्ली
फरीदाबाद, शाखा शॉप नंबर 6, क्राउन कॉम्प्लेक्स, नेबरहुड नंबर 2, 1-2 चौक एनआईटी-121001

यह सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि स्वर्ण आभूषणों (एतद्पश्चात आस्तियों के रूप में संदर्भित) की नीलामी "जैसा है जहां है" आधार पर की जानी है। ये स्वर्ण आभूषण निम्नवर्णित कर्जदार/रों तथा गारंटरों द्वारा उक्त स्वर्ण वस्तुओं के बंधक के विरूद्ध प्राप्त की गई ऋण सुविधा के संबंध में बैंक में बंधक रखे गए हैं।

| नाम/पता/ऋण खाता संख्या/कुल बकाया राशि – लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं | स्वर्ण (आस्तियां) शुद्ध भार ग्राम में/आधार-सुरक्षित मूल्य | नाम/पता/ऋण खाता संख्या/कुल बकाया राशि – लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं | स्वर्ण (आस्तियां) शुद्ध भार ग्राम में/आधार-सुरक्षित मूल्य | नाम/पता/ऋण खाता संख्या/कुल बकाया राशि – लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं | स्वर्ण (आस्तियां) शुद्ध भार ग्राम में/आधार-सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| नाम मोहम्मद रिजाउल मीर पता आरजेडटी 35/29, दयाल पार्क वेस्ट सागर पुर निकट विश्वकर्मा चौक, नई दिल्ली-110046 ऋण खाता सं. 920060040005927 कुल बकाया 54375 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 54375 | नाम गुलजीत पता एस/ओ बलबीर 51, अपंडवाला कलां, साउथ वेस्ट दिल्ली, निकट माता चौक, नई दिल्ली-110043 ऋण खाता सं. 919060028706811 कुल बकाया 49093.97 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 49093.97 | नाम भानु प्रताप सिंह कुशवाहा पता मकान नंबर 124, गायत्री निवास, सेक्टर-डेल्टा 1 निकट बस स्टॉप सूरजपुर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201306, ऋण खाता सं. 918060018230165 कुल बकाया 57627.43 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नोएडा (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 57627.43 |
| नाम विजय सिंह पता सी/ओ जेबी सारसेर 732/17, नई बस्ती सदर बाजार गुरूग्राम, निकट बाल्मीकि मंदिर, गुरूग्राम, हरियाणा-122001, ऋण खाता सं. 920060049597296 कुल बकाया 62836.05 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 62836.05 | नाम अरूण आनंद पता 95-96/1, जनता विहार, गोपाल नगर एक्सटेंशन, झड़ौदा रोड, नजफगढ़, नई दिल्ली-110043 ऋण खाता सं. 919060021952963कुल बकाया 42529 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 42529 | नाम दीपिका भट्ट पता बी 230, कीर्ति विहार, नाई पुरा, निकट रिलायंस टावर, लोनी देहात, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 ऋण खाता सं. 919060062627857 कुल बकाया 41132 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 41132 |
| नाम मोहम्मद कुतुबुद्दीन पता ए-125/3, तृतीय तल, शाहीन बाग, अबुलफजल एन्क्लेव, जामिया नगर, ओखला, न्यू साउथ दिल्ली, दिल्ली-110025 ऋण खाता सं. 918060068496234 कुल बकाया 73634.1 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 73634.1 | नाम अर्जुन पाठक पता मकान नंबर 296, कोटला विहार फेज-2, नांगलोई नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110041 ऋण खाता सं. 918060069740237 कुल बकाया 51609 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 51609 | नाम स्टेला टूडू पता ई ब्लॉक 373, भू तल, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली-110048 ऋण खाता सं. 919060013764534 कुल बकाया 40801 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 40801 |
| नाम पुनीत रजक पता बी-1, प्लॉट बी-2, मोहन कोऑप इंडल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली, दिल्ली-110044 ऋण खाता सं. 919060043044761 कुल बकाया 45715 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 45715 | नाम भोला प्रसाद गुप्ता पता एसओ सत्य नारायण गुप्ता, मकान नंबर 607 2 अहीर वाड़ा ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा-121002, ऋण खाता सं. 920060020911787 कुल बकाया 51916 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 51916 | नाम अबैस आलम पता ई -77, अबुल फजल एन्क्लेव-2, शाहीन बाग, जामिया नगर साउथ दिल्ली, हमदर्द पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली-110025 ऋण खाता सं. 919060074767253 कुल बकाया 38702 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 38702 |
| नाम अमरीश खा पता सी/ओ बिल्लू यादव, 85, मुल्लाहेड़ा सेक्टर-22, मारूति, गुरूग्राम, हरियाणा-122015, ऋण खाता सं. 919060020363450 कुल बकाया 54776 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 54776 | नाम जुन गोगाई पता एसटी बृज मोहन लाल सी. से. स्कूल अनंगपुरम स्कूल फरीदाबाद, हरियाणा-121003, ऋण खाता सं. 919060077899872 कुल बकाया 45044.06 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम फरीदाबाद (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 45044.06 | नाम अभिषेक द्विवेदी पता ए-19, सेक्टर-49, निकट श्री राम हॉस्पिटल नत्थू कालोनी बरौला, निकट शिव मंदिर, नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301, ऋण खाता सं. 918060082802060 कुल बकाया 42146.3 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नोएडा (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 42146.3 |
| नाम राज कुमार पता एस/ओ धरम बीर सिंह, 5 ए बरौला, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201301, ऋण खाता सं. 920060017068698 कुल बकाया 57914 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नोएडा (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 57914 | नाम सन्नी दयाल पता बी-4/299सी, द्वितीय तल, केशव पुरम, केशवपुरम मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-110035 ऋण खाता सं. 919060079978681 कुल बकाया 45217 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 45217 | नाम राम कुमार पता मकान नंबर 154, गली नंबर 1, ब्लॉक ए, जनता विहार, मुकुंदपुर, दिल्ली-110042, ऋण खाता सं. 919060091897333 कुल बकाया 36712.66 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 36712.66 |
| नाम विशाल मीणा पता मकान नंबर 5427, गली नंबर 3, रवि कालोनी सेहतपुर, फरीदाबाद, अमरनगर-फरीदाबाद, हरियाणा-121003, ऋण खाता सं. 919060044613050 कुल बकाया 49836 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 49836 | नाम गौरव कुमार पता डी-4/265, गली नंबर 4, संगम विहार हमीरपुर, दिल्ली-110062 ऋण खाता सं. 920060011815557 कुल बकाया 39223 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 39223 | नाम राम प्रकाश कुमार पता मकान नंबर 1841, एमबी रोड सेक्टर-3, पुष्प विहार पुश्ता, उत्तर प्रदेश -110017, ऋण खाता सं. 919060082773765 कुल बकाया 33092 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नोएडा (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 33092 |
| नाम जसबीर सिंह पता सी ओ प्रताप सिंह, 1662 सी 1 15 गोविंदपुरी कालकाजी, दिल्ली, दिल्ली-110019 ऋण खाता सं. 919060090720362 कुल बकाया 53763.86 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 53763.86 | नाम निधि पुरी पता आर-4/47, राज नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201001, ऋण खाता सं. 918060041914067 कुल बकाया 76263 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम गाजियाबाद (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 76263 | नाम आशीष कुमार मौर्य पता डब्ल्यूजेड-69, प्रथम तल, गली नंबर 17, प्रेम नगर, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110059, ऋण खाता सं. 919060080785612 कुल बकाया 50361.89 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 50361.89 |
| नाम संजय राय पता सी/ओ भोला राय, एफएफ रूम नंबर 14, गुरूग्राम, मकान नंबर 658, गुरूग्राम, हरियाणा-122002, ऋण खाता सं. 919060047839606 कुल बकाया 48706 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 48706 | नाम जितेन्द्र कुमार राणा पता फ्लैट नंबर 006, टावर ई, केडब्ल्यू सृष्टि राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201001, ऋण खाता सं. 919060020903391 कुल बकाया 48528.67 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम गाजियाबाद (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 48528.67 | नाम कुलदीप सिंह पता मकान नंबर 624ई/6, प्रथम तल, लेफ्ट साइड, गोविंदपुरी, कालकाजी, निकट राइजिंग प्ले स्कूल, नई दिल्ली -110019 ऋण खाता सं. 918060004036551 कुल बकाया 56893.61 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम नोएडा (यूपी) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 56893.61 |
| | | नाम अन्नू राय राणा पता मकान नंबर 1008 38 गली नंबर 53, संजय कालोनी सेक्टर-23, फरीदाबाद, हरियाणा-121005 ऋण खाता सं. 919060070883506 कुल बकाया 48954 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम फरीदाबाद (एचआर) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 48954 | नाम अरविंद कुमार पांडे पता जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल एलीफैंटा लेन, सेक्टर बी10' मार्किट के पीछे, नई दिल्ली-110075, ऋण खाता सं. 918060107622260 कुल बकाया 26634 (लागू नहीं किया गया ब्याज और अन्य वित्तीय प्रभार, शुल्क और क्षतियां शामिल नहीं) शाखा नाम द्वारका, दिल्ली (डीएल) | शुद्ध ग्राम/मूल्य रू. 26634 |

**निविदा के निबंधन और शर्तें**

उपरोक्त आधार मूल्य अंतिम मूल्य नहीं है। निविदादाताओं को वास्तविक आधार मूल्य नीलामी के उस दिन/तिथि को दिया जाएगा जब नीलामी बोली पर विचार किया जाएगा।
निर्धारित में ऑफर्स संबंधित शाखा पदाधिकारी को 25 जनवरी, 2021 को कार्य समय के दौरान सौंपी जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
उक्त सम्पत्तियां "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो भी है" तथा "कोई उपाय नहीं" आधार पर बिक्री हेतु प्रस्तावित हैं। बैंक उक्त सम्पत्ति के संबंध में मानक, शुद्धता तथा/अथवा किसी अन्य देयता, कर, यदि कोई, का कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता है।
बैंक द्वारा निविदाएं नीलमी की तिथि को निम्नवर्णित दिन और समय पर ऐच्छिक उपस्थित निविदादाताओं की मौजूदगी में, अन्य के साथ, उनकी संबंधित ऑफर बढ़ाने/संशोधित करने के लिए खोली जाएंगी।

1. शाखा (फरीदाबाद) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
2. शाखा (कालकाजी), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
3. शाखा (लाजपत नगर) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
4. शाखा (नोएडा), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
5. शाखा (सेक्टर-14, गुरूग्राम) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
6. शाखा (तिलक नगर), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
7. शाखा (द्वारका) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
8. शाखा (गाजियाबाद), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
9. शाखा (शालीमार बाग) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
10. शाखा (सेक्टर 16 फरीदाबाद), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
11. शाखा (विकास पुरी) नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
12. शाखा (अशोक विहार), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.
13. शाखा (नजफगढ़), नीलामी की तिथि (25 जनवरी, 2021) तथा नीलामी का समय 12 – 3 बजे अप.

बैंक का, इसके एकमात्र विवेकानुसार, ऑफर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री हेतु प्रस्तावित/उक्त सम्पत्ति की बिक्री से उत्पन्न कोई भी विवाद/मतभेद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के अनन्य न्यायाधिकार क्षेत्र के तहत होंगे।
तिथि : 15-01-2021,
स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दिल्ली में हफ्ते में 4 दिन लगेगा टीका



## एक केंद्र पर एक दिन में करीब 100 लोगों को लगेगी वैक्सीन, राजधानी में होंगे 81 सेंटर : सीएम केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान 16 जनवरी शनिवार से देशभर में शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस अभियान को शुरू करेंगे। राजधानी में भी वैक्सीनेशन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को वैक्सीन लगाई जाएगी। एक केंद्र पर एक दिन में करीब 100 लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी और पूरी दिल्ली में 81 केंद्रों पर रोजाना 8100 लोगों को वैक्सीन दी जाएगी। पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जाएंगी, इसके लिए 2 लाख 40 हजार स्वास्थ्यकर्मी अभी तक पंजीकरण कर चुके हैं। अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कोविड वैक्सीनेशन को लेकर दिल्ली सरकार की तरफ से की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अधिकारियों ने तैयारियों का पूरा खाका पेश किया।

इसके बाद केजरीवाल ने डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में कोरोना की वैक्सीन लगने का काम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज सुबह उन्होंने अपनी टीम के साथ सारी तैयारियों का जायजा लिया। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी टीमें लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए तैयार हैं। पहले दिन यानि 16 जनवरी को 81 जगहों पर वैक्सीन लगाई जाएंगी। एक-एक जगह पर 1 दिन में लगभग 100 लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी। हफ्ते में 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी। बुधवार और शुक्रवार को कोरोना वैक्सीन लगाने का काम नहीं होगा, क्योंकि इन दो दिनों में नियमित रूप से दूसरी बीमारियों के लिए वैक्सीन लगाई जाती हैं।

ऐसे में वह नहीं चाहते हैं कि दूसरी बीमारियों के लिए जो नियमित रूप से टीकाकारण किया जाता है, उसका काम प्रभावित हो। रविवार को अवकाश होने के कारण वैक्सीनेशन का काम नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआत में विभिन्न इलाकों में 81 केंद्रों पर वैक्सीनेशन का कार्य शुरू कर रहे हैं। कुछ दिनों में इसको बढ़ाकर 175 केंद्र कर दिए जाएंगे और इन 175 केंद्रों को कुछ दिनों में बढ़ाकर 1000 केंद्र बनाने की योजना है।

केंद्र सरकार से उन्हें अभी तक 2 लाख 74 हजार वैक्सीन की डोज मिली हैं। एक व्यक्ति को दो डोज लगेंगी। इसके अलावा केंद्र सरकार 10 प्रतिशत डोज अतिरिक्त देती है, ताकि टूट-फूट होने पर उपयोग में लाई जा सके। उम्मीद करते हैं कि अगले कुछ दिनों के अंदर स्वास्थ्य कर्मियों के लिए वैक्सीन के डोज की और जरूरत पड़ेगी वह भी जल्द आ जाएंगी। पिछले एक साल से कोरोना की वजह से सब लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं, बहुत ज्यादा दुखी और तकलीफ में है। इन वैक्सीन के आने के बाद वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि अब देश दुनिया के लोगों को कोरोना वायरस से मुक्ति मिलेगी।

## पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 340 मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी में धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम रही है। गुरुवार को दिल्ली में केवल 340 कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने



आए। पिछले 24 घंटे में 71325 कोरोना टेस्ट किए गए। वहीं आधा प्रतिशत से कम की पॉजिटिव रेट रहा। गुरुवार को 390 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

दिल्ली सरकार करीब 96 लाख कोविड-19 टेस्ट करा चुकी है। अभी दिल्ली में केवल 2037 सक्रिय मरीजे बचे है। वहीं कुल मौतों का आंडा 10722 पहुंच गया है।

## बेशक आप सरकार कोविड-19 से निपटने में अत्यधिक सक्रियता से काम करेगी: हाईकोर्ट





***नई दिल्ली।*** *दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे कोई संदेह नहीं है कि कोविड-19 पर एक समिति की सिफारिशों पर गौर कर रही शहर की आप सरकार राष्ट्रीय राजधानी में महामारी से और मरीजों के इस रोग से उबरने के बाद पेश आने वाली समस्याओं से निपटने में अत्यधिक सक्रियता से काम करेगी। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल की गई एक स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह टिप्पणी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर विचार कर रही है, जिसमें कोविड से उबरने के बाद जूझ रहे लोगों को टेलीमेडिसीन सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना शामिल है।*

## मकर संक्रांति: उड़ी-उड़ी रे पतंग...



फोटो: रंजन डिमरी।

# स्कूलों ने शुरू की तैयारियां, सैनिटाइज हुए परिसर

- प्रधानाचार्यों ने 10वीं व 12वीं की कक्षा शुरू करने के निर्णय को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने के आदेश के बाद विद्यालयों ने तैयारियां शुरू कर दी है। स्कूल परिसर को पूरी तरह सैनिटाइज किए जा रहा है।

वहीं छात्रों की बीच उचित दूरी और संक्रमण न फैले इसकी व्यवस्था की जा रही है। प्रधानाचार्यों ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय और अच्छा माहौल मिलेगा।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल, शालीमार बाग की प्रधानाचार्य अल्का कपूर ने कहा, "छात्रों को स्कूल बुलाने के निर्णय से उन्हें अपनी आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, स्कूल प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कई कदम उठाएंगे कि छात्र संक्रमण से सुरक्षित रहें। छात्रों के आने-जाने का सबसे सुरक्षित तरीका यही होगा कि छात्रों को उनके माता-पिता और अभिभावकों के निजी वाहनों द्वारा स्कूल पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा, एक समय में, केवल कुछ छात्र ही कक्षा में उपस्थित होंगे जिससे स्कूल अधिकारियों को छात्रों के बीच उचित शारीरिक दूरी बनाए रखने और संक्रमण के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार ने बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर 18 जनवरी से 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए स्कूलों को फिर से खोलने की अनुमति दी है।

हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि शारीरिक उपस्थिति अनिवार्य नहीं है और छात्र अभिभावकों की सहमति से ही स्कूल जाएंगे। बहरहाल, कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पिछले साल बंद होने के 10 महीने बाद राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल फिर से खुलने जा रहे हैं, जिसके लिए शिक्षा निदेशालय ने निर्देश जारी किया है कि सोमवार से स्कूलों में कक्षाएं शुरू होने पर कोविड-19 रोकथाम हेतू सभी दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

## दिल्ली सरकार ने तीनों निगमों को जारी किए 938 करोड़ रु

- भाजपा ने एमसीडी को बनाया दिवालिया : मनीष सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिल्ली नगर निगमों के कर्मचारियों के वेतन के लिए दिल्ली सरकार ने 938 करोड़ जारी किया है। निगम नेता ना खा जाएं। सिसोदिया ने कर्मचारियों की पीड़ा देखकर मुख्यमंत्री के आदेश पर दिल्ली सरकार ने अन्य योजनाओं से निकालकर इन रुपयों का इंतजाम किया है। मनीष सिसोदिया व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 साल पहले एमसीडी की सत्ता में आई बीजेपी ने तीनों नगर निगमों को पूरी तरह दिवालिया बना दिया।



कर्मचारियों की सैलरी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा को कटघरे में खड़ा करती रही है। अब दिल्ली सरकार ने सीधे तौर पर भाजपा व नगर निगम को निशाने पर लिया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने 14 सालों में एमसीडी को दिवालिया बना दिया है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे इन पैसों पर नजर रखें। कहीं केजरीवाल सरकार की तरफ से भेजे गए इन पैसों को भी भाजपा उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बैंक खाते में मात्र 12 करोड़ रुपए बचे हैं जबकि पूर्वी नगर निगम के पास मात्र 99 लाख रुपये हैं। एमसीडी पर दिल्ली सरकार का 6276 करोड़ रुपया बकाया है। अब नगर निगम के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। साफ-सफाई, बिल्डिंग नक्शे संबंधी काम के लायक भी नहीं रह गई है एमसीडी। सफाई कर्मियों, शिक्षकों, मेडिकल स्टाफ इत्यादि को वेतन नहीं मिल रहा है।

## 'बच्चों में सवाल पूछने की आदत डालने वाले शिक्षक हो तैयार'

- एससीईआरटी और डाइट पुनर्गठन की दिशा में उठे महत्वपूर्ण कदम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि ऐसे शिक्षक तैयार करने हैं, जो बच्चों में सवाल पूछने की आदत डाल सकें। टीचर्स ही समाज को बदल सकते हैं। इसलिए उनके अंदर वो जज्बा लाना है।

टीचर्स ट्रेनिंग के जरिए हमें यह मुकाम हासिल करना है। उन्होंने यह बात बृहस्पतिवार को एससीईआरटी और डाइट के पुनर्गठन पर आयोजित कार्यक्रम में कही। सिसोदिया ने कहा कि एससीईआरटी को टीचर्स ट्रेनिंग में अहम भूमिका निभानी है। किसी भी देश में शिक्षा का स्तर किस ऊंचाई तक बढ़ सकता है, यह बात सिर्फ टीचर्स के प्रयासों पर निर्भर करती है। दुनिया के जिन देशों में एजुकेशन काफी शानदार हो रही है, उनमें यही देखा गया है। उन देशों ने अपने टीचर्स की ट्रेनिंग पर काफी ध्यान दिया है। दिल्ली सरकार ने भी पिछले कई वर्षों में टीचर्स ट्रेनिंग पर बहुत काम किया है। अब एससीईआरटी में पोस्ट और सैलरी बढ़ाई है ताकि प्रतिभा को सम्मान मिल सके। उन्हें यूजीसी स्केल दिया गया है। देश में एकमात्र दिल्ली है जहां एससीईआरटी को यह सम्मान मिला है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर अच्छे मुकाम तक पहुंचाने में टीचर्स की सबसे अहम भूमिका होती है। इसके लिए अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छा माहौल और वेतन सुविधा आदि जरूरी है।

## बुद्ध नगर में सीवर प्रणाली में होगा सुधार : चड्ढा

**नई दिल्ली।** बुद्ध नगर में सीवर व्यवस्था में बड़े स्तर पर सुधार होगा। साथ ही मैनहोल भी बनाए जाएंगे। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और राजेंद्र नगर के विधायक राघव चड्ढा ने बुद्ध नगर के डी-ब्लॉक में मैनहोल और सीवर लाइन के काम का उद्घाटन किया। उन्होंने इलाके के लोगों को भरोसा दिया कि यह काम तय समय पर पूरा किया जाएगा।

राघव चड्ढा ने कहा कि सीवेज की समस्या का समाधान तभी हो सकता है, जब हर घर तक चालू सीवरेज लाइन हो। वह क्षेत्र में रहने वालों विश्वास दिलाते है कि सीवेज लाइन से जुड़ी समस्या पांच महीने के भीतर खत्म हो जाएंगी।

## शीतलहर जारी, सुबह में कोहरा व छाए रहे बादल

**नई दिल्ली।** राजधानी मृं न्यूनतम तापमान गिरकर दो डिग्री सेल्सियस हो जाने के कारण भीषण शीत लहर की चपेट में आ गई है तथा राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह घने से मध्यम कोहरे के कारण पालम में दृश्यता स्तर 100 मीटर और सफदरजंग में 201 रहा।

लोधी रोड और रिज मौसम स्टेशनों ने क्रमश: 2.4 और 3.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मैदानी इलाकों में चल रही ठंडी और उत्तरी-उत्तरपश्चिमी हवाओं के कारण उत्तर भारत में तापमान और गिर गया है।

## बर्ड फ्लू निरीक्षण में शिक्षकों की नहीं लगेगी ड्यूटी

- शिकायत मिलने के बाद डिप्टी सीएम ने दिया सभी डीएम को आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बर्ड फ्लू की स्थिति के मद्देनजर शिक्षकों को निरीक्षण ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा।

ऐसी शिकायतें मिली थी कि शिक्षकों को बाजारों और अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण कर यह देखने को कहा गया था कि बर्ड फ्लू के मद्देनजर दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा या नहीं। सिसोदिया ने ट्वीट किया, बर्ड फ्लू के मद्देनजर कुछ जिलों से शिक्षकों को निरीक्षण की ड्यूटी में लगाए जाने की शिकायतों मिली थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शिक्षकों को इस ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है।

जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिना इजाजत के शिक्षकों को ऐसी ड्यूटी में ना लगाएं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गाजीपुर पोल्ट्री बाजार को खोलने का बृहस्पतिवार को निर्देश जारी किया। बाजार से लिए गए 100 नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं होने के बाद उन्होंने यह आदेश दिया। एक दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में नगर निगमों ने दुकानों और रेस्तरांओं के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत चिकन बेचने तथा रखने पर रोक लगा दी थी। राष्ट्रीय राजधानी में कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के तीन दिन बाद ए परिणाम आए हैं।

कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली सरकार ने सोमवार को शहर के बाहर से लाए जाने वाले प्रसंस्कृत एवं पैकेटबंद चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी थी। 10 दिन के लिए थोक पोल्ट्री बाजार भी बंद कर दिया था। पिछले एक सप्ताह में संजय झील में कई बत्तख और शहर के विभिन्न पार्कों में कई कौए मृत पाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



गरीबों को कपड़े बांटते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र।

### जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े और कंबल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ाके की ठंड में आजादपुर, राजौरी गार्डन, जगतपुर चौक सिग्नेचर ब्रिज शरणार्थी शिविरों व सड़क पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच गर्म कपड़े तथा कंबल बांटे परिषद के दिल्ली प्रदेश मीडिया प्रमुख आशुतोष सिंह ने बताया की लगातार पड़ रही ठंड के मद्देनजर संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों से अनुरोध किया है जो कपड़े या कंबल आदि उनके उपयोग में नहीं आ रहे हैं उन्हें दान में दे दें। साथ ही नए कंबलों व कपड़ों आदि का वितरण भी हो रहा है। आजादपुर के पास स्थित एक बस्ती में कंबल वितरण कार्यक्रम में त्रीनगर इकाई के संयोजक सागर ने कहा इस बार कई दिन पहाड़ी क्षेत्रों से भी कम तापमान चला गया ऐसे में छात्रों ने चंदा इकट्ठा कर नए कंबल लिए और जरूरतमंदों लोगों के बीच वितरित कर रहे हैं। जिन बस्तियों में संगठन के लोग वस्त्र वितरण के लिए गए वहां उन्होंने देखा की बड़ी संख्या में लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की जरूरत है। वे अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहायता के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में चौथी मंजिल पर स्थित एक कमरे में बृहस्पतिवार की दोपहर को मामूली आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दमकल विभाग के अनुसार, उन्हें अपराह्न एक बजकर 24 मिनट पर फोन पर आग लगने की सूचना मिली। अस्पताल की चौथी मंजिल पर स्थित ओपीडी ब्लॉक के एक कमरे में आग लग गई जिसका इस्तेमाल नर्सिंग कर्मी करते हैं। अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सात दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया और अपराह्न 1.40 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# एनडीएमसी की अनूठी पहल, प्लास्टिक लाओ मास्क पाओ

## सचिव बी.एम मिश्रा, वित्तीय सलाहकार पुष्कल उपाध्याय व यूएनडीपी के प्रतिनिधि प्रभजोत सोढ़ी ने की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने कोविड-19 महामारी के प्रति लोगों को अनूठे तरीके से जागरूक करने की पहल की है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ मिलकर एनडीएमसी ने खान मार्केट में प्लास्टिक लाओ, मास्क पाओ अभियान शुरू किया है। इससे लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई बनाए रखने के साथ-साथ कोरोना के प्रति सतर्क रहने और मास्क पहनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के चेयरमैन धर्मेंद्र ने इस अनूठी मुहिम की सराहना करते हुए इसे कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए उचित व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने बताया कि आज तक चरखा पार्क क्योस्क में 2 मेट्रिक टन प्लास्टिक कचरे को जमा किया जा चुका है और उसके बदले लाने वाले को मास्क बांटे गये है।

इस अभियान का मकसद कोविड -19 से बचने के लिए मास्क के इस्तेमाल पर जोर देना है और उस बेकार कचरा प्लास्टिक के बदले उपयोगी उत्पादों में पुनर्प्राप्त करने और रीसायकल करने की आवश्यकता पर बल देना है। इसके अलावा प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग करने को प्रोत्साहित करके समाज को इस जिम्मेदारी की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। इस अभियान





के तहत प्लास्टिक के जिम्मेदार उपयोग और इसके निपटान को बढ़ावा देने के लिए चरखा संग्रहालय कनॉट प्लेस तथा खान मार्केट में दो संग्रह केंद्र स्थापित किये गए है। खान मार्केट संग्रह केंद्र में 80-100 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा रोजाना एकत्रित करने का लक्ष्य है ।

व्यवहार परिवर्तन पर खान मार्केट में एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, इसके बाद गणमान्य अतिथियों से सफाई सेवकों और कचरा इकठ्ठा करने वालों को प्लास्टिक कचरे के बदले मास्क वितरित किये गए।

सफाई कर्मचारी इस पहल के अंतर्गत जागरूक और प्रोत्साहन करने के लिए प्रत्येक दुकान पर जायेंगे ।इस क्योस्क से आगंतुकों को बेकार प्लास्टिक उत्पादों को लाने और उसके बदले कपड़े के मास्क के प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रतिज्ञा भी लेने के लिये उनको प्रेरित किया जाएगा । इन मिनी कलेक्शन सेंटर में स्कूल, कॉलेजों और छात्रों की भागीदारी सहित सामुदायिक गतिविधियों की पूरी श्रृंखला के साथ इसे सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खोला जाएगा।

## लोन के खेल में बहन समेत दो भाई पहुंचे जेल

- तीनों ठगी का चला रहे थे रैकेट, बैंक को 2.70 करोड़ का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजेश अग्रवाल



हरीश अग्रवाल

आर्थिक अपराध शाखा ने लोन लेकर बैंक को 2.70 करोड़ का चूना लगाने वाले तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों की पहचान हरीश अग्रवाल उसके भाई राजेश गोयल और उसकी बहन के रूप में हुई है। हरीश डायरेक्ट सेलिंग एजेंट (डीएसएस) है। तीनों आरोपित मिलकर ठगी का रैकेट चला रहे थे। आरोपियों ने एक महिला की कोहाट एंक्लेव पीतमपुरा में एक मकान के फर्जी दस्तावेज पर बैंक से लोन लिया था।

आर्थिक अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त डा. ओ.पी. मिश्रा ने बताया कि बचन सिंह कपूर ने पुलिस को बताया था कि उनकी मां सावित्री देवी के नाम से कोहाट एंक्लेव में दो फ्लैट हैं।

वर्ष 2018 में उन्हें पता चला कि हरीश अग्रवाल व अन्य ने उस संपत्ति को गिरवी रख एक्सिस बैंक से 2.70 करोड़ रुपये का लोन ले रखा है। उसी प्रापर्टी पर उन्होंने भी वर्ष 2015 में एक्सिस बैंक से 2.10 करोड़ रुपये का लोन प्राप्त किया था।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि पीड़ित द्वारा लोन लेने के बाद हरीश अग्रवाल भाई राजेश गोयल और उसकी बहन ने फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। उन्होंने एक्सिस बैंक को लीगल नोटिस भेजा जिसके बाद उन्हें लोन का पता चला। लोन की किश्त भी उनके द्वारा नहीं चुकाई जा रही थी जिसके चलते इस प्रॉपर्टी को जप्त करने की प्रक्रिया बैंक द्वारा की जा रही थी।

उन्होंने असली मालिक के नाम से बैंक में फर्जी खाता भी खोला लिया था। खाते का संचालन हरीश अग्रवाल खुद कर रहा था। बाद में पता चला कि हरीश अग्रवाल डीएसए है और लोगों को अलग-अलग बैंकों से लोन दिलाने का काम करता है। उसने पीड़ित की संपत्ती के कागजात का गलत इस्तेमाल कर ठगी की थी। पुलिस ने बैंक के साथ ही सब रजिस्ट्रार से भी संपत्ति के दस्तावेज जांचे। उन्हें पता चला कि आरोपियों ने बैंक से लोन लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

# मकर संक्रांति पर बड़े-बुजुर्गों का किया मान-सम्मान

**गुरुग्राम।** शहरी व ग्रामीण आंचल में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने अपने बड़े बुजुर्गों को उपहार में नये वस्त्र, नगद राशि, तिल के लड्डू, गजक आदि भेंट करके उनकी चरण वंदना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त करके सभी परम्पराओं को पूर्ण किया।

माया शर्मा, चंद्र कांता यादव, प्रेम सैनी, सुशीला सैनी, लता सैनी, मुन्नी यादव, पूर्व नगर पार्षद नीरू शर्मा, सुमन सैनी, बिमला सैनी, लक्ष्मी सैनी, गीता सैनी, ज्योति, भारती, योगिता शर्मा, तारो सैनी, नीशा सैनी, रजनी, ओमवती शर्मा, राधा सैनी, कौशल्या यादव, आदि ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति पर्व मनाने को लेकर अनेकों दंत कथाएं जुड़ी है। मकर संक्राति को मनाने की सभी की अपनी परम्पराएं है। किसी के लिए तिल-गुड़ के बिना यह त्योहार अधूरा है, तो कहीं दाल-चावल और तिल दान किए जाते हैं। वहीं, इस दिन खिचड़ी बनानी शुभ मानी जाती है। इसके अलावा खिचड़ी दान भी करने की परम्परा है। ऐसे में क्या आप जानते हैं कि खिचड़ी क्यों मानी जाती है शुभ और सेहत से जुड़े फायदे हैं और दिन खिचड़ी खाने से सूर्यदेव प्रसन्न होते है। इस दिन खरीफ की फसलों चावल, चना, मूंगफली, गुड़, तिल उड़द इन चीजों से बनी सामग्री से भगवान सूर्य और शनि देव की पूजा की जाती है।

# कोरोना से जंग जीत ड्यूटी पर लौटीं नर्सिंग ऑफिसर इंदू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## एम्स के डॉ. बीआर अंबेडकर आईआरसीएच में हैं कार्यरत

## ड्यूटी के दौरान ही हुई थी कोरोना संक्रमित

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डा. भीम राव अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (डा. बीआरए आईआरसीएच) में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला ने कोरोना से जंग जीत ली है। वे ड्यूटी के दौरान ही कोरोना संक्रमित हुई थीं। होम आईसोलेशन में रहने के बाद उनकी कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

अपनी ड्यूटी के प्रति सदा कर्तव्यनिष्ठ रहने वालीं नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला विशेष बातचीत में कहती हैं कि जिस प्रोफेशन में हम हैं, वह अपने आप में एक जिम्मेदारी भरा काम है। साथ ही सेवा का एक माध्यम भी। नर सेवा नारायण सेवा का उद्देश्य लेकर वे मरीजों की सेवा करती हैं। इंदू बाला का कहना है कि नर्सिंग ऑफिसर के रूप में उन्हें यह सिर्फ एक जॉब नहीं मिली है, बल्कि इंसानियत की सेवा करने का मौका मिला है। वे कहती हैं कि जिस काम को भी करें, हम उसे पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। नर्सिंग ऐसा प्रोफेशन है, जो कि हमें बेहतर भविष्य बनाने के साथ-साथ दीन-दुखियां, बीमारों की सेवा का



नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला।

अवसर प्रदान करता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम नर्सिंग को सिर्फ एक प्रोफेशन मानकर काम करते हैं या फिर सेवा का माध्यम। इंदू बाला का कहना है कि उनकी नजर में तो यह प्रोफेशन चुनकर उन्होंने समाजसेवा का रास्ता चुना है। सेवा का कोई रूप नहीं होता। वह आप रास्ते चलते भी कर सकते हैं और अपने काम करते हुए भी। अस्पताल में मरीजों को सिर्फ बीमारी का दवाओं से उपचार ही नहीं, बल्कि उनका मानसिक उपचार, उनकी मानसिक स्थिति को ठीक रहना, उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना होता है। और यह सब नर्सिंग करती हैं।

## मरीजों में जगाती हैं जीने की नई उम्मीद

**नर्सिंग** ऑफिसर इंदू बाला कहती हैं कि नर्सिंग स्टाफ (नर्सिंग सिस्टर) मरीजों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़कर उनमें जीने की नई ऊर्जा, उम्मीद जगाती हैं। क्योंकि बीमार होकर व्यक्ति जब अस्पताल के बेड तक पहुंच जाता है और उसकी स्थिति गंभीर होती है तो उसे जिंदगी मिलने से ज्यादा खोने का डर रहता है। इसी डर में वह मानसिक रूप से टूट जाता है। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। मरीज को मानसिक मजबूती देकर उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक करना ही नर्सिंग की सफलता होती है। इसलिए नर्सिंग स्टाफ को सिस्टर का दर्जा भी दिया गया है। क्योंकि वे एक मां, बहन की तरह ही मरीज की देखभाल करती हैं। जिस तरह से हम अपने परिवार में किसी की देखभाल करते हैं, ऐसे ही अस्पताल में सिस्टर देखभाल करती हैं। इंदू बाला कहती हैं कि इस प्रोफेशन को चुनकर उन्हें इंसानियत की सेवा को और भी बेहतरी से करना सीखा है। कोरोना से संक्रमित होकर भी उनकी हिम्मत नहीं टूटी, बल्कि ठीक होकर पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ, दृढ़ निश्चय के साथ अपने काम पर लौट आई हैं।

# बदमाशों को लूटी हुई कार समेत काबू किया

**सोहना।** भोंडसी थाना की नाक के नीचे शराब के नशा में कार लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मात्र 14 घंटे में गिरफ्तार कर लूटी गई कार भी बरामद कर ली। अदालत ने गिरफ्तार कार लुटेरों को जेल भेज दिया है।

बुधवार रात गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर भोंडसी थाना से मात्र एक किलोमीटर दूर कार में बैठकर शराब पी रहे तीन युवकों ने कंपनी कर्मचारी को पीटकर कार लूट ली। बंगाल मूल निवासी कंपनी कर्मचारी नूरआलम पुत्र अलीमुद्दीन अपने मालिक सुन्दर पहलवान के साथ भोंडसी थाना में शिकायत दी। भोंडसी पुलिस ने लूटी गई कार और बदमाशों की तलाश तत्परता से करते हुए मात्र 14 घंटे में लुटेरों को कार समेत गिरफ्तार कर लिया।

# गुरुग्राम पहुंची पांच जिलों की कोरोना की वैक्सीन

## पटौदी में कोल्ड स्टोरेज में रखवाईं वैक्सीन सिविल सर्जन ने मौके पर किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जिला** में गुरुवार को कोरोना वैक्सीन की पहली खेप पटौदी कोल्ड चेन प्वाइंट पर पहुंची। इस कोल्ड चेन प्वाइंट पर पांच जिलों की कोरोना वैक्सीन रखी गई है, जिनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी और पलवल शामिल हैं। गुरुग्राम के पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार व सिविल सर्जन डॉ. विरेन्द्र यादव ने वैक्सीन प्राप्त करके अपनी देखरेख में वैक्सीन को कोल्ड चेन प्वॉइंट में रखवाया।

गुरुग्राम जिले को पांच जिलों के लिए 85 हजार 400 कोविशील्ड वैक्सीन प्राप्त हुई हैं। पटौदी कोल्ड चेन प्वांइट से ये वैक्सीन चयनित पांच जिलों में भेजी जाएंगी। वैक्सीन की खेप को सुरक्षित व सावधानी के साथ कोल्ड चेन प्वाइंट में रखवा दिया गया है और सरकार के निर्देशानुसार टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। गुरुग्राम जिला के लिए 44 हजार 950, फरीदाबाद के लिए 22 हजार 620, नूंह के लिए 7120, पलवल के लिए 5090, रेवाड़ी के लिए 5700 वैक्सीन की डोज प्राप्त हुई है। सिविल सर्जन डा. यादव के मुताबिक जिला में गुरुवार रात को कोवैक्सीन की भी डिलीवरी हो जाएगी। कोवैक्सीन तीन जिलों के लिए आएगी, जिनमें गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलो के लिए 4200-4200 और पलवल के लिए 3000 डोज होगी। इस प्रकार इन तीनों जिलों के लिए कोवैक्सीन की कुल 11 हजार 400 डोज मिलेंगी।



गुरुग्राम के खंड पटौदी में 5 जिलों की वैक्सीन रखते कर्मचारी। मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव और अन्य।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे शुरुआत

**बता** दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वैक्सीन लगाने के अभियान की शुरुआत करेंगे। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम वजीराबाद के जोहड़ी वाले लड़कियों के सरकारी विद्यालय में बनाए गए केंद्र में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू भी होंगे। पहले स्वास्थ्यकर्मियों को 16 जनवरी को छह केंद्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। जिन केंद्रों पर यह वैक्सीन लगाई जाएगी, उनमें वजीराबाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौलताबाद, मेदांता द मेडिसिटी सेक्टर-39, अर्बन पीएचसी चोमा, एसजीटी मेडिकल कॉलेज गुरुग्राम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भांगरोला शामिल हैं।

# ननि में शामिल गांवों से न लिया जाए हाउस टैक्स : इंद्रजीत सिंह



गुरुग्राम के गांव शिकोहपुर में आयोजित समारोह में बोलते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मानेसर नगर निगम के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिस पर चिंता व्यक्त की गई है कि अब हमारी जेब से हाउस टैक्स के नाम पर पैसा निकाला जाएगा। इस बारे में क्या होगा मैं नहीं जानता, पर मेरा प्रयास रहेगा कि मानेसर नगर निगम में शामिल किए गए गांवों के लोगों से हाउस टैक्स न लिया जाए। क्योंकि दिल्ली में ग्रामीणों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाता। साथ ही यह भी कहा कि गुरुग्राम में नगर निगम बना तब भी उनका यही मत था। यह बात उन्होंने गुरुवार को जिले के गांव शिकोहपुर में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन राव अभय सिंह की माता स्वर्गीय नंदकौर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

अपने संबोधन में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार हमारी वजह से बनी है। जब हमारा सरकार बनाने में इतना भारी योगदान हो तो उस हिसाब से हमें महत्व मिलना भी चाहिए। गांव शिकोहपुर की सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-48 से जोड़ने वाले स्थान पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने आश्वासन दिया कि यह ब्रिज बन जाएगा। गांव में ही स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके पिता राव बिरेंद्र सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए उस समय यह केंद्र बनवाया था। इसका फायदा ग्रामीणों को मिलना चाहिए था, लेकिन ग्रामीण कह रहे हैं कि नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस मामले को लेकर वे एक बार फिर गांव के प्रतिनिधि मण्डल के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर से मिलेंगे और इसे हल करवाने का प्रयास करेंगे ताकि उन परिवारों को वहां से ना उजाड़ा जाए। इस अवसर पर पहाड़ की बहतरी 72 पंचायतों की ओर से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

# रसायनिक को छोड़ ऑर्गेनिक खान-पान पर दें ध्यान : नवीन गोयल

## ऑर्गेनिक सब्जियों का सेवन करके बीमारियों से रहें दूर

## कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से हुई ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**स्वस्थ** रहने, स्वस्थ जीवन जीने को जरूरी है कि हम ऑर्गेनिक सब्जियां व अन्य खान-पान की चीजों को अपनाएं। इसी उद्देश्य से गुरुवार को कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत की गई। फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की शुरुआत की।

डीपी गोयल ने कहा कि बीमारियों से लड़कर लोगों को स्वस्थ जीवन देने को जिस तरह से कैनविन फाउंडेशन काम कर रही है। ऑर्गेनिक सब्जियां भी इसी का हिस्सा हैं। उनका प्रयास यही है कि लोगों की सेहत को दुरुस्त रखा जाए। ऑर्गेनिक खान-पान से यह संभव है। सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि आज हमारी थाली में शुद्धता नहीं हैं। शुद्धता मतलब हमारा खान-पान आज यूरिया, गंदे पानी में उगी हुई सब्जियां हम खा रहे हैं। इन सब बातों को देखते हुए ऑर्गेनिक सब्जियां की बिक्री को वे प्रमोट कर रहे हैं। इसी कड़ी में रेवाड़ी में 7 एकड़ जमीन में ऑर्गेनिक सब्जियां उगाई गई हैं। एक साल तक खुद उपयोग करने के बाद उन्होंने इसे गुरुग्राम में बिक्री के लिए चयनित किया है। इस मौके पर भाजपा युवा नेता प्रवीण अग्रवाल, डॉक्टर मंगल, बाली शर्मा, कृष्ण, सतीश तायल, हरदीप गुप्ता, अशोक अग्रवाल, शरद चहल, विनय मंगल समेत सभी ने इस प्रयास को सराहा। लोगों से अपील भी की कि हमें ऑर्गेनिक फूड की अब शुरुआत करनी चाहिए।



गुरुग्राम के सेक्टर-38 में आर्गेनिक सब्जियां ऑन व्हील की शुरुआत करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल व अन्य अतिथि।

## राजीव दीक्षित व डीपी गोयल से मिली प्रेरणा: मुकेश

**कैनविन** फाउंडेशन के सहयोग से ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत करने वाले मुकेश के मुताबिक ऑर्गेनिक क्षेत्र में काम के लिए उन्हें राजीव दीक्षित और कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल से प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि सब्जी हर घर की जरूरत है। इसलिए वे शुद्ध ही होनी चाहिए। यह सत्य है कि आज 80 फीसदी सब्जियां गंदे पानी और रयासनों के छिड़काव से पैदा की जा रही हैं। जो कि एक तरह से जहरीली हैं। बिना कैमिकल और मीठे पानी की सब्जियां वे यहां बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने कैनविन फाउंडेशन का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने उनके इस कार्य में पूर्ण सहयोग करके यहां काम करने का मौका दिया है।

# मकर संक्रांति पर गर्म पानी के कुंड में आस्था की डूबकी

**एन रोहिल्ला।** सोहना

**अगर** धरती पर कहीं स्वर्ग है तो यहीं है-यहीं है। ये शब्द इस भीषण सर्दी में प्राकृतिक गंधकयुक्त गर्मजल सरोवर में स्नान करने वाले स्नानार्थियों के मुंह से अनायास निकल ही जाते हैं। प्राकृतिक गर्मजल सरोवर हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक, पर्यटकों की उत्कंठा का विषय ऐसा पावन स्थल है। जो स्वयं में अनेक विश्वसनीय मान्यताओं को समेटे हुए है। जिसके असीम आशीर्वाद की बदौलत लाखों भक्त पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

देश की राजधानी दिल्ली से करीब 50 किलोमीटर व साइबर सिटी गुरुग्राम से मात्र 25 किलोमीटर दूर अरावली पर्वतमालाओं की तलहटी में स्थित सोहना कस्बा अपनी अद्भुत व प्राकृतिक मान्यताओं के कारण देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी विख्यात है। विश्व प्रसिद्धि के चलते आज भी हजारों की संख्या में पर्यटक पवित्र धरती पर कदम रखते हैं। कस्बे में करीब 800 वर्ष प्राचीन गंधकयुक्त गर्मजल सरोवर (कुंड) ने सोहना का नाम विश्व के मानचित्र पर अंकित कर दिया है। बताया जाता है कि भारतवर्ष में इससे ज्यादा तापमान का गर्मजल अन्य किसी स्थान पर नहीं है। वर्तमान में गर्मजल सरोवर को तीर्थस्थल के रूप में पहचाना जाता है।



सोहना के शिव कुंड गर्म पानी में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़।

**गर्मजल का रहस्य :** प्राकृतिक गंधाक्युक्त गर्मजल के उद्गम व खोज को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां हैं। बताया जाता है कि विक्रम संवत 1584 चतुर्भुज नामक बंजारे ने गर्म पानी की खोज करके इस स्थान का नाम साखमजति महाराज रखा था। 1900 में केशवानंद महाराज ने पवित्र सरोवर की गुंबद पर अष्टधातु निर्मित कलश का निर्माण कराया था।

**गर्मजल सरोवर की मान्यताएं :** प्राकृतिक गर्मजल चरमरोगियों, खांसी, दर्द आदि बीमारियों के लिए रामबाण है। मरीज कई-कई महीने ठहरकर सरोवर में स्नान करके लाभ प्राप्त करते हैं। इसके अलावा शादी ब्याह, जन्ममरण के कार्यक्रमों में स्थानीय निवासी सरोवर के जल का इस्तेमाल करके पुण्य समझते हैं। परिवार में नवजात पुत्र की प्राप्ति पर कस्बेवासी सरोवर की गुंबद पर ध्वजा चढ़ाते हैं। बताया जाता है कि बच्चे की प्राप्ति न होने पर इस तीर्थस्थल पर मनोती मांगने पर इच्छा अवश्य पूर्ण होती है।

**मकर संक्रांति और गंगा स्नान पर विशेष :** वैसे तो पूरे वर्ष इस तीर्थ स्थल पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का ताता लगा ही रहता है। लेकिन वर्ष में दो दिन ऐसे आते हैं जिस दिन यहां स्नान करने वालों की संख्या दो से तीन गुणा बढ़ जाती है। जनवरी माह में मकर संक्रांति और नवंबर-अक्टूबर में आने वाला गंगा स्नान पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ होती है।

**तीर्थस्थल पर विवाद :** 1938 में तीर्थस्थल (गर्म कुंड) के स्वामित्व को लेकर कस्बे के हिन्दू व मुस्लिम जनता के मध्य विवाद हो गया था। मामला लाहौर हाईकोर्ट तक जा पहुंचा था। कई वर्षों तक चली अदालती जंग के बाद हाईकोर्ट ने मुगल सम्राट मोहम्मद जलालुद्दीन अकबर के दरबारी कवि अबुल फज़ल द्वारा रचित पुस्तक आइनादृए-अकबरी के तहत निर्णय हिन्दुओं के पक्ष में दिया था।

# गुडइयर इंडिया ने अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## यह पहल कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगी

**गुडइयर** इंडिया लिमिटेड, अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत फरीदाबाद सिविल अस्पताल में पर्सनल प्रोटेक्टिव और क्वारेंटाइन वार्ड इक्विपमेंट उपलब्ध कराएं। यह पहल कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगी, जो आज की जरूरत है। यह प्रोजेक्ट अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

साझेदारी के तहत, गुडइयर इंडिया लिमिटेड कोविड-19 के रोगियों के इलाज के लिए महत्वपूर्ण उपकरण दान करके फरीदाबाद सिविल अस्पताल की मदद कर रहा है। इनमें बेडसाइड वेंटिलेटर, मल्टीपारा मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर आदि उपकरण शामिल हैं। गुडइयर इंडिया लिमिटेड महत्वपूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा गियर जैसे कि पीपीई किट, एन 95 मास्क, 3 प्लाई मास्क और सैनिटाइजर प्रदान करके फ्रंटलाइन स्टाफ की मदद कर रहा है। फरीदाबाद में कोविड रोगियों के इलाज के लिए सिविल अस्पताल में सभी सुविधाएं मुहैया की जा रही है। यहां अच्छी तरह से प्रशिक्षित चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय कर्मचारियों और अनुभवी तकनीशियनों की एक टीम, कोविड रोगियों के इलाज के लिए 24×7 काम कर रही है।

अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन इन उपकरण के वितरण में मदद करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अस्पताल में इनका उचित इस्तेमाल किया जाए। गुडइयर इंडिया के एमडी, संदीप महाजन ने कहा कि कोविड 19 के इन अभूतपूर्व समय में गुडइयर की मदद से बोझिल सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। हमारा उद्देश्य एक सुरक्षित और स्वस्थ देश को बनाने में मदद करना है, और अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से, हम अपने आसपास के क्षेत्रों में कुछ सकारात्मक परिवर्तन लाने की उम्मीद करते हैं। ये वास्तव में चुनौतीपूर्ण समय हैं और इसलिए, महामारी के कारण हमारे सामने आई चुनौतियों को दूर करने के लिए हमें एक सहयोगी और सहभागी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

सिविल अस्पताल फरीदाबाद के मुख्य सर्जन डॉ रणदीप सिंह पूनिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, कोविड -19 महामारी से लड़ने की दिशा में हर कदम का मतलब है कि हम एक और जान बचाने में सफल हुए है। कोविड -19 के खिलाफ हमारी लड़ाई में सिविल अस्पताल, फरीदाबाद की मदद करने के लिए हम गुडइयर इंडिया को धन्यवाद देते हैं।

# बीएसएफ जवान ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सोहना।** भोंडसी स्थित बीएसएफ कैंप परिसर के क्वार्टर में सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल सिपाही को पहले कैंप परिसर में स्थित अस्पताल और बाद में गुरुग्राम के आरटीमिश अस्पताल में दाखिल कराया है।

भोंडसी स्थित बीएसएफ कैंप बटालियन-95 के कंमाडेंट ने सिपाही द्वारा गले में फांसी लगाने कर जान देने का प्रयास करने की शिकायत दर्ज कराई है। कंमाडेंट राजेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि क्वार्टर नंबर 803 टाइप टू में रह रहे सिपाही सोनू कुमार ने बुधवार सुबह गले में फांसी का फंदा लगा लिया, लेकिन उसे तुरन्त प्रभाव से बचा लिया। कैंप परिसर के अस्पताल के डॉक्टरों ने सोनू कुमार को तुरन्त प्रभाव से गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम के आरटीमिश अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार सिपाही सोनू कुमार का तबादला दिल्ली स्थित बीएसएफ कंपनी में कर दिया था। जिससे निराश होकर सिपाही ने आत्महत्या का प्रयास किया।

# भारत में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर में ज्यादा निवेश की आवश्यकता : डीएस नेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बजट** की तैयारियां जोरों पर हैं। इस दौरान हर सेक्टर वित्त मंत्री से कुछ उम्मीदें लगाए हैं। हेल्थकेयर सेक्टर को भी इस बार बजट से अधिक अपेक्षा है। आरजीसीआईआरसी (राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर) के सीईओ व सेवानिवृत्त आईएएस डीएस नेगी ने कहा, 'मौजूदा महामारी देखते हुए बजट 2021 से हमारी अपेक्षाएं हेल्थकेयर सेक्टर में खर्च के लिए ज्यादा आवंटन से जुड़ी हैं। सबको बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की दिशा में आयुष्मान भारत निसंदेह बहुत सकारात्मक कदम है और इसे सफल बनाए रखने के लिए बजट में और ज्यादा प्रावधान करने की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि भारत में 60 फीसद से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। इस लिहाज से हम



सबसे युवा देश हैं। इसके बावजूद बीमारियों का दबाव भी हम पर ज्यादा है। विशेषतौर पर लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार प्रिवेंटिव हेल्थ एवं वेलनेस सेक्टर के लिए बजट में अतिरिक्त व्यवस्था करेगी। अगर प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप हो और शुरुआती स्टेज में पता चल जाए तो कैंसर के 60 फीसदी मामलों का इलाज संभव है। इससे इस बीमारी के कारण पड़ने वाला खर्च कम किया जा सकता है। प्रिवेंटिव ओंकोलॉजी के लिए विशेष यूनिट बनाकर आरजीसीआईआरसी जैसे इंस्टीट्यूट सक्रियता से काम कर रहे हैं।

पूर्व में दिल्ली सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेट्री (हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर) रहे श्री नेगी ने कहा, 'भारत में आबादी के हिसाब से अस्पतालों में बेड की बहुत कमी है। निजी क्षेत्र को चिकित्सा सुविधाएं आधुनिक करने के लिए टैक्स छूट जैसे कदमों से बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकेगी। इससे ज्यादा निवेश भी आएगा और ज्यादा रोजगार भी सृजित होंगे। श्री नेगी ने कोरोना महामारी के कारण आए बदलाव को भी रेखांकित करते हुए कहा कि इस महामारी ने अप्रत्याशित स्थिति पैदा कर दी थी। इसके पीछे के कारणों में पर्यावरण को हो रहा नुकसान भी शामिल है। दुनियाभर के देशों को इस दिशा में मिलकर प्रयास करना होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और इससे महामारी से भी बड़ा संकट पैदा हो सकता है।

# कोविड वैक्सीन : स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी की

**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कोविड वैक्सीन टीकाकरण के लिए 8 केंद्र बनाए हैं। शुरुआत में छह केंद्रों पर वैक्सीन टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। जरूरत पड़ने पर दो अतिरिक्त केंद्रों पर भी टीकाकरण किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सोहना ब्लॉक में कोविड वैक्सीन टीकाकरण को लेकर शहारी क्षेत्र में तीन और ग्रामीण क्षेत्र में पांच केंद्र बनाए हैं। इनमें दो केंद्र रिजर्व में रखे हैं। जिन्हें आवश्यता पड़ने पर ही चालू किया जाएगा। गुरुवार को नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में पशुपालन विभाग, सीडीपीओ खंड कार्यालय, पंचायत विभाग और सामाजिक संगठन साक्षी से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया।

नागरिक अस्पताल सोहना प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में केडीएम



पब्लिक स्कूल, शिव पब्लिक स्कूल और निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय परिसर में वैक्सीन टीकाकरण केंद्र बनाए हैं। प्रत्येक केंद्र पर कम से कम सौ लोगों को टीका लगाया जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला के प्रभारी डॉ. विकास ने बताया कि उन्होंने पांच केंद्रों में तीन निजी संस्थान और दो राजकीय स्कूलों का चयन किया है। जीडी गोयंका स्कूल, डीवीएम पब्लिक स्कूल और एशियन पब्लिक स्कूल शामिल है। राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल घंघौला और राजकीय मिडल स्कूल दमदमा को अतिरिक्त केन्द्र बनाया गया है।

# बच्चों में गंभीर कुपोषण चिंता का विषय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## कम्युनिटी मैनेजमेंट से ही है उम्मीद : सीमैम एसोसिएशन

**गंभीर** कुपोषण की रोकथाम में उपयोग किए जाने वाले रेडी-टू-यूज थेरेप्यूटिक फूड्स (आरयूटीएफ) के निर्माताओं के संगठन सीमैम एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने बच्चों में गंभीर कुपोषण (सिवीयर एक्यूट मालन्यूट्रीशन – सैम) के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए 5वें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, एनएफएचएस-4 की तुलना में एनएफएचएस-5 में शामिल रहे 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 16 में ऐसे बच्चों का अनुपात बढ़ा है, जो गंभीर कुपोषण से ग्रस्त हैं।

बच्चों में सैम के बढ़ते मामलों की चुनौती से निपटने के लिए, सीमैम एसोसिएशन ने पोषण अभियान के तहत सामुदायिक स्तर पर सैम का सामना करने के लिए नए प्रोडक्ट विकसित करने में सरकार को पूरे समर्थन का भरोसा दिया है। इससे देश में सैम की गंभीर होती स्थिति को संभाला जा सकेगा। जिन राज्यों में गंभीर कुपोषण का अनुपात बढ़ा है, उनमें आर्थिक रूप से मजबूत राज्य जैसे गुजरात और महाराष्ट्र भी शामिल हैं। अन्य राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और लक्षद्वीप हैं। सीमैम एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षत खंडेलवाल ने कहा, एनएफएचएस-4 की तुलना में बाल स्वास्थ्य संकेतकों और टीकाकरण कवरेज में पर्याप्त सुधार एक सकारात्मक कदम है, लेकिन गंभीर कुपोषण वाले बच्चों का अनुपात बढ़ना एक ऐसे देश के लिए अच्छी बात नहीं है जो दुनिया में सबसे युवा आबादी के साथ एक प्रमुख सामाजिक-आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। सीमैम एसोसिएशन प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की पहल को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न पोषण अभियानों में सरकार के साथ कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

सीमैम एसोसिएशन ने कहा कि ऐसे फीडिंग प्रोटोकॉल को लागू करने की तत्काल जरूरत है, जिसमें घर में बने भोजन और उच्च गुणवत्ता वाले ऊर्जा से भरपूर न्यूट्रिशन सप्लीमेंट के साथ उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, अच्छी तरह से पोषित बच्चों की तुलना में सैम से पीड़ित बच्चों में जान जाने का जोखिम नौ गुना अधिक होता है। सीमैम एसोसिएशन ने देश में सैम की जटिल चुनौतियों से निटपने के लिए सरकार, थैरेप्यूटिक फूड निर्माताओं और सिविल सोसायटी के बीच सहयोग की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

# लापरवाही : बीके अस्पताल की जर्जर इमारत में बनाया वैक्सीन स्टोर

कविता। फरीदाबाद

**कोविशील्ड** वैक्सीन की खेप देश के 11 शहरों से होती हुई, प्रदेश के वैक्सीन भंडारण केंद्र करनाल में पहुंची। उसके बाद गुरुग्राम और अब फरीदाबाद में पहुंच गई। जिले में कोरोना वैक्सीन का भंडारण ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और शहर के नागरिक सिविल अस्पताल में बनाया है।

फरीदाबाद जिले को वैक्सीन की खेप 26,820 में से 19980 वैक्सीन ही मिली हैं। जिसके तहत प्रथम चरण में केवल कर्मचारियों को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। बीके अस्पताल में बनाए गए वैक्सीन भंडारण केन्द्र की इमारत पूरी तरह जर्जर हालत में है। यहां मौजूद छत से प्लास्टर तक गिरता है। इमारत में अपातकाल स्थिति से निपटने के कोई साधन नहीं हैं।

## फरीदाबाद जिले को मिली 19980 वैक्सीन

स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दिनों कोरोना टीकाकरण को सफल बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ीकलां, तिगांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौराली, एफआरयू-एक सेक्टर-3, एफआरयू-दो सेक्टर-30 और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में ड्राई रन किया था। इन केंद्रों पर 16 जनवरी से कोरोना वैक्सीन टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। वैक्सीन का टीकाकरण कब और कहां होगा? इसकी जानकारी मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मिलेगी।



जिले में टीकाकरण के लिए सभी 45 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पांच लोगों की टीम का गठन किया है। सभी केंद्रों पर करीब 111 फ्रिज कोल्डचेन बनाए रखने के लिए लगाए गए हैं। जिले में इन स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन 100 लोगों को टीका लगाया जा सकेगा। प्रत्येक केंद्र कम से कम तीन कमरों में टीकाकरण की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। ताकि वैक्सीन लगाने के बाद करीब आधा घंटे तक निगरानी की जा सके। अगर किसी की किसी भी प्रकार का रिएक्शन होता है तो उसे तुरंत ही सिविल अस्पताल या मेडिकल कॉलेज ले जाया जाएगा।

## आपात स्थिति से निपटने के साथन नहीं

**बीके** अस्पताल में सीएमओ कार्यालय के निकट बनी जर्जर इमारत में दफ्तरी का कार्य किया जाता है। इमारत में वैक्सीन को रखने का स्थान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया गया है, लेकिन इस इमारत में अपातकालीन स्थिति से निपटने के कोई साधन नहीं है। फायर सेफ्टी की बात करें, तो यहां न तो आग बुझाने के सिलेंडर है और न ही कोई अन्य साधन उपलब्ध है। कुछ समय पहले इमारत दिव्यांगों के लिए भी खतरनाक साबित हो चुकी है। दिव्यांग यहां सर्टिफिकेट बनवाने आए थे और छत का प्लास्टर गिर गया था, जिससे छत के सरिये तक दिखने लगे हैं।

# घरेलू हिंसा के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** एनएच-पांच स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कानूनी शिक्षा प्रकोष्ठ, जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने डलसा के सौजन्य से प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के बारे में बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य, जेआरसी व एसजेएबी प्रभारी रविन्दर कुमार मनचन्दा ने कहा कि जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से सभी स्कूल और कॉलेज में संबंधित विभागों के सहयोग से बाल अपराधों और अन्य विषयों पर कानूनी शिक्षा के माध्यम से विशेषकर बालिकाओं को कानूनी साक्षरता का ज्ञान उपलब्ध करवाया जाता रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## रक्तदान महादान का दिया शिविर में संदेश



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता व न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के मार्गदर्शन में पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल व संजय गुप्ता ने वुमेंस पावर एनजीओ की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली व रोटरी क्लब फरीदाबाद सिटी के प्रेसिडेंट डॉ हेमन्त अत्री के साथ सेक्टर 12 कोर्ट में रक्त दान शिविर का आयोजन किया। कैम्प के आयोजन में बार प्रधान विवेक रावत, सेक्रेटरी नरेन्द्र शर्मा, ऐडवोकेट अरविंद छावरी अन्य सभी गणमान्य सीनियर अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया। एनजीओ के बच्चों ने लोगों को नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूक किया। रक्त दान शिविर में काफी एडवोकेट व लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। मौके पर वूमेंस पावर की टीम से सभी सदस्य मौजूद रहे। रूपा बरनवाल, शगुन तोमर रिधिमा पराशर, डोली कपूर, सैयद महविश परवीन, मनहर्ष, आशीष पांडे, अमित, उमंग, लीना, मुस्कान सभी यूथ बच्चे भी मौजूद रहे।

## किशोरियों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** जिला सिविल अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद के सौजन्य से मीनू यादव, केंद्र प्रशासिका, वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला शक्ति केंद्र स्कीम के अंतर्गत एक कार्यक्रम (स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही किशोरियों के लिए जैंडर सैंसीसाईजेशन जागरुकता ट्रैनिंग कार्यक्रम) का आयोजन किया। मुख्य अतिथि एसडीएम अपराजिता रहीं। अनीता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमजीजीए रुपाला सक्सेना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, गरिमा सिंह, सीडीपीओ शकुंतला, अनीता गाबा, डॉ. नरेंद्र कौर, जिला सिविल हस्पताल से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और अतिथिगणों ने शिक्षा ग्रहण कर रहीं किशोरियों और आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर को जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा किशोरियों व वर्कर्स की जागरुकता व हौंसला अफजाई के लिए मग व फेस मास्क का वितरण किया। किशोरियों को वन स्टॉप सेंटर व महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के फायदों के बारे में बताया गया। अनचार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की अंकिता सुखवाल ने भी किशोरियों को जागरूक किया और सेनेटरी पेड्स बांटे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा सिंह ने पोक्सो एक्ट व बाल संरक्षण के नियमों के बारे में समझाया।

## हजारों भक्तों ने टेका माथा



**फरीदाबाद।** सिद्धदाता आश्रम में मकर संक्रांति के अवसर पर हजारों भक्तों ने माथा टेका। यहां पीठाधिपति स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने मंदिर के अर्चकों एवं सेवादारों को गर्म कपड़े प्रदान किए। गुरु महाराज ने बताया कि मकर राशि में प्रवेश करते सूर्यदेव का स्वागत करने के लिए मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। दिन से उत्तरायण का भी प्रारंभ होता है। जिसे देवताओं के दिन कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन सूर्यदेव को प्रसन्न करने के लिए जप, तप, स्नान आदि का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान आदि के बाद किए गए दान से विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने मंदिर के अर्चकों एवं आश्रम के सेवादारों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े भी प्रदान किए। गौरतलब है कि आश्रम में हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर गर्म कपड़े बांटे जाने की परंपरा रही है। इसके अलावा आश्रम द्वारा बाहर भी जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े प्रदान किए जाते रहे हैं।

## बीट अफसर और क्राइम ब्रांच अपराधियों पर कसेंगे नकेल



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने अपने कार्यालय सेक्टर 21सी में सभी डीसीपी, एसीपी के साथ क्राइम मीटिंग की। पुलिस कमिश्नर ने अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए साफ तौर पर चुनौती दी है कि अब वह ज्यादा दिन पुलिस की पकड़ से दूर नहीं रह सकते हैं। जो सक्रिय है अब उनका वक्त आ गया है जल्द ही सलाखों के पीछे नजर आएंगे। सिंह ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए प्रत्येक थाना एरिया में तैनात बीट ऑफिसर और क्राइम ब्रांच को दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीट ऑफिसर और क्राइम ब्रांच अपने मुखबिर तंत्र को और ज्यादा मजबूत करेगें ताकि अपराधियों के बारे में खबरें मिलती रहें और उनके खिलाफ शिकंजा कसा जा सके। पुलिस कमिश्नर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 साल से सक्रिय अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने दिशा निर्देश जारी किए हैं कि 5 साल से सक्रिय अपराधियों को तीन श्रेणियों में बांटा जाए। मर्डर, डकैती, लूट, हत्या का प्रयास, गम्भीर चोट, अवैध हाथियार जैसे अपराधों में सक्रिय अपराधियों को विभिन्न श्रेणियों में रखा जाएगा। अपराधियों पर नकेल कसने में थाना पुलिस/बीट ऑफिसर की भूमिका अहम रहेगी। बीट ऑफीसर के द्वारा दी गई जानकारी पर क्राइम ब्रांच रेड कर अपराधियों पर नकेल कसेगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अपराधी अब ज्यादा दिन पुलिस की गिरफ्त से दूर नहीं रह सकते हैं जो अपराधी अपने मन में यह सोच रहे हैं कि वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आएंगे तो यह उनकी भूल है अपराधियों की जगह जेल है और उनको एक दिन वही पर जाना है। इस दौरान उन्होंने सभी डीसीपी एसीपी को सख्त निर्देश दिए हैं कि फरीदाबाद शहर में वह किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के महासचिव डीआर शर्मा ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद का दौरा किया और सचिव विकास कुमार के साथ सोसायटी के कार्यों का मुआयना किया। इस दौरान महासचिव ने कोविड-19 संक्रमण महामारी के दौरान रेडक्रॉस के वालिंयटर के अलावा सोसायटी के साथ मिलकर बचाव कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को प्रशंसा-पत्र वितरित किए और जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे। डीआर शर्मा ने उपायुक्त यशपाल यादव से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की, जहां उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिला रेडक्रास सोसायटी फरीदाबाद की कल्याणकारी गतिविधियों को प्रदेश में सर्वोत्तम करार देते हुए कहा कि चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में लिये गये फैसलों के अनुरूप जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद ने उन पर अमल करते हुए प्रदेशभर में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपायुक्त यशपाल ने डीआर शर्मा को बताया कि राजभवन में हुई बैठक के दौरान लिए गए सभी फैसलों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद ने उन सभी कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों को पहुंचाने के लिए बेहतरीन कार्य किया है। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार सचिव, सहसचिव बिजेंद्र सौरोत तथा सहायक पुरुषोत्तम सैनी आदि मौजूद रहे।

# घूसखोरी : 5 लाख का लेनदेन करते दो डॉक्टर गिरफ्तार

## बीके अस्पताल के चिकित्सक ने जांच में पाए दोषी को किया बचाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**निजी** चिकित्सकों की लापरवाही के कारण आए दिन मरीजों की जान जा रही है और शिकायत करने पर जांच करने वाले सरकारी चिकित्सक अपने निजी स्वार्थ के लिए उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले का खुलासा बीके सिविल अस्पताल में हुआ। जहां जांचकर्ता सिविल अस्पताल के चिकित्सक और आरोपी निजी चिकित्सक को शिकायतकर्ता को पांच लाख रुपये देते हुए राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

### ये है मामला

खजान सिंह के बेटे नवीन ने पिछले दिनों सीएमओ को लिखित में एक शिकायत दी थी। जिसमें उसने कहा था कि एनएच-तीन स्थित प्राची हॉस्पीटल के डॉ. सुरेश पासी की वजह से उसकी मां की मौत इलाज के दौरान हो गई है। जिस पर सीएमओ की तरफ से सिविल अस्पताल के एनेथिसिसिया विशेषज्ञ डॉक्टर नवदीप सिंघल को जांच सौपी गई थी। डॉ. नवदीप ने जांच में पाया कि प्राची अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सुरेश पासी आरोपी है और वह जांच में दोषी पाए जा रहे हैं। जिस पर डॉ. पासी ने डॉ. नवदीप से मामला रफा-दफा कराने की गुजारिश की।

शिकायतकर्ता को बीके अस्पताल में बुलवा कर पांच लाख रुपये में सौंदा तय करा दिया। पीड़ित ने इसकी जानकारी राज्य चौकसी ब्यूरो को दे दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए अधिकारियों ने टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिए। टीम ने बृहस्पतिवार को दोनों चिकित्सकों को पीड़ित पक्ष को पैसे देते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### सुबह से जुटी थी टीम

राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम गुरुवार सुबह से डॉक्टरों की हरकतों पर नजर रख रही थी। दोपहर बाद जब सौदा तय हो गया तो उन्होंने डॉक्टरों को रंगे हाथों पैसे सौंपते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों चिकित्सकों से पूछताछ के बाद आरोपियों को राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम अपने साथ ले गई।

# स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों के धरने को दिया समर्थन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-तीन अग्रवाल पब्लिक स्कूल के सामने लगातार 10 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं अभिभावक, धरने पर अभिभावकों की मानें तो स्कूल की तानाशाही और बर्बरता के खिलाफ उन्होंने यह धरना किया है। अभिभावकों का कहना है कि जिन बच्चों की पढ़ाई हुई ही नहीं तो फिर कैसी फीस जैसी पढ़ाई वैसी फीस की मांग को लेकर अभिभावक धरने पर बैठे हुए हैं। धरने को फरीदाबाद की सामाजिक संस्था युवा आगाज से जसवंत पवार, मानवाधिकार संरक्षण संघ के अध्यक्ष कुलबीर, उपाध्यक्ष हेमराज शर्मा, महासचिव इरशाद अहमद, आम आदमी पार्टी से हरेंद्र भाटी, विनोद गोस्वामी ने अपना पूर्ण समर्थन दिया।

युवा आगाज के अध्यक्ष जसवंत पवार ने बताया कि निजी स्कूलों की मनमानी एवं तानाशाही रवैए के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में डाला जा रहा है और अभिभावकों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है जसवंत पवार ने और बताया कि स्कूल छात्रों से पूरी फीस वसूल रहे हैं जबकि प्राइवेट स्कूल अपने ही टीचरों को पूरी सैलरी नहीं दे रहे हैं जिसके कारण अनेकों अध्यापक भी मानसिक रूप से परेशान है, हरियाणा सरकार को ऐसे स्कूलों पर लगाम लगानी चाहिए जो महामारी के दौरान मानवता को शर्मसार कर रहे हैं।

# तहसील में फैली गंदगी को लेकर सौंपा ज्ञापन

## तहसील में कार्य कराने को प्रतिदिन आते हैं बड़ी संख्या में लोग



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 लघु सचिवालय भवन में स्थित तहसील कार्यालय में व्याप्त गंदगी एवं दुर्दशा में सुधार करवाए जाने की मांग को लेकर फीएवा के सदस्यों ने एक ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपा गया है।

फीएवा की तरफ से सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि उपरोक्त तहसील कार्यालय में प्रतिदिन दर्जनों लोगों का आना जाना रहता है। करोड़ों रुपये की स्टांप ड्यूटी भरकर भी यहां आए हुए वृद्ध महिलाएं व पुरुष जन सेवाओं के अभाव में हमेशा परेशान नजर आते हैं। लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं है। पीने के पानी की बात तो दूर शौचालयों में भी पानी या साफ-सफाई का अभाव रहता है। दुर्गंध व गंदगी के कारण उनका इस्तेमाल तो दूर की बात है। वहां उसके आसपास से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। जहां एक ओर फरीदाबाद जिले को स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लेकर करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत भी प्रचार प्रसार में ही लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की नाक के ठीक नीचे लघु सचिवालय भवन परिसर के अंदर ही सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इतनी बुरी स्थिति में आमजन को रोज गुजरना पड़ रहा है।

फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि हमारे प्रतिनिधि मंडल ने कई बार मौखिक व लिखित शिकायत तहसीलदार साहब व एसडीएम साहब के साथ-साथ सिटी मजिस्ट्रेट, नगराधीश कार्यालय में किए जाने के बावजूद समाधान ना होने पर दो बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी वही ढाक के तीन पात अर्थात हालत में कोई भी सुधार नहीं हुआ। तहसील कार्यालय में अक्सर प्रवासी भारतीयों को भी अपने कार्यों के लिए आना पड़ता है। उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक हीरालाल को राजीव ओबरॉय प्रधान एवं गुरमीत सिंह देओल महासचिव फीएवा ने ज्ञापन सौंपा।

# कोरोना से 1 मौत, 34 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45967

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिले में बृहस्पतिवार को 34 पॉजिटिव मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 45967 पर पहुंच गया। दूसरी तरफ जिले में एक मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 409 पर पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि जिले में 16 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का कोविड-19 का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। दूसरी तरफ जिले में 1540 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### यहां से पॉजिटिव

सेक्टर-3 (1), सेक्टर-49 (2), सेक्टर-21 (4), सेक्टर-7 (1), ग्रीन फिल्ड कालोनी (1), एसजीएम नगर (2), सेक्टर-37 (1), सेक्टर-11 (1), सेक्टर-34 (3), सेक्टर-46 (1), सेक्टर-8 (1), आर्या नगर (1), सेक्टर-दो (3), आदर्श नगर



(1), पर्वतीया कॉलोनी (1), सेक्टर-43 (1), सेक्टर-7 (1), एनएच-5 (1), भीमसेन कॉलोनी (1), जीवन नगर (1), एनएच-एक (1), सेक्टर-17 (1), अंखीर (1), सेक्टर-29 (1) और अन्य क्षेत्रों से एक मरीज शामिल है।

### ये हैं आंकड़े

अब तक कुल जांच: 475933
अब तक पॉजिटिव: 45967
अब तक नेगेटिव: 428426
रिपोर्ट आनी शेष: 1540
ऑक्सीजन पर है: 8
वेंटिलेटर पर है: 2
अब तक मौत: 409
अब तक ठीक: 45297

# इम्पैथी फॉर ऑल कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** ग्रीनफील्ड कॉलोनी में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में शहर और समाज को एक नयी दिशा देने के लिए इम्पैथी फॉर ऑल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वॉइस ओफ वॉइस्लेस, मी एंड माई ह्यूमन, रोटरी क्लब ओफ फरीदाबाद, प्रीति शर्मा (पशु प्रेमी), डॉक्टर नेहा चौधरी (सोशल ऐक्टिविस्ट) द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य एक दयालु समाज का निर्माण जिसमें हर कोई (चाहे वो बेजुबान हो या इंसान) खुशहाल रह सके इस कारण किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्पित जैन, डॉक्टर हेमंत अत्रि, एवं प्रोफेसर छवि शर्मा रहे। जैन ने जानकारी देते हुए बताया समारोह में ब्लड डोनेशन, डॉग अडॉप्शन और बेजुबानों के जनहित के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। बड़ी भारी संख्या में पशु प्रेमी लोगों ने ब्लड डोनेट किया थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए संवेदनशीलता दिखाने का वचन दिया।

# गरीबों की मदद करने से होता है सुख-समृद्धि का आगमन : नागर

## मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व विधायक ने गरीबों को रजाइयां बांटीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मकर** संक्रांति के अवसर पर गांव भूपानी स्थित बाबा मोहन राम मंदिर में संत फक्कड़ बाबा पुण्य संस्थान द्वारा एक विशाल रजाई वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैकड़ों गरीब व जरूरतमंदों लोगों को रजाई वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक ललित नागर ने बाबा मोहन राम का आशीर्वाद लिया और करीब 1100 गरीब लोगों को रजाई वितरित की वहीं गरीब महिलाओं को साड़ियां भी दीं। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि हिन्दु धर्म में मकर संक्रांति के पर्व का विशेष महत्व होता है, इस दिन दीन-दुखियों को दान देने से पुण्य की प्राप्ति होती है और इसी के साथ-साथ कड़कड़ाती सर्दी के मौसम में गरीबों को रजाई वितरण करना एक पुण्य का कार्य है।

ललित नागर ने संत फक्कड़ बाबा पुण्य संस्थान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था हर वर्ष इस प्रकार के समारोह आयोजित करके हजारों गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कार्य करती है, समाज की अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। ललित नागर ने क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए आयोजित किए गए हवन-यज्ञ में आहुति दी और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। रमेश सिंह, इंद्र भगत, विनोद मिश्रा, बृजगोपाल गुप्ता, अरूण गोपाल, राज सिंह, जवाहर मंगला, जितेंद्र सिंह ठाकुर, गौरव रामपाल, सोनू कुमार, कमल चंदीला, गंगाराम नरवत, राजकुमार गुप्ता, संजय अग्रवाल, रोहन गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मोदी राज में देश का खजाना और सीमाएं सुरक्षित

## सरकार के पिछले छह सालों के विकास कार्य कांग्रेस पार्टी के 54 सालों के विकास कार्यों की तुलना में भारी पड़ रहे हैं : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के पिछले 6 सालों के कार्यकाल के विकास कार्य और कांग्रेस पार्टी के 54 सालों के विकास कार्यों की तुलना में भारी पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विश्व में अलग पहचान बनाई है। आज देश का खजाना और देश की सीमाएं सुरक्षित है।

यह बात सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज वीरवार को गांव नीमका में लगभग 3 करोड रुपए की धनराशि से बनाए गए विकास कार्यों के उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक राजेश नागर ने नीमका में बारात घर, शमशान घाट गेट, खेल स्टेडियम, व्यायामशाला, गऊशाला और स्कूल के कमरों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में आजादी के बाद पहली बार जनता ने पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार के देश के प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर की जोड़ी ने फरीदाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली देने का काम किया। नहर के ऊपर लगभग एक दर्जन पुल बनाने का काम किया। सभी गांव की फिरनी पक्के करने सहित अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। खेल स्टेडियम बनवाएं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली से बड़ोदरा जाने वाला रास्ता फरीदाबाद के बाईपास होकर से गुजरेगा। उन्होंने कहा फरीदाबाद को कमिश्नरी बनवाई और एफएमडीए बनाने का काम किया। इससे फरीदाबाद की भूमि अधिग्रहण किए जाने वाला पैसे का विकास अब फरीदाबाद में ही किया जाएगा। बीजेपी सरकार ने विकास कार्यों के लिए अब जिस शहर का पैसा है, वही का विकास करने की नीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने का काम किया है। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि नीमका गांव में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से तिगांव विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की तरफ से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में किसान आंदोलन का मसला हल किया जाएगा। किसानों के तीनों विधेयक किसान हित में है। ये किसान की आय को दोगुना करने में कारगर सिद्ध होंगे। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांग पर बोलते हुए कहा कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा और भी आगे के विकास कार्य करवाए जाएंगे। पूर्व सरपंच केसराम ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक राजेश नागर का स्वागत कर उन्हें पगड़ी बांधकर, शॉंल भेंट कर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत द्वारा सामूहिक रूप से माला पहना कर दोनों नेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रूपी सरपंच, पूर्व सरपंच राजवीर, पूर्व सरपंच अजीत, खड़क सिंह, जयवीर चंदीला अदि रहे।

# हत्या करने से पहले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 85 ने कुलभूषण उर्फ कुल्लू व मनोज नचौली गैंग के दो शातिर बदमाशों को हत्या की वारदात को अंजाम देने से पहले अवैध हथियार और कारतूस सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 ने बताया कि आरोपी की पहचान मनीष उर्फ गोलू निवासी गांव नचोली और अभिषेक उर्फ अब्बू निवासी बर्ड मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस ने विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी मनीष उर्फ गोलू को एक देसी पिस्तौल 32 बोर और 6 जिंदा कारतूस सहित थाना बीपीटीपी एरिया से गिरफ्तार किया गया है। जिस पर आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार सहित मामला बीपीटीपी थाना में दर्ज किया गया है। दूसरे आरोपी अभिषेक उर्फ अब्बू को थाना खेड़ी पुल के एरिया से एक देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। जिस पर थाना खेड़ी पुल में अवैध हथियार सहित मामला दर्ज किया गया है।

प्रभारी क्राइम ब्रांच ने मनीष उर्फ गोलू ने अपने भाई अनीश की हत्या का बदला लेने के लिए अपने दोस्त अभिषेक उर्फ अब्बू के साथ मिलकर कोमल निवासी फरीदपुर के भाई की हत्या करने की योजना बनाई थी और योजना के अनुसार मनीष उर्फ गोलू ने अपने दोस्त अभिषेक उर्फ अब्बू से एक पिस्तौल 32 बोर व 12 जिंदा कारतूस मंगवाए थे। 06 कारतूस मनीष ने हवाई फायर करके खत्म कर दिये तथा बाकी बचे 06 जिन्दा कारतूस व पिस्तौल आरोपी से बरामद की जा चुकी है। अभिषेक उर्फ अब्बू निवासी ओल्ड फरीदाबाद जिसके ऊपर दो तीन मुकदमे लड़ाई झगड़े के दर्ज है। आरोपी अभिषेक की मुलाकात मनीष उर्फ गोलू से जेल में हुई थी।

# कोरोना से मुक्ति

## टीकाकरण की तैयारी

**कुछ** ही घंटे बाद पूरे भारत में 16 जनवरी से कोविड-रोधी टीका लोगों को मिलने लगेगा। उसके पहले लाभार्थियों में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मी तथा फ्रंटलाइन वर्कर, अन्य बीमारियों वाले संकटग्रस्त समूह तथा 50 साल से अधिक आयु वाले लगभग 27 करोड़ लोग शामिल हैं। इसके लिए आम चुनाव की तरह युद्धकालीन स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है, लेकिन इसमें शांति, सटीकता, क्षमता, टीमवर्क व समन्वय पर खास जोर है। राज्यों ने अपनी योजनायें बना कर उनके विस्तृत लाजिस्टिक विवरण तैयार किए हैं, दो वैक्सीनें ले जाने वाले विमान देश भर में उड़ कर यह महत्वपूर्ण सामग्री अनेक स्थानों पर पहुंचाएंगे। इसके बाद उसे छोटे शहरों व कस्बों तक भेजा जाएगा जहां टीकाकरण की तैयारी हो चुकी है। सभी राज्यों की पुलिस जीवनरक्षक टीका प्राप्त करने, इसका तेजी से परिवहन सुनिश्चित करने तथा इसकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। पूना में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया-एसआईआई उत्पादन सुविधा से आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोवीशील्ड वैक्सीन भेजे जाने के एक दिन बाद हैदराबाद की भारत बायोटेक में तैयार कोवैक्सिन को 11 शहरों को भेजा गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय वाइरोलोजी संस्थान के सहयोग से तैयार इस वैक्सीन की 16.5 लाख खूराकें केन्द्र सरकार को दान दी गई हैं। कोरोनावायरस के खिलाफ 'नई महत्वपूर्ण एंटीबाडीज़' की खबरें आने वाले दिन ही चीन में संक्रमण के मामलों में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की जांच करने वाली टीम वहां जाने से एक दिन पहले हुआ है जो चीन से कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के मूल स्थान की जांच करना चाहती है।



भारत में कोविड-रोधी टीकाकरण शुरू होने से हम इस महामारी के खिलाफ संघर्ष के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहे हैं जिसने सारी दुनिया को अपंग बना कर अर्थव्यवस्थाओं को संकट में डाल दिया है।

वर्तमान समय में भारत में कोविड-19 संक्रमितों के सक्रिय मामलों की संख्या 2,14,507 है, 1,01,29,111 लोग अब तक इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं, जबकि देश में एक दिन में 15,968 नए मामलों तथा 202 मौतों के आंकड़े सामने आए हैं। इस प्रकार भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कुल संक्रमितों की संख्या 1,04,95,147 तथा मृतकों की 1,51,529 है। दुंनिया बहुत लंबे समय से वायरस के टीके की प्रतीक्षा कर रही थी। दुनिया की सबसे सस्ती वैक्सीनें भारत में उपलब्ध हुई हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत की वैक्सीनें 'सबसे सस्ती' इसलिए हैं क्योंकि उनको बाजार मूल्य पर नहीं बेचा जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के पास टीकाकरण के लिए वैक्सीनों में से चयन का अधिकार नहीं है क्योंकि यह अनेक वैक्सीनों की उपलब्धता वाले देश में ही संभव है। करनाल, कोलकाता, चेन्नै व मुंबई में सरकार चिकित्सा भंडार विभाग-जीएमएसडी को वैक्सीन वितरण के लिए चार प्रमुख भंडारण केन्द्रों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है जहां से 'चरणबद्ध रूप से' वैक्सीन अन्य स्थानों पर भेजी जाएगी। इस अभियान के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए केन्द्र सरकार ने राज्यों को सलाह दी है कि वे टीकाकरण कार्यक्रम में 'पूरी प्रक्रिया पर सर्वोच्च स्तर से निरंतर निगरानी व व्यक्तिगत जुड़ाव' पर जोर दें। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, वैक्सीन तैयार करने वाली विभिन्न दवा कंपनियां तथा वैक्सीनों का वितरण करने वाली विभिन्न राज्य सरकारें टीकाकरण अभियान में अपना सर्वोत्तम योगदान करेंगी। हमें यह उम्मीद भी है कि इस अभियान में कोई अप्रत्याशित दुर्घटना सामने नहीं आएगी तथा सभी अप्रत्याशित समस्याओं से फौरन निपटा जाएगा। हम प्रार्थना करते हैं कि यह अभियान पूरी तरह सफल हो। हम सबको चाहिए कि 'दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान' को सफल बनाएं ताकि करोड़ों भारतीयों के टीकाकरण का लक्ष्य यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र पूरा हो सके।

# ओली की अवसरवादिता

**संसद भंग होने के बाद चीन ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी में औपचारिक विभाजन रोकने के लिए एक मिशन भेजा। अब ओली कह रहे हैं कि वे 'भारत के असली दोस्त' बनना चाहते हैं।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली इस समय भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की छठी बैठक के लिए नई दिल्ली में हैं। इसके लिए निमंत्रण पहले ही दिया गया था। इसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने पार्टी में विद्रोह के चलते पिछले महीने संसद भंग कर चुनाव कराने के आदेश दिए और वे इस समय एक कामचलाऊ सरकार के मुखिया हैं। चीन-समर्थक नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भारत-विरोधी अति-राष्ट्रवादी अभियान से प्रचंड जनादेश पाने के कारण ओली सुर्खियों में आए थे। बाद में वे नई दिल्ली पर अनेक आरोप लगाने लगे जिसमें नेपाली क्षेत्र पर कब्जा तथा उनकी सरकार अस्थिर करने के प्रयास शामिल हैं। राजनय में कोई स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु नहीं होता है, बस केवल हित स्थाई होते हैं। ओली ने भारत के प्रति मित्रतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया जिसका भारत ने उपयुक्त जवाब दिया है। इससे नेपाली अनुमान लगाने लगे हैं कि शायद संसद भंग करने का निर्णय भारत के समझाने पर लिया गया है और चीन का नुकसान भातर का लाभ है। हालांकि समय से पहले भंग संसद में ओली का बहुमत था, पर नेपाल की सर्वोच्च अदालत यह फैसला करेगी कि 'निर्वाचित सरकार' चुनाव कराने के समय बनी रह सकती है या नहीं। अब तक भारत ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि राजनीतिक घटनाक्रम 'नेपाल का आंतरिक मामला है और उसे यह निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत लेना है।' भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने काठमांडू में सरकार के मंत्रियों से मुलाकात की ताकि न्यूनतम संपर्क बने रहें। इस बीच एनसीपी का बड़ा गुट सड़कों पर ओली द्वारा संसद भंग करने के 'अलोकतांत्रिक' व 'असंवैधानिक' कदम को चुनौती दे रहा है। इसका नेतृत्व माधव नेपाल व प्रचंड कर रहे हैं जो संसदीय दल के नए नेता हैं तथा अन्य विपक्षी पार्टियां उनका साथ दे रही हैं। नेपाल में भारी निवेश कर चुका चीन एनसीपी में एकता स्थापित रखने में विफल रहा है, हालांकि उसने इसके लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था।

नेपाल में हिंद-प्रशांत रणनीति-आईपीएस व इससे जुड़े मिलीनियम चैलेंज कोआपरेशन के कारण चीन-अमेरिका प्रतिद्वंद्विता तेज हो रही है। इन दोनों को प्रचंड-नेपाल समूह चीन के मुकाबले उसके बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई में बाधा डालने के रूप में देखता है। भारतीय सीमा पर लंबे समय से व्याप्त गतिरोध तथा चीन के साथ टकराव ने उसे अमेरिका का स्वाभाविक साझीदार बना दिया है। लेकिन नेपाल के संदर्भ में मामला अलग है जहां द्विपक्षीय सहयोग त्रिपक्षीय हो सकता है। अमेरिका ने सामान्य रूप से भारत को नेपाल में नेतृत्व करने दिया है। 2015 में नेपाली संविधान को लेकर मची उठापटक तथा 2019 में कालापानी विवाद के बाद भारत ने नेपाल से थोड़ी दूरी बनाए रखी। ऐसा खासकर 2017 में एनसीपी की असाधारण चुनावी विजय के बाद हुआ। इसने एनसीपी को पांच साल का पूरा कार्यकाल दिया जिसके दौरान चीन ने अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की। लेकिन एनसीपी में लंबे समय से सत्ता साझे का विवाद जारी था जिसके पीछे उसके नेताओं का अहंकार व महत्वाकांक्षा थी। इसने नई दिल्ली को राजनीतिक परिदृश्य बदलने का अवसर दिया। भारत के खिलाफमाहौल बदलने का प्रयास करने वाले चीन को ऐसा करने से रोकने में कुछ भी अनैतिक या गलत नहीं है, बशर्ते कि यह काम कुशलता से हो। पहली बार नेपाल के आंतरिक संकट में चीन को 'बहुत बड़े हस्तक्षेपकारी' की तरह देखा जा रहा है, जबकि पहले आमतौर से भारत को दोषी ठहराया जाता था। अच्छी बात है कि नेपाल में इस समय कोई खास भारत-विरोधी भावनायें नहीं हैं।

उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक ओली सरकार अभी कुछ समय सत्ता में रहेगी। नई दिल्ली ने ओली के साथ उचित समय पर सुलह का प्रयास किया है जो अमेरिका-समर्थक, आईपीएस-समर्थक, एमसीसी-समर्थक तथा एक समय भारत के प्रिय रहे हैं। रविवार को संसद में दिए उनके इस बयान पर विश्वास किया जाना चाहिए कि 'मैं भारत का असली मित्र बनना चाहता हूं।' सरकारों के बीच रूटीन कामकाज व संवाद जारी रहना चाहिए। 2004 में राजा ज्ञानेन्द्र के शाही विद्रोह के बाद भारत ने नेपाली सेना को सभी महत्वपूर्ण सैनिक सहायता बंद कर वहां लोकतंत्र कुचलने की निन्दा की थी। इसका लाभ माओवादियों ने उठाया, लेकिन जल्द ही भारत ने असली स्थिति समझ कर द्विपक्षीय संबंध बहाल किए। भारत ने सरकारी विभागों के बीच संवाद की गति और क्षमता बढ़ाई है। एक भारतीय अधिकारी की टिप्पणी है कि 'इतनी तेजी से इतना अधिक पहले कभी नहीं प्राप्त हुआ।'

नेपाली सर्वोच्च न्यायालय यह निर्णय करेगा कि इस मामले की सुनवाई संविधान पीठ करे या इस पर पूर्ण पीठ निर्णय करे। प्रधान न्यायाधीश चोलेन्द्र राना द्वारा पीठ की अध्यक्षता के बारे में विधिक व नैतिक सवाल है। चाहे संसद बहाल हो जाए या नए चुनाव हों, एनसीपी का असर और शक्ति पहले जैसी नहीं रहेगी। हमें दो एनसीपी या एक एनसीपी के पूर्व अवतार-सीपीएन यूएमएल और सीपीएन माओइस्ट सेंटर देखने को मिल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विभाजन माओवादियों के बजाय सीपीएन यूएमएल में अधिक होगा। एनसीपी अब तक इसलिए नहीं बंटी थी कि ओली या प्रचंड इसे तोड़ने के आरोप से बचना चाहते थे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रचंड-नेपाल गुट बड़ा है तथा वह मूल गुट है। उसे पार्टी का स्वामित्व तथा चुनाव निशान दिया जाना चाहिए, पर उसने विभाजन को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि वे दो पार्टियों के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। मामला न्यायपालिका के विचाराधीन होने के बावजूद ओली ने सार्वजनिक रूप से दावा किया है कि संसद को बहाल नहीं किया जाएगा, भले ही चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों ने इसके विलय को असंवैधानिक माना हो।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसकी बहुमुखी प्रतिभा वाली राजदूत हाऊ यानकी हर हाल में औपचारिक विभाजन रोकना चाहती हैं। हालांकि, दोनों गुटों ने पार्टी एकता के लिए चीनी प्रयासों को खारिज नहीं किया है और बीजिंग का पैसा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसके बावजूद जहां दोनों गुटों का झुकाव चीन की ओर है, एनसीपी के दो अलग समूह भारत के लिए मित्रतापूर्ण हो सकते हैं। 2015 व खासकर 2017 के बाद कम्युनिस्ट समूहों का चीन की ओर झुकाव बढ़ा। गृहयुद्ध के दौरान चीनियों ने माओवादियों का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि उन्होंने 'माओ का नाम बदनाम' किया है और वे 'दुष्ट राज्य-विरोधी विद्रोही' हैं। ऐसा उनके सत्ता में पहुंचने तक रहा और उसके बाद चीन ने सुविधाजनक तरीके से वैचारिक निकटता की बात शुरू कर दी। 2008 में प्रचंड ने प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बाद स्वीकार किया था कि पहले वे सोचते थे कि भारत को संतुलित करने के लिए चीन जरूरी है, लेकिन बाद में समझ आया कि नेपाल के लिए भारत ज्यादा महत्वपूर्ण है। पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल को मजाक में माधव इंडिया कहा जाता था। आमतौर से काठमांडू में चलने वाले सत्ता के खेलों में भारत का आर्शीवाद प्राप्त किया जाता है। हालांकि, बीजिंग इस क्षेत्र में बाद में आया, पर वह भारत को हाशिए पर धकेल कर वर्चस्व स्थापित करने में सफल हुआ।

नए चुनाव लोकतांत्रिक शक्तियों के लिए सर्वोत्तम स्थिति होगी। खासकर माओवादियों के सफाए के बाद नेपाली कांग्रेस 2013 की तरह अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभर सकती है। नई दिल्ली को सभी पार्टियों व सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से नेपाली जनता के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने चाहिए। भारत में नेपाल पर लंबे समय से नजर रखने वाले लोगों ने सरकार को अवसरवादी ओली और उनकी कामचलाऊ सरकार के साथ संबंधों के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने भारत-नेपाल समझौतों व राजनीतिक संबंधों को संकट में डाला है। दूसरे शब्दों में इन पर्यवेक्षकों के अनुसार भारत को खामोश तमाशबीन बने रहना चाहिए। चीन भी भारत की यही भूमिका चाहता है।

# हरित ऊर्जा क्षेत्र का महत्व

> हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह तरलता संबंधी बाधाओं का सामना कर रहा है।

**ध्रुब पुरुकायस्थ**
(लेखक यूसीसेफ के निदेशक हैं)



भारत का ऊर्जा क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है और काफी मात्रा में निवेश आकर्षित कर रहा है। हालांकि, देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सेक्टोरल स्तर पर आनुपातिक एवं रूपांतरणकारी निवेशों की आवश्यकता होती है। प्रविष्टि की वर्तमान दर एवं अर्थव्यवस्था की कुल सेहत को देखते हुए जो कोविड-19 महामारी के चलते पतनशील हो गई थी, स्वच्छ ऊर्जा में निवेशों को बढ़ावा देने के लिए संक्रमण के वित्तीयन हेतु नए एवं वैकल्पिक रास्ते खोजना तथा निजी उद्योगों की सहभागिता को प्रोत्साहन देना अनिवार्य हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में टिकाऊ असर डालने के लिए भारी मात्रा में धन की आवश्यकता है। हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह वर्तमान कोविड संक्रमण के चलते तरलता संबंधी बाधाओं तथा आपूर्ति अवरोधों का सामना कर रहा है। देश की बढ़ती आवश्यकताओं को संबोधित करने साथ ही साथ पर्यावरण को बचाने के लिए कदम उठाने हेतु उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों की ओर अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू पूंजी प्रवाह की आवश्यकता है। क्लाइमेट पॉलिसी इनीशिएटिव द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट हमें स्रोत से लेकर उपयोग करने वालों तक वित्त के मानचित्रण द्वारा भारत में हरित वित्त रुझानों के बारे में अद्वितीय जानकारियां मिलती हैं, इस प्रकार हमें यह जानने में मदद मिलती हे कि हम देश के आर्थिक एवं पर्यावरण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर चल रहे हैं या नहीं। ऐसी कवायद हमें जलवायु खर्च जुटाने, नए संसाधनों की व्यवस्था करने, घरेलू लोक वित्त के प्रशासन में पारदर्शिता व जवाबदेही लोकर निवेशकों के साथ भरोसा कायम करने में मददगार हो सकती है। अध्ययन यह परिलक्षित करता है कि हरित क्षेत्र हमारे संपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि से आगे जा रहा है। उदाहरण के लिए, भारत में हरित क्षेत्र निवेश 2016 और 2018 के बीच 24 प्रतिशत से बढ़ा, जबकि जीडीपी उसी अवधि में मात्र 7.4 प्रतिशत से बढ़ा था।

देश में हरित वित्त के प्रमुख ग्रहणकर्ताओं में से एक है विद्युत उत्पादन उद्योग (70 प्रतिशत), उसके बाद ऊर्जा दक्षता (20 प्रतिशत) और टिकाऊ परिवहन (10 प्रतिशत)। सहायता अनुदान और बजटीय आवंटन इस क्षेत्र का वित्तीयन करने हेतु सरकार द्वारा आमतौर से प्रयुक्त औजार है, जबकि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए जाने वाले कर्ज हरित ऊर्जा में संलिप्त निजी उद्योगों के लिए वित्त के प्रमुख स्रोत हैं। कुल में से, स्वच्छ ऊर्जा वित्तीयन का 85 प्रतिशत घरेलू स्तर पर पैदा किया जाता है, साथ में सरकारी वित्तपोषण के स्रोत एक मजबूत निजी क्षेत्र निवेश की रीढ़ होते हैं। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2018 में 1 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गया था। जबकि विदेशी अधोलेखन की भूमिका है, यह भारत सरकार, उसके अभिकरणों एवं घरेलू निजी बाजार के योगदानों के आगे बौना हो जाता है। देश में इसकी मूल्य श्रंखला पर हरित वित्तपोषण को परिभाषित करने एवं पता लगाने की पद्धतिशास्त्रीय बाधाओं के सामने, यह ग्रैन्यूलर आंकड़ों एवं अपोर्शन पब्लिक निजी, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशों की खरीद के लिए यह बड़ी चुनौती है। आगे, हरित क्या होता है इस पर आम सहमति के अभाव में खासकर ऊर्जा दक्षता एवं बिजली पारेषण जैसे क्षेत्रों में यह समस्या होती है।

इसके अलावा, हम देश के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा एवं जलवायु संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक पूंजी के अभाव से ग्रसित हैं। भारत के राष्ट्रीय रूप से निर्धारित योगदान का आंकलन है कि देश को 2015-2030 के बीच 2.5 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी, जलवायु कार्रवाई कार्यक्रमों के वित्तपोषण हेतु वार्षिक आवश्यकता लगभग 170 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। देश का स्वच्छ ऊर्जा वित्त प्रवाह वर्तमान समय में लगभग 19 बिलियन डॉलर प्रतिवर्ष है। नि:संदेह, एक टिकाऊ एवं रूपांतरणकारी प्रभाव पैदा करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अत:, क्या किया जा सकता है? सर्वप्रथम, 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था प्राप्त करने तथा आत्मनिर्भर भारत की आकांक्षाएं हरित समाधानों पर आधारित होनी चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कई लाभ होते हैं जैसे कि सुरक्षित एवं बाधाओं से रहित नौकरियां मुहैया होना, आर्थिक वृद्धि को गति प्राप्त होना आदि। इसलिए हमें टिकाऊ वृद्धि के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की ओर बढ़ना होगा। यह पता लगाने के लिए भारतीय नीति नियंता कई अध्ययनों पर दृष्टि डाल सकते हैं कि वे प्राथमिकता वाले सामाजिक क्षेत्रों में निजी पूंजी को निकालने के लिए श्रेष्ठ उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हरित वित्तीयन का पता लगाने के लिए एक एकीकृत घरेलू मापन, रिपोर्टिंग एवं पुष्टीकरण प्रणाली का सृजन करना प्रतिबद्ध कार्रवाइयों के लिए प्रवेशि बिंदु की पहचान की ओर पहला कदम हो सकता है। जलवायु बजट संलग्नीकरण एवं एमआरवी का संयोजन देश की जलवायु निवेश रणनीति के लिए आने वाले दशकों में एक मजबूत आधारशिला बन सकता है। अंत में, प्रतिबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों द्वारा जलवायु प्रभाव कम करने के लिए की जाने वाली गतिविधियां 2017 से 2018 में दोगुनी हो गई थी। लोक उपक्रम केंद्र तथा राज्य सरकारों, बांड बाजारों एवं अंतरराष्ट्रीय विकास अभिकरणों के लिए धन का भुगतान करने हेतु महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

वे स्वयं विविध सार्वजनिक योजनाओं एवं पहलकदमियों के माध्यम से हरित वित्त के अहम स्रोत के तौर पर काम करते हैं। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम जैसे अभिकरणों ने भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अग्रणी बनने में मदद की है। इन बुरे दिनों में भी, हम भरोसा रखें कि देश का भविष्य उज्जवल है। इसे सच साबित करने के लिए, भविष्य भी हरा-भरा होना चाहिए।

## आप की बात

### टीकाकरण से जागा उत्साह

**लगातार** घट बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बीच आखिरकार टीकाकरण की शुरुआत की तारीख की घोषणा ने चिंतित और भय ग्रस्त लोगों में उत्साह का संचार किया है। आरंभिक दौर में स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को टीकाकरण की बात जायज है जो विगत 10 माह से संक्रमण के बीच अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रधानमंत्री की दो टूक भी उचित रही। स्वदेशी वैक्सीन नें दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं की लंबी कोशिशें आखिरकार उत्साह की खबर ले ही आई जिसके लंबे इंतजार में लोग भयभीत होकर काम कर रहे थे। 16 जनवरी से देश में टीकाकरण का प्रथम चरण आरंभ होगा जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही उन सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो पिछले 10 माह से अपनी जान जोखिम में डालकर संक्रमितों की सेवा में लगे थे। 3 करोड़ लोगों का लक्ष्य लेकर शुरू होने वाला टीकाकरण नि:संदेह दुनिया के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है क्योंकि भयानक संक्रमण के दौर से गुजरे देश को इतनी जल्दी और वह भी स्वदेशी वैक्सीन मिल जाएगी यह किसी ने सोचा तक नहीं था। हमारे शोधकर्ता आखिरकार उस मुकाम पर पहुंच गए जिसका इंतजार था।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### शराब पर प्रतिबंध आवश्यक

**मुरैना** में ज़हरीली शराब के सेवन से मृतक आंकड़ा 21 तक जा पहुंचा। और घटना की गम्भीरता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। और कार्यवाही को गतिशीलता प्रदान की। जहरीली शराब की इस तरह की घटनाएं पूर्व वर्षों में भी समाचार पत्रों में स्थान कायम करती रही। समझ से परे लगता है एक और हम आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते है। नशामुक्ति अभियान चलाकर नशामुक्त करने की रैलियां, गोष्ठियों का आयोजन करते है। परन्तु समस्या अनवरत बनी है। शराब के कारण हजारो जीवन लीला हर साल समापन हो जाती है। कहि परिवार इस शराब के नशीली पृवत्ति से परेशान है। लोगो का सामाजिक जीवन और आर्थिक परिस्थितियों पर घातक प्रभाव नशा पृवत्ति की ही देन है। शराब से परेशान गावों में भी विरोध , ज्ञापन जारी है। समाज मे सामाजिक जीवन स्तर को अगर ऊपर उठना है । लोगो की आर्थिक नीतियों को मजबूत बनाना है।तो शराब बंदी बिल्कुल जरूरी है। शराब के कु प्रभाव से लोगो के लीवर , फेफड़े ,किडनी , और् अन्य घातक जानलेवा बीमारियों को तो मौका मिलता ही है। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों का सकुन जीवन भी बेकार हो जाता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### ...ताकि सबको मिले वैक्सीन

**हाल** ही में भारत सरकार द्वारा दो भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन को सीमित उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। इन दो टीकों के नाम कोविशील्ड और कोवक्सीन है। अब हमारे सामने सवाल यह खड़ा होता है कि इतने बड़े देश में इतनी बड़ी आबादी में सबको टिका कैसे लगाया जाए? हालांकि भारत को अपनी पूरी जनसंख्या के टीकाकरण की जरूरत तो नहीं होगी परंतु कम से कम 30 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण करना ही होगा। अब टीकाकरण के सामने कई चुनौतियां भी है जैसे कि वैक्सीन का आवंटन कैसे हो, वैक्सीन सबको कैसे वितरित की जाए? यूरोप समेत कई देशों में कोरोना का टीका सरकारी कोष से लगने की उम्मीद है। परंतु वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं हमें सरकारी वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद कम है। इन तमाम समस्याओं को लेकर भारत में टीकाकरण शुरू होने में मात्र दिन रह गए है।टीकाकरण की शुरुआती दिनों में तो दिक्कते आ सकती है परन्तु अब हमें आगे की राह को देखना होगा जिसके लिए हमें सुधार करने होंगे।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**जब** 60 किसान शहीद हुए तब मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई मगर किसानों द्वारा ट्रैक्टर रैली आयोजित करने से शर्मिंदा हो रही है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष

**सीता** ने भगवान राम को बताया था कि वो भाग्यशाली थीं कि उनका अपहरण रावण ने किया था उसके चेलों ने नहीं वर्ना उनका हाल भी हाथरस की लड़की जैसा हुआ होता।

– **कल्याण बनर्जी**
तृणमूल सांसद





**लगता** है कि कल्याण ने माता सीता का नाम तृणमूल कांग्रेस की राजनीति में घसीटकर, 'तृणमूल हटाओ बांग्ला बचाओ' नारे को और अधिक बल दे दिया है।"

– **विनोद बंसल**
राष्ट्रीय प्रवक्ता वीएचपी

# ओडीओपी की ब्रांडिंग के लिए नई रणनीति तैयार

## हर घर तक पहुंचे उत्पाद इसके लिए यूपी में चलेगा ओडीओपी उपभोक्ता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि 75 वंडर्स ऑफ उप्र की थीम पर एक जिला-एक उत्पाद की ब्रांडिंग होगी। ओडीओपी उत्पाद हर घर तक पहुंचे इसके लिए पूरे प्रदेश में ओडीओपी उपभोक्ता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही यूपी सहित देश के प्रसिद्ध स्थलों, एअरपोर्ट, लोक भवन, यूपी सदन एवं बड़े-बड़े पार्कों पर होर्डिंग तथा सरकारी वाहनों पर स्टीकर लगाकर ओडीओपी का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।



सिद्धार्थ नाथ सिंह ने गुरुवार को ओडीओपी की नई ब्रांडिंग रणनीति पर चर्चा के दौरान कहा कि पावर ऑफ ब्रांडिंग के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के ओडीओपी उत्पादों को वाहनों में डिस्प्ले कर अलग-अलग शहरों में प्रदर्शित किया जायेगा। ओडीओपी योजना की सफलता पर आधारित लघु फिल्में निर्मित कराकर मेलों, प्रदर्शनियों, सरकारी समारोह आदि आयोजनों में इनको एलईडी के माध्यम से प्रसारित कराया जायेगा।

उन्होंने निर्देश भी दिए कि लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर पर कट-आउट लगाकर ओडीओपी का प्रमोशन किया जाय। साथ ही ओडीओपी से जुड़ी यूनीक स्टोरी भी प्रत्येक ओडीओपी उत्पादों के साथ उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाए इससे ओडीओपी के प्रति लोगों का भावनात्मक जुड़ाव होगा और हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को बड़ा बाजार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ओडीओपी उत्पादों के परिवहन के लिए उत्पादों की पैकेजिंग और अधिक बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

ओडीओपी योजना आने के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ है। पहले की अपेक्षा कारीगर अपना घरबार छोड़कर बाहर नहीं गए हैं। आगे भी यही प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों का कारोबार बढ़ने से प्रदेश की जीडीपी जहां ग्रोथ कर रही है, वहीं अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई रणनीति के तहत ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए कारीगरों को उत्पादों की अहमियत के बारे में जानकारी दी जायेगी। उपभोक्ता और उद्यमी की कड़ी को मजबूत किया जायेगा।

# कोविड टीकाकरण कार्यक्रम कल से, मुख्य सचिव ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने 16 जनवरी से कोविड टीकाकरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्टेट स्टेयरिंग कमेटी फॉर इम्यूनाजेशन की बैठक में कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत सरकार से कोविड-19 के प्रथम चरण के टीकाकरण से सम्बन्धित दिशा-निर्देश प्राप्त हो गये हैं। टीकाकरण का शुभारम्भ 16 जनवरी को किया जायेगा। शुभारम्भ के दिन 317 सत्र उत्तर प्रदेश में संचालित किये जायेंगे जिसमें से जिला महिला अस्पताल वाराणसी तथा एमएलबी मेडिकल कॉलेज, झांसी में टु-वे वेबकास्टिंग की जायेगी तथा अन्य 315 सत्र केवल व्यू ओनली मोड पर रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि टीकाकरण शुभारम्भ के दिन प्रदेश के समस्त कोविड अस्पतालों के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर करा दिया जाए।

### ● शुभारम्भ के दिन 317 सत्र उत्तर प्रदेश में किए जाएंगे संचालित

एसीएस चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने बैठक में बताया कि प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है जिसमें प्रदेश के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अन्य विभागों के कर्मियों आशा, आंगनबाड़ी, सुपरवाइजर को भी सम्मिलित किया जाना है। द्वितीय चरण में अन्य विभागों के फ्रन्टलाइन वर्कर्स का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है जिसमें मुख्य रूप से राज्य एवं केन्द्रीय पुलिस विभाग, सशस्त्र बल, होमगार्ड, जेल कर्मचारी, आपदा प्रबन्धन एवं नगरपालिकाओं के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं का कोविड-19 टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है। तृतीय चरण में 50 वर्ष से अधिक आयु के समस्त लोगों तथा 50 वर्ष से कम किन्तु डायबिटीज, सांस रोग, कैन्सर, उच्च रक्त चाप जैसे रोगों से ग्रसित व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने यह भी बताया कि टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण हेतु प्रदेश में लगभग 1500 स्थान टीकाकरण के लिए चिन्हित किये जाने हैं। बड़े शहरों में आवश्यकतानुसार प्राइवेट चिकित्सालयों, जहां 100 से अधिक हेल्थ केयर वर्कर्स हैं उनमें भी टीकाकरण सत्र नियोजित किये जा सकते हैं।

## महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सात पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, राम जन्मभूमि, अयोध्या और कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सरकार ने सात पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती की है। इस निर्णय के अनुसार अनिल राय, प्रदीप सिंह चंदेल और रत्नेश्वर सिंह को वाराणसी जिले से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के पद पर तैनात किया गया है। इसी प्रकार कैलाश चंद पांडे, राम प्रकाश आर्या और राम मोहन शर्मा को मथुरा जिले से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के पद पर भेजा गया है। अयोध्या जिले में तैनात जयप्रकाश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक राम जन्म भूमि अयोध्या की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है।

## पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण मार्गों का होगा कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के लोक निर्माण विभाग ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के नेतृत्व में 42 जिलों में 447 सड़कों (3088 किलोमीटर) के कायाकल्प के लिए भारत सरकार से 2124 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कराने में सफलता प्राप्त की है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तृतीय के बैच-1 के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव बनाकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के माध्यम से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग को प्रेषित किए थे जिसे कई चरणों के सतत परीक्षण के उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण मार्गों की बेहतरी की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इससे प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियों के और अधिक तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। तथा ग्रामीण मार्ग के कायाकल्प होने से गांवों के चतुर्मुखी विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और सड़को के मामले मे भी उप्रकी तस्वीर निखरेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर निर्माण कार्यों को प्रारंभ करने तथा उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर उन्हे पूर्ण करने हेतु मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 42 जनपदों में लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गो का कार्य संपादित कराया जाता है तथा शेष जनपदों में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा मार्गों का निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाता है।

## जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा मायावती का जन्मदिन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीएसपी** सुप्रीमो मायावती का शुक्रवार को 65वां जन्मदिवस पूरे प्रदेश में जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह निर्णय कोविड 19 को देखते हुए प्रोटोकॉल के पालन के लिए लिया गया है। इस मौके पर मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग 16 और इसका अंग्रेजी संस्करण, ट्रैवलाग आफ माई स्ट्रगल रिडन लाइफ एंड बीएसपी मूवमेंट वॉल्यूम 16 रिलीज करेंगी।

मायावती ने गुरुवार को ट्वीट किया कि यह विदित है कि कल यानी 15 जनवरी 2021 को मेरा 65वां जन्मदिन है, जिसे पार्टी के लोग कोरोना वायरस महामारी के चलते पूरी सादगी से और कोविड.19 संबंधी नियमों का पालन करते हुए मनाएं। यदि इसे पीड़ितों, गरीबों, असहायों आदि की अपने सामर्थ्य के अनुसार मदद करके जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाए, तो बेहतर होगा। उन्होंने ट्वीट किया, कि मेरे जन्मदिन पर मेरी लिखी पुस्तक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेन्ट का सफरनामा भाग 16 और इसका अंग्रेजी संस्करण जारी होगा, जिसे पढ़कर आत्म सम्मान एवं स्वाभिमानी आंदोलन को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मायावती हर वर्ष अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाती हैं। मगर इस बार कोरोना वायरस महामारी के चलते उनका जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाया जाएगा।



गुजरात कॉडर के पूर्व आईएएस अफसर एके शर्मा लखनऊ में भाजपा में शामिल हो गए

## संगठन सृजन अभियान को मजबूती देने के लिए लल्लू तीन दिन पूर्वांचल में डालेंगे डेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे न्याय पंचायत स्तरीय संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत जनपद चन्दौली, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर एवं आजमगढ़ में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठकों में सम्मिलित होंगे। लल्लू 16 जनवरी को जनपद चन्दौली पहुंचेंगे, जहां पूर्वान्ह ब्लाक नियमताबाद के न्याय पंचायत पचोखर में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे व अपरान्ह जनपद मिर्जापुर पहुंचकर न्याय पंचायत जमालपुर में न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे। इसके उपरान्त सायं वाराणसी पहुंचेंगे जहां सायं कुरूखेत्र कुण्ड, अस्सी में आयोजित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी के तहत लल्लू 17 जनवरी को प्रातः वाराणसी के न्याय पंचायत करौना, ब्लाक अराजीलाइन में संगठन सृजन अभियान में शामिल होंगे। 18 जनवरी को प्रातः जौनपुर के ब्लाक करंजाकला के ग्रामसभा गिरधरपुर, अपरान्ह 2 बजे जनपद आजमगढ़ के ब्लाक मिर्जापुर के न्याय पंचायत पेडरा में संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बैठक में सम्मिलित होंगे।

## 18 को होंगे सामूहिक विवाह

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 18 जनवरी को जनपद लखनऊ के सभी विकास खण्डों, नगर पंचायतों एवं नगर निगम लखनऊ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न समुदाय तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक वर्ग के इच्छुक आवेदक नगर आयुक्त, नगर निगम के जोनल कार्यलय, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अपने आवेदन पत्र जमाकर आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लें। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता की शर्तो में कन्या के अभिभावक जनपद लखनऊ के मूल निवासी हो, कन्या, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हो, आवेदक के परिवार की आय गरीबी रेखा की सीमा के अन्तर्गत अधिकतम दो लाख होना चाहिये या जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया हो, कि लाभार्थी की स्थिति नितान्त दयनीय एवं वंचित हो, विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिये 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी है। निर्धन परिवारों की कन्या के विवाह, विधवा,परित्यक्ता, तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक को गया हो, का पुनर्विवाह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

## बलिया जेल से फरार 50 हजार का इनामी अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीती 4 जनवरी को बलिया जेल से फरार हुए 50000 का इनामी अपराधी बेचू राम को बुधवार की देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में गोली लगने से बेचू घायल हो गया जबकि उसका एक साथी इस दौरान भाग निकलने में सफल रहा। घायल अपराधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बेचू राम के ऊपर हत्या और लूट जैसे गंभीर अपराधों के दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में उसने बताया कि 4 जनवरी को बलिया जेल से फरार होने के बाद वह बिहार चला गया था। अपने एक अपराधी साथी के साथ किसी घटना को अंजाम देने के लिए वह वापस बलिया आया था। इससे पहले भी वह वर्ष 2018 में पेशी के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था।

## प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर अखिलेश ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोगों के जानमाल की सुरक्षा उत्तर प्रदेश में भगवान भरोसे है। अपराधियों के खौफ के चलते प्रदेश में डर का माहौल है। प्रशासन तंत्र का मनोबल गिरा हुआ है। मुख्यमंत्री का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है, वे सिर्फ सख्त जबानी बयानबाजी और जांच की थोथी घोषणाओं के जरिए भी कुर्सी की प्रतिष्ठा बचाने तक में असफल हैं। फिर भी राजभवन मूक दृष्टा की भूमिका में क्यों है।

अखिलेश ने कहा कि प्रतापगढ़ में हफ्ते भर में तीसरी बड़ी वारदात से व्यापारी दहक उठे हैं। जनपद के मंगरौरा बाजार में दिन दहाड़े गल्ला व्यापारी से 16 लाख रुपए लूट लिए गए। मऊ में दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोण्डा में एक महिला पुलिस कर्मी की इज्जत पर पुलिस कर्मी ने डाका डाल दिया। महिला पुलिस को कमरा दिखाने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया गया। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव में अकेली किशोरी के साथ बलात्कार की घटना घटी। थाने पर पहले पुलिस ने एफआईआर करने में टाल मटोल किया। सचिवालय मेट्रो स्टेशन में एक युवती से छेड़छाड़ की गई। एक न्यूज चैनल की ऐंकर से गाजियाबाद से मेरठ जाते हुए रास्ते में दो युवकों ने छेड़खानी की। रेउसा, सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात स्वीपर ने बदनीयती से एक बालिका को दबोच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के जंगलराज में महिलाएं एवं बच्चियां सर्वाधिक अपमानित हुई है। बेटियों पर अत्याचार नहीं रुक रहा है। ग्रेटर नोएडा में छेड़खानी से परेशान दो बेटियां खुद को बचाने के लिए चलती बस से कूद पड़ीं। प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा छात्रा से छेड़खानी का वीडियो विचलित करने वाला है। जब प्रदेश भर में कानून व्यवस्था चौपट है तो उसमें सामान्यजन का जीवन हर क्षण संकट में ही रहता है।

## देवरिया के दो मेधावियों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को सलेमपुर देवरिया के दो युवाओं को कम्प्यूटर साइंस में उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन के लिए लैपटाप देकर सम्मानित किया। सलेमपुर देवरिया के ग्राम रक्सा निवासी सूर्य प्रकाश यादव ने लुधियाना पंजाब से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक किया है। इसी जनपद के दोगारी (रक्सा) निवासी अपर्णा यादव ने रूड़की से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक किया है। उनके भाई रमेश यादव ने लैपटाप ग्रहण किया। सपा प्रवक्ताा ने कहा कि अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार के कार्यकाल में मेधावी छात्रो को 18 लाख से ज्यादा लैपटाप दिए थे। सरकार न रहने के बावजूद हाईस्कूल, इंटर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी लैपटाप दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप दिए जाने का क्रम अभी भी जारी है।

## कुपोषित व क्षय रोग से पीड़ित बच्चों की सेवा को आगे आएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को फिरोजाबाद का भ्रमण कर प्रगति इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रीयल स्टेट स्थित कांच की फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा कांच उद्योग से जुड़े उद्यमियों से कारोबार को बेहतर बनाने के लिए विचार विमर्श किया।

इस मौके पर राज्यपाल ने मकर संक्रांति के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को प्रोत्साहित करते हुए सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत 500 रुपये जमा कराकर खुलवाये गये बैंक खाता पासबुक, बालिका के नाम की नेम प्लेट, बेबी केयर किट आदि को बालिकाओं के माताओं को वितरित किया। राज्यपाल ने फिरोजाबाद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न सजावटी एवं कलात्मक उत्पादों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं, साधन सम्पन्न लोगों को कुपोषित बच्चों तथा क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनकी सेवा करनी चाहिए। ये एक बहुत ही पुनीत कार्य है। कोरोना काल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कि कोरोना काल में अनेक स्वयं सेवी संस्थाओं ने अपनी स्वेच्छा से बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद की। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी संस्थाएं आगे आएं और कुपोषित एवं टीबी ग्रस्त बच्चों को गोद लें और उनके लिए उचित चिकित्सा, फल एवं पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी करें तथा निरोग एवं स्वस्थ बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

## ई-कोर्ट्स रुल्स अधिसूचित नहीं होने पर हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

**लखनऊ (विसं)।** ई-कोर्ट्स सेंट्रलाइज्ड कम्प्यूटर सर्विस रूल्स 2018 को अब तक अधिसूचित नहीं करने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तल्ख टिप्पणी की है। कहा है कि राज्य सरकार की निष्क्रियता की वजह से अदालती कामकाज में जोखिम पैदा हो रहा है। पीठ ने रुल्स को तीन माह में अधिसूचित करने का आदेश दिया है। साथ ही यह ताकीद भी किया है कि यदि ऐसा नहीं होता है, तो मुख्य सचिव को हाजिर होकर इसका कारण बताना होगा। मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। जस्टिस चन्द्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अजय सिंह व 26 अन्य की ओर से दाखिल सेवा सम्बंधी याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता रमेश कुमार सिंह ने सफाई दी कि रुल्स को कैबिनेट के समक्ष अप्रूवल के लिए रख दिया गया है। वहां से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात रुल्स को अधिसूचित कर दिया जाएगा। इस पर हाईकोर्ट प्रशासन के वकील गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि रुल्स को 2018 में बनाने के पश्चात सरकार को भेज दिया गया था। लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद अब तक अप्रूवल नहीं मिल सका है।

## मौसम के उतार-चढ़ाव के दौरान गन्ना फसल की सुरक्षा व प्रबन्धन पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आरण् भूसरेड्डी ने गन्ना कृषकों के हितों के दृष्टिगत मौसम के उतार चढ़ाव के दौरान गन्ने की फसल की सुरक्षा एवं प्रबंधन के लिए भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार कृषकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश कृषकों द्वारा नकदी फसल होने के कारण गन्ने की खेती विस्तृत क्षेत्रफल में की जाती है। प्रतिवर्ष गन्ने की खेती में वर्षा के कारण जल भराव, बाढ़ अथवा सूखा पड़ने के कारण गन्ने की बुवाई, निराई -गुड़ाई आदि में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसलिए गन्ना फसल के प्रबंधन एवं सुरक्षा के उपायों को अपनाकर मौसम के दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। गन्ना आयुक्त ने बताया कि जिन क्षेत्रों में सूखा पड़ने की आशंका हो अथवा वर्षा ऋतु में लंबी अवधि तक वर्षा न हो ऐसे क्षेत्रों में सूखा सहने की क्षमता से युक्त सूखा रोधी किस्मों की बुवाई करनी चाहिए। गन्ने की फसल में गन्ने की पताई अथवा पुआल का बिछावन पंक्तियों के बीच में डालने से भी बार-बार सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती। टपक सिंचाई अथवा छिड़काव विधि को अपनाने से पानी की बचत के साथ साथ अधिक उपज भी प्राप्त होती है। यदि सूखे की अवस्था में गन्ने की पत्तियां मुरझाने लगी हों तो जीवन रक्षक सिंचाई करने से पहले पोटाश उर्वरक का पानी में 5 प्रतिशत घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करने से सूखे का हानिकारक प्रभाव कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि जलभराव की स्थिति में जलप्लावित क्षेत्रों के लिए संस्तुत किस्मों की ही बुवाई करनी चाहिए। जलप्लावन ग्रस्त क्षेत्रों में गने की शरद कालीन बुवाई उत्तम है किन्तु शरद कालीन बुवाई संभव न होने पर बसन्त काल में गन्ने की अगेती बुवाई करनी चाहिए। बुवाई से पूर्व कार्बेण्डाजिम के 0.2 प्रतिशत घोल में 20 मिनट तक डुबोकर गन्ना बीज का उपचार करके गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि से करनी चाहिए तथा उर्वरकों का प्रयोग वर्षा ऋतु से पहले अवश्य कर लें। जलभराव के बाद की खड़ी फसल में पोटाश के 5 प्रतिशत घोल का छिड़काव करने से फसल की वृद्धि होती है तथा कीटों एवं रोगों का प्रकोप कम होता है। जल निकास की व्यवस्था होने पर जून माह के मध्य तक गन्ने की पंक्तियों पर मिट्टी अवश्य चढ़ा दें, जिससे जल निकासी के लिए नालियां बन जाती हैं तथा गन्ना फसल गिरने से बच जाती है। जलप्लावित क्षेत्र में पानी सूखने के बाद गन्ना फसल को शीघ्र ही चीनी मिल अथवा खाण्डसारी इकाई को आपूर्ति करें।

### ● गन्ना विकास विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवाइजरी

## महत्वाकांक्षी जनपदों के राजकीय महाविद्यालयों को मिलेंगे टैबलेट

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा की तर्ज पर महत्वाकांक्षी जनपदों में इंटरनेट की समस्या को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने राजकीय महाविद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह टैबलेट प्रीलोडेड होने के चलते ऑफलाइन संचालित हो सकेंगे। टैबलेट महाविद्यालयों की लाइब्रेरी में रखे जाएंगे। प्रदेश के महत्वाकांक्षी जनपद अपेक्षाकृत पिछड़े क्षेत्र है जिनमें छात्र छात्राएं मोबाइल, इण्टरनेट एवं अन्य ई.लर्निंग से संबंधित सामग्री से सुसज्जित नहीं है। इसी में दृष्टिगत महात्वाकांक्षी उक्त जनपदों के राजकीय महाविद्यालय में अध्यनरत् छात्र छात्राओं को टैबलेट उपलब्ध कराये जाने की शासन की योजना है, ताकि इन पिछड़े अंचलों के छात्र-छात्रा भी आनलाइन शिक्षण का लाभ प्राप्त कर अपने ज्ञानार्जन में वृद्धि कर सकें। इन 7 जनपदों में फतेहपुर, चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं बलरामपुर के 18 राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में प्रीलोडेड टैबलेट उपलब्ध कराये जाएंगे।

## राजधानी में 116, सूबे में मिले कोरोना के 506 नए मरीज

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 116 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 506 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 10080 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2203 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8543 मरीजों की और राजधानी में 1147 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,33,621 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,58,41,533 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 506 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 10,080 कोरोना के एक्टिव मामले में से 3,796 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक 3,48,335 लोग होम आइसोलेशन में गए हैंए जिसमें से 3,44,539 लोगों की होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है।

## धर्म परिवर्तन अध्यादेश की आड़ में उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ( विसं )।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने धर्म परिवर्तन अध्यादेश की आड़ में एक शादीशुदा जोड़े का उत्पीड़न नहीं करने का आदेश अमेठी पुलिस को दिया है। पीठ ने इसके साथ ही इस मसले पर राज्य सरकार से जवाब भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई एक हफ्ते बाद होगी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश चांदनी और उसके पति की याचिका पर दिया है। इनका कहना था कि तीन साल पहले इन्होंने अपनी मर्जी से विवाह किया था। उनके एक बच्चा भी है। वे शांतिपूर्वक अपना जीवन गुजार रहे हैं। लेकिन चांदनी का परिवार उनके रिश्ते के विरुद्ध था। इसलिए उसके पति के विरुद्ध अमेठी के कमरौली थाने में अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई। पीठ के समक्ष इनके वकील का कहना था कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 के लागू होने के बाद से पुलिस उन्हें लगातार परेशान कर रही है।

# अपनी समस्याएं पार्टी आलाकमान के समक्ष रखें असंतुष्ट नेता : एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक मंत्रिमंडल** में विस्तार के बाद पार्टी के भीतर उठ रही विरोध की आवाजों के बीच मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने बृहस्पतिवार को असंतुष्ट भाजपा नेताओं से कहा कि वे अपनी समस्याएं पार्टी आलाकमान के समक्ष रखें और दल को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां करने से बचें। मुख्यमंत्री ने 17 महीने पुराने अपने मंत्रिमंडल में बुधवार को विस्तार करते हुए सात नए मंत्रियों को शामिल किया जबकि आबकारी मंत्री एच. नागेश को कैबिनेट से बाहर किया गया। विस्तार के दौरान मंत्री बनने की अच्छा रखने वाले कुछ विधायकों को पद नहीं मिलने के बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना नाराजगी जाहिर की।

बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत में एदियुरप्पा ने कहा, अगर भाजपा विधायकों को कोई भी समस्या है तो वे दिल्ली जा सकते हैं, हमारे राष्ट्रीय नेताओं से मिल सकते हैं, उन्हें तमाम सूचनाएं दे सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मैं उसका विरोध नहीं करूंगा, लेकिन मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि गलत बातें बोलकर वे पार्टी की छवि खराब ना करें।

मुख्यमंत्री ने कहाकि उनकी शिकायतों पर फैसला केन्द्रीय नेतृत्व करेगा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को स्थिति की जानकारी है। दावणगेरे में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस मुद्दे पर जो उनके हाथ में था। एदियुरप्पा ने उनके खिलाफ गलत बोलने वाले लोगों को आगाह भी किया। एदियुरप्पा ने हालांकि आरआर नगर से विधायक मुनिरत्न को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के सवाल पर कुछ नहीं कहा। जबकि, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायक से मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि आरआर नगर सीट जीतने पर उन्हें मंत्री पद दिया जाएगा।

## अमित शाह ने अहमदाबाद के मंदिर में पूजा-अर्चना की

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को सादे तरीके से उत्तरायण उत्सव मनाया। शाह इस अवसर पर अपने गृह नगर की यात्रा पर हैं। अपने परिवार के सदस्यों के साथ जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। आरती की और परंपरा के अनुसार मंदिर में एक गाय और एक हाथी की भी पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। शाह ने ट्वीट किया, उत्तरायण के पावन अवसर पर आज अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।



अहमदाबाद में गृहमंत्री अमित शाह परिवार के साथ जगन्नाथ मन्दिर में गाय की पूजा-अर्चना करते हुए।


AXIS BANK

**PUBLIC NOTICE FOR - AUCTION OF PLEDGED ASSETS BEING GOLD ORNAMENTS**

**CHITTARANJAN PARK,BRANCH-K-1998,CHITTARANJAN PARK,NEW DELHI**
**DARYAGANJ,BRANCH-DARYAGANJ,18, NETAJI SUBHASH MARG,DARYAGANJ, ,NEW DELHI**
**GREATER NOIDA ,BRANCH-G-04, G-05, G-06, G-07,G-17, G-18, F-03, F-04, F-08 ,D-1 , ALPHA COMMERCIAL BELT-I,GREATER NOIDA 201 308, ,DIST/ GAUTAM BUDDHA NAGAR,**
**JANAKPURI,BRANCH-C3/21, JANAKPURI, NEW DELHI 110 058**
**KALKAJI, BRANCH-BASEMENT AND GROUND FLOOR, M-61, KALKAJI, NEW DELHI**
**LAJPAT NAGAR, BRANCH-BASEMENT AND GROUND FLOOR, B-6, LAJPAT NAGAR - II, NEW DELHI**
**NAZAFGARH,BRANCH-NEW DELHI,KHASRA NO/24/17/2 AND 24/17/3,MUNICIPAL NO/1643, MAIN ROAD,NAJAFGARH 110 043, NEW DELHI**
**NOIDA ,BRANCH-B2-B3, SECTOR 16,NOIDA 201 301,UTTAR PRADESH**
**SECTOR 14,GURGAON,BRANCH-SCO-29, SECTOR-14,NEAR HUDA OFFICE, OLD DELHI-GURGAON ROAD,GURGAON**
**SECTOR 16, FARIDABAD,BRANCH-BASEMENT & GROUND FLOOR, SCO – 8,SECTOR 16, HUDA SHOPPING CENTRE,FARIDABAD, HARYANA,**
**TILAK NAGAR,BRANCH-KIRPAL PLAZA, 4 A/1, ,TILAK NAGAR, NAZAFGARH ROAD,,NEW DELHI 110 018**

**VAISHALI,GHAZIABAD,BRANCH-MAHALUXMI METRO TOWER ,SHOP NO/G-5, G-6, G-7 & LG-6,C-2, SECTOR-4, VAISHALI, GHAZIABAD**
**ASHOK VIHAR,BRANCH-C-3, ASHOK VIHAR, PHASE I, NEW DELHI**
**SEC 54 GURGAON-SECTOR 54, GURGAON, GROUND FLOOR, NINEX TIME CENTRE, SUNCITY, SECTOR 54, GOLF COURSE ROADGURGAON, HARYANA**
**MEERA BAGH,BRANCH-MEERA BAGH, NEW DELHI,A-356, ,MEERA BAGH,,NEW DELHI**
**STATION, SHAHDARA, DELHI**
**ROHINI BRANCH-PLOT NO.-5,VIKAS SURYAN PLAZA,COMMUNITYCENTRE DC HOWK,SECTOR-9, ROHINI**
**DWARKA BRANCH ADDRESS - SHOP NO.G03,G04,G05,G06 & 1ST FLR,HL ARCADE SECTOR 5 (MLU) PLOT NO. 14, DWARKA**
**KAROL BAGH, BRANCH-6/83, PADAM SINGH ROAD, WESTERN EXTENSION AREA (WEA), KAROL BAGH 110 005, WEST DELHI**
**SHALIMAR BAGH, BRANCH-AM-196, ,SHALIMAR BAGH,DELHI**
**GHAZIABAD BRANCH ADDRESS - PLOT NO 3, N - 30 AMBEDKAR ROAD NEHRU NAGAR GHAZIABAD**
**SWASTHYA VIHAR, BRANCH -C-58, BASEMENT & GROUND FLOOR, PREET VIHAR, MAIN VIKAS MARG, NEW DELHI**
**VIKAS PURI ADDRESS GROUND FLOOR AND BASEMENT, G 12A, VIKASPURI NEW DELHI**

**LAJPAT NAGAR, BRANCH-BASEMENT AND GROUND FLOOR, B-6, LAJPAT NAGAR - II, NEW DELHI**
**SHAHDARA,BRANCH-GROUND AND FIRST FLOOR, PARSVNATH SHAHDARA METRO TOWER OPP. SHAHADARA METRO STATION, SHAHDARA, DELHI**
**NARAINA VIHAR BRANCH-E-9NARAINA VIHAR NEW DELHI**
**ROHINI WEST BRANCH - SHOP NO 13,14,15GROUND FLOOR,D MALL,NEW DELHI 110085**
**CHAWRI BAZAAR ,BRANCH – FIRST FLOOR, PROPERTY 3978-80, CHAWRI BAZAR, DELHI**
**PALAM VIHAR BRANCH - GROUND & FIRST FLOORS OFFICE SPACE NO. 02 SURYAS PALAM CENTRAL, H BLOCK OPP. CELEBRITY TOWERS PALAM VIHAR**
**BAHADUGARH ,BRANCH HOUSE NO 189/11, NEHRU PARK CHOWRI GALI, NATIONAL HIGHWAY -10 BAHADURGARH-124 507, DIST. JHAJJAR, HARYANA**
**NANGLOI ,BRANCH GROUND FLOOR AND FIRST FLOOR, PLOT NO 9 KHASRA NO.124/1,124/2, NARESH PARK,, NAJAFGARH ROAD, NANGLOI**
**PALAM BRANCH - WZ - 24 A , PALAM VILLAGE, 110045 CITY: DELHI**
**FARIDABAD ,BRANCH SHOP NO. - 6, CROWN COMPLEX, NEIGHBOURHOOD NO.2, 1 - 2 CHOWK, N.I.T., 121001**

THIS PUBLIC NOTICE IS GIVEN THAT THE GOLD ORNAMENTS (HERE IN REFERRED TO AS THE ASSETS) IS TO BE AUC TIONED ON " AS IS WHERE IS" BASIS. THE GOLD ORNAMENTS ARE PLEDGED TO THE BANK BY THE BELOW MENTIONED BOR ROWER/S AND GUARANTORS IN CONNECTION WITH THE LOAN FACILITY AVAILED AGAINST PLEDGE OF THE SAID GOLD ITEMS.

| NAME/ADDRESS/LOAN ACCOUNT NUMBER/TOTAL OUTSTANDING -EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES,FEES AND DAMAGES | GOLD (ASSETS) NET WEIGHT IN GRAMS/BASE-RESERVE PRICE | NAME/ADDRESS/LOAN ACCOUNT NUMBER/TOTAL OUTSTANDING -EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES,FEES AND DAMAGES | GOLD (ASSETS) NET WEIGHT IN GRAMS/BASE-RESERVE PRICE | NAME/ADDRESS/LOAN ACCOUNT NUMBER/TOTAL O UTSTANDING-EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES,FEES AND DAMAGES | GOLD (ASSETS) NET WEIGHT IN GRAMS/BASE-RESERVE PRICE |
|---|---|---|---|---|---|
| NAME VIVEK YADAV ADDRESS S/O SAMAR PAL YADAV, HOUSE NO -304, NEAR PEER BABA, SECTOR-72 TO 74, SARFABAD G.B. NAGARNEAR PEER BABA GAUTAM BUDDHA NAGAR UTTAR PRADESH 201304 LOAN ACCOUNT NO 920060049701084 TOTAL OUTSTANDING 888061.18 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 888061.18 | NAME TEJENDER SINGH ADDRESS A-1 ABUL FAZAL ENCLAVE PART 1 JAMIA NAGAR NEAR EASY DAY STORE DELHI DELHI 110025 LOAN ACCOUNT NO 920060020963746 TOTAL OUTSTANDING 145656 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 145656 | NAME ANITHA SREENIVASA RAO ADDRESS B101 AMRAPALI EXOTICA APARTMENTS E8 SECTOR 50 NOIDA UTTAR PRADESH 201301 LOAN ACCOUNT NO 918060056672525 TOTAL OUTSTANDING 107819.41 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 107819.41 |
| NAME NAMRATA MATTOO ADDRESS BPTP FREEDOM PARK LIFE 2, FLAT NO. 1403, BLOC K H, SEC 57 GURGAON HARYANA 122003 LOAN ACCOUNT NO 919060065882699 TOTAL OUTSTANDING 822668.87 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 822668.87 | NAME RAKESH KUMAR ADDRESS HOUSE NO 368 STREET NO 3 BLOCK B SONI MODERN PUBLIC SCHOOL ISMAILPUR AJAY NAGAR AMARNAGAR SONI MODERN SCHOOL FARIDABAD UTTAR PRADESH 121003 LOAN ACCOUNT NO 920060018954279 TOTAL OUTSTANDING 156196 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 156196 | NAME SHUCHI SETHI ADDRESS I-31 LAJPAT NAGAR I NEW DELHI DELHI 110024 LOAN ACCOUNT NO 919060076563644 TOTAL OUTSTANDING 90102.41 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME CHITTARANJAN PARK,NEW DELHI [D | NET GRAMS/ PRICE RS 90102.41 |
| NAME GHANISHT PRAKASH ADDRESS S/O JAI PRAKASH WARD NO 4 NEAR KDM SCHOOL SAINI ENCLAVE BALUDA RD SOHNA GURGAON HARYANA NEAR KDM SCHOOL SOHNA HARYANA 122103 LOAN ACCOUNT NO 920060050556842 TOTAL OUTSTANDING 630451.43 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 630451.43 | NAME KUSUM LATA ADDRESS B-26 SHREEJAN VIHAR AVAS VIKAS NYAY KHANDI INDIRAPURAM GHAZIABAD UTTAR PRADESH 201010 LOAN ACCOUNT NO 919060077000917 TOTAL OUTSTANDING 129640 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 129640 | NAME MOHD ARFEEN ADDRESS H. NO.- F- 279,STREET NO.- 27,NORTH EAST ,OLD MUSTAFABAD- EAST DELHI DELHI 110094 LOAN ACCOUNT NO 919060017240476 TOTAL OUTSTANDING 89661 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME TILAK NAGAR, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 89661 |
| NAME NAMITA JUNEJA ADDRESS K-44,FATEH NAGAR,NEAR TILAK NAGAR, DELHI DELHI 110018 LOAN ACCOUNT NO 919060011653906 TOTAL OUTSTANDING 629271.6 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME DWARKA, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 629271.6 | NAME PRAFUL KUMAR ADDRESS 169 BLK-D LAXMI PARK NANGLOISAMSANGHAT DELHI DELHI 110041 LOAN ACCOUNT NO 919060041251509 TOTAL OUTSTANDING 129365 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 129365 | NAME PRINCE KUMAR SINGH ADDRESS 187 FIRST FLOOR ROOM NO 5 MALIK PUR KOHI ALIAS RANG PURI SOUTH WEST DELHI NEAR HDFC BANK DELHI DELHI 110037 LOAN ACCOUNT NO 919060082807732 TOTAL OUTSTANDING 94953.69 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 94953.69 |
| NAME PRITPAL SINGH SARNA ADDRESS E 18 MUKHRAM GARDEN TILAK NAGAR DELHI DELHI DELHI 110018 LOAN ACCOUNT NO 919060089734277 TOTAL OUTSTANDING 590522 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME TILAK NAGAR, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 590522 | NAME ANJAVI PANDYA ADDRESS FLAT NO B 15 SARVE SANJHI APPA RTMENTS PLOT NO 8 SECTOR 9 NEW DELHI DELHI 110075 LOAN ACCOUNT NO 919060011681192 TOTAL OUTSTAN DING 137569.16 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SHALIMAR BAGH, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 137569.16 | NAME KIRAN VISHWAS PAINULY ADDRESS 446 BHAWALPUR CGHS LTD PLOT NO 1 SEC 4 DWARKA NEW DELHI DELHI 110078 LOAN ACCOUNT NO 918060106888984 TOTAL OUTSTANDING 84768.09 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME TILAK NAGAR, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 84768.09 |
| NAME MAMTA SINGH ADDRESS FLAT NO -19,B-4,PARAYTAN VIHAR VASUNGHARA ENCLAVE NEW DELHI UTTAR PRADESH 110096 LOAN ACCOUNT NO 919060093258677 TOTAL OUTSTANDING 562614 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 562614 | NAME ANIL KUMAR ADDRESS H NO-33-A QUTUB VIHAR PHASE-1 NAJAFGARH,SOUTH WEST DELHI,CHHAWLANEAR MCD SCHOOL NEW DELHI DELHI 110071 LOAN ACCOUNT NO 919060 073467901 TOTAL OUTSTANDING 151817 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME DWARKA, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 151817 | NAME SHIV CHARAN KHANNA ADDRESS B-61 KESHAV KUNJ NDMC SOCIETY VIKASPURI NEW DELHI DELHI 110018 LOAN ACCOUNT NO 919060096404729 TOTAL OUTSTANDING 75360.94 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 75360.94 |
| NAME VICKY SACHDEVA ADDRESS B-30 3RD FLOOR DUGGAL COLONY KHANPUR PUSHPA BHAWAN HAVZ KHAN BANSAL PROPERTY NEW DELHI DELHI 110062 LOAN ACCOUNT NO 919060036566298 TOTAL OUTSTANDING 554484 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 554484 | NAME DIMPLE SINGH ADDRESS J-1/378 S/F DDA FLAT KALKAJI, DELHI DELHI 110019 LOAN ACCOUNT NO 919060054903275 TOTAL OUTSTANDING 140504.94 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 140504.94 | NAME OM PARKASH ADDRESS H NO D8 GALI NO 13 RAJEEV NAGAR BHALASWA DAIRY NORTH WEST DELHI NORTH WEST DELHI DELHI 110042 LOAN ACCOUNT NO 919060081716671 TOTAL OUTSTANDING 84686 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 84686 |
| NAME YUVARAJ SINGH CHAUHAN ADDRESS S/O TEJPAL SINGH,GALI NO-3,VILLAGE CHHALERA SECTOR-44,NOIDA,GAUTAM BUDDHA NAGAR UTTAR PRADESHARENA CYBER CAFE NOIDA UTTAR PRADESH 201301 LOAN ACCOUNT NO 919060036525970 TOTAL OUTSTANDING 342730 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 342730 | NAME SUFAL RAVT ADDRESS C 17 BLK C DDA FLATS EAST OF KAILASH NEW DELHI DELHI 110065 LOAN ACCOUNT NO 919060021969767 TOTAL OUTSTANDING 153942 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 153942 | NAME GAUTAM KUMAR ADDRESS H NO 779 DESU WALI GALI MAHIPALPUR SOUTH WEST DELHI SOUTH WEST DELHI DELHI HARYANA 110037 LOAN ACCOUNT NO 919060074508313 TOTAL OUTST ANDING 71699.96 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 71699.96 |
| NAME SURENDER SINGH ADDRESS S O TEJPAL SINGH DAYALPUR 86 DAYALPUR FARIDABAD FARIDABAD HARYANA 121004 LOAN ACCOUNT NO 920060049320601 TOTAL OUTSTANDING 285923 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 285923 | NAME DEVENDER KUMAR ADDRESS HOUSE NO - 55, CHUCHNA MOHALLA BARAULI, NEAR PANCHAYATI GHAR, BARAULI (149) NEAR PANCHAYATI GHAR PALWAL HARYANA 121102 LOAN ACCOUNT NO 919060086981168 TOTAL OUTSTANDING 122038 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 122038 | NAME SANTOSH KUMAR ADDRESS H.NO- 858- A OLD VIJAY NAGAR,SECTOR-9 VIJAY NAGAR GHAZIABAD,NEAR H- 133 GHAZIABAD UTTAR PRADESH 201009 LOAN ACCOUNT NO 919060095489532 TOTAL OUTSTANDING 73640.12 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 73640.12 |
| NAME SANGEETA SURI ADDRESS 134 GUJRAWALA TOWN PART 2NEAR LAXMAN DWAR NEW DELHI DELHI 110009 LOAN ACCOUNT NO 919060034123981 TOTAL OUTSTANDING 293150.13 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 293150.13 | NAME ARUN SO OMPARKASH ADDRESS S/O OMPARKASH HOUSE NO 160 VPO GHATTA GURGAON GURGAON HARYANA 122011 LOAN ACCOUNT NO 919060005715588 TOTAL OUTSTANDING 169862 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 169862 | NAME MAYANK DIXIT ADDRESS H NO- 650 WARD NO-8 JAIN MOHALLA , VILL- JHARSA GURGAON HARYANA 122001 LOAN ACCOUNT NO 919060085136992 TOTAL OUTSTANDING 91533 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 91533 |
| NAME GURMEET SINGH ADDRESS H NO 3 SECOND FLOOR FLAT NO 8 BLOCK A1 SEWAK PARK UTTAM NAGAR NEW DELHI DELHI 110059 LOAN ACCOUNT NO 920060016222015 TOTAL OUTSTANDING 266735.95 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 266735.95 | NAME VINAYAK PANDEY ADDRESS F 2 02 PEARL COURT RAMPRASTHA GREEN VAISHALI SECTRO 7 I.E., SAHIBABAD UTTAR PRADESH 201010 LOAN ACCOUNT NO 919060057629952 TOTAL OUTSTANDING 127429.64 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 127429.64 | NAME ARUNENDRA KUMAR RAM ADDRESS E-10 HARKESH NAGAR OKHLA TANK GBSS SCHOOL NEW DELHI DELHI 110020 LOAN ACCOUNT NO 919060088918630 TOTAL OUTSTANDING 68902 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 68902 |
| NAME KRISHAN KUMAR ADDRESS JALHAKA JALHAKA JALHAKA PALWAL . HARYANA 121102 LOAN ACCOUNT NO 919060025680543 TOTAL OUTSTANDING 277148.88 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 277148.88 | NAME SACHIN KUMAR BHAGAT ADDRESS 290/4 FLAT.NO-A1,BIHARI PARK,DEOLI DEOLI, HAUZ KHASNEAR MATA MANDIR DELHI DELHI 110062 LOAN ACCOUNT NO 920060020576326 TOTAL OUTSTANDING 123313 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 123313 | NAME LALIT KUMAR ADDRESS H.NO 2 SUKANA MOHALLA NEAR CHOUPAL AMROLI PALWAL HARYANA 121102 LOAN ACCOUNT NO 919060062326839 TOTAL OUTSTANDING 77677.53 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 77677.53 |
| NAME VIKRAM SINGH SHEORAN ADDRESS B-1/1102 BHARAT CITY INDRAPRASTH YOJNA NISKU DELHI 201003 LOAN ACCOUNT NO 919060087927556 TOTAL OUTSTANDING 272442 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 272442 | NAME NASEERUDDIN MOHAMMAD REHAN BEG ADDRESS FLAT NO 1001, B-15, SUPERTECH ECO VILLAGE -2, GH-01, SECTOR-16B, GREATER NOIDA WEST GAUTAM BUDDHA NAGA R UTTAR PRADESH 201301 LOAN ACCOUNT NO 918060091210328 TOTAL OUTSTANDING 120566 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 120566 | NAME MUN MUN GOGOI ADDRESS D/O HARI KANTA GOGOI C 1607 SUSHANT LOK I GALLERIA DLF IV . GURGAON HARYANA 122009 LOAN ACCOUNT NO 919060061509684 TOTAL OUTSTANDING 80125.61 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 80125.61 |
| NAME ANIL SHARMA ADDRESS H NO 2204SEC-9 FARIDABAD HARYANA 121006 LOAN ACCOUNT NO 920060005375546 TOTAL OUTSTANDING 238449 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 238449 | NAME KUMAR SANDIP ADDRESS B 182 PHASE 1 NEW PALAM VIHAR CARTARPURI ALAIS DAULATPUR NASIRABAD GURGAON GURGAON HARYANA 122017 LOAN ACCOUNT NO 919060036882105 TOTAL OUTSTANDING 108221 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 108221 | NAME ANIL KAPOOR ADDRESS 553 FF KANISHKA RESIDENCY SEC 35 FARIDABAD HARYANA 121003 LOAN ACCOUNT NO 919060044569775 TOTAL OUTSTANDING 90276.82 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 90276.82 |
| NAME AMIT DHINGRA ADDRESS RZ-T, 54 SHUKAR BAZAR UTTAM NGR, NR OIL DEPOT NEW DELHI DELHI 110010 LOAN ACCOUNT NO 919060019951552 TOTAL OUTSTANDING 234731.96 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME TILAK NAGAR, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 234731.96 | NAME ANIL KUMAR ADDRESS H NO-33-A QUTUB VIHAR PHASE-1 NAJAFGARH,SOUTH WEST DELHI,CHHAWLANEAR MCD SCHOOL NEW DELHI DELHI 110071 LOAN ACCOUNT NO 919060073481253 TOTAL OUTSTANDING 127797.92 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME DWARKA, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 127797.92 | NAME RAKESH KUMAR ADDRESS S/O LAKSHMINARAYAN VILL BEWAL MOHINDERGARH . HARYANA 123401 LOAN ACCOUNT NO 918060092495623 TOTAL OUTSTANDING 78520.74 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 78520.74 |
| NAME SOURENDRA PRASAD BANDYOPADHYAY ADDRESS PLOT NO.334/2B, FIRST FLOOR SECTOR -2B VAISHALI GHAZIABAD UTTAR PRADESH 201010 LOAN ACCOUNT NO 919060008668292 TOTAL OUTSTANDING 221175 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 221175 | NAME DAYANAND YADAV ADDRESS HOUSE N O- 434 GALI NO- 1/15 B,BASAI ENCLAVE FARRUKHNAGAR,GURGAON,BASAIBASAI CHOWK BASAI HARYANA 122006 LOAN ACCOUNT NO 919060010174639 TOTAL OUTSTANDING 120862 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 120862 | NAME DEBAMITRA BHATTACHARYA ADDRESS B-292 2ND FLR C R PARK OPP NEHRU APPARTMENT NEW DELHI DELHI 110019 LOAN ACCOUNT NO 919060047611851 TOTAL OUTSTANDING 65694 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 65694 |
| NAME DHARMENDAR ADDRESS HOUSE NO. 238,KOOD,PALI GOAN, FARIDABAD - PALI HARYANA 121004 LOAN ACCOUNT NO 919060040395505 TOTAL OUTSTANDING 216489.82 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 216489.82 | NAME PURNIMA SINGH ADDRESS HOSUE NO 426 CHAUPAL WALI GALI FARIDABA D WARD NO 20 SATVEER PAHALWAN COLONY AMRANAGAR FARIDABAD DELHI 121003 LOAN ACCOUNT NO 919060085509963 TOTAL OUTSTANDING 112945 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 112945 | NAME MALAVIKA SHARMA ADDRESS B 845 GREENFIELD COLONY FARIDABAD DELHI 121003 LOAN ACCOUNT NO 918060020269241 TOTAL OUTSTANDING 76942.28 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 76942.28 |
| NAME KUSUM LATA ADDRESS B-26 SHREEJAN VIHAR AVAS VIKAS NYAY KHANDI INDIRAPURAM GHAZIABAD UTTAR PRADESH 201010 LOAN ACCOUNT NO 919060076612092 TOTAL OUTSTANDING 209216 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 209216 | NAME RAJEEV MEHTA ADDRESS C301, SPRINGVIEW FLOORS SARE HOMES CRESCENT PARC TOWNSHIP NH24, NEAR LAL KUAN . UTTAR PRADESH 201002 LOAN ACCOUNT NO 9190600833701 01 TOTAL OUTSTANDING 105644 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 105644 | NAME GANDHARV BAZAZ ADDRESS A-288 BLOCK-A, SOUTH DELHI,,NEW FRIENDS COLONY S.ONEW FRIENDS COLONY SOUTH DELHI DELHI 110025 LOAN ACCOUNT NO 919060039414020 TOTAL OUTSTANDING 70419 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 70419 |
| NAME RAHUL ADDRESS LEIGHTON INDIA CONTRACTORS PVT LTD DLF CAMELLIAS GOLF COURSE ROAD DLF CITY PHASE-V, SEC- 42 GURGAON, HARYANA. GURGAON HARYANA 122001 LOAN ACCOUNT NO 920060039592023 TOTAL OUTSTANDING 221828.66 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 221828.66 | NAME NATTHA SINGH ADDRESS J-220/21 VISHNU GARDEN NEAR SHAKTI MANDIR NEW DELHI DELHI 110018 LOAN ACCOUNT NO 92006001491 8237 TOTAL OUTSTANDING 113961.05 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VIKASPURI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 113961.05 | NAME MANGAL SINGH RAWAT ADDRESS HOUSE NO 1944 GALI NO-4 LAXMAN VIHAR PHASE-2 GURGAON SHANIDEV MANDIR GURGAON HARYANA 122001 LOAN ACCOUNT NO 918060105224354 TOTAL OUTSTANDING 69565.49 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 69565.49 |
| NAME PARVEEN PANDEY ADDRESS KH NO-11/15, 1, DIPANSHU COLONY JH ARODA, KAMAL PUR MAJRA BURARI, NORTH DELHI, DELHINEAR SCHOOL DELHI DELHI 110084 LOAN ACCOUNT NO 920060041539272 TOTAL OUTSTANDING 197050 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 197050 | NAME BINDU ADDRESS FLAT NO 8 BLOCK H TYPE SECOND NEW POLICE LIN NEAR MODEL TOWN METRO STATION KINGSWAY CAMP DR MUHKERJEE NAGAR DR MUKHERJEE NAGARNORTH WEST DELHI NEAR MODEL TOWN METRO DELHI DELHI 110009 LOAN ACCOUNT NO 920060041496317 TOTAL OUTSTANDIN G 102703 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 102703 | NAME AMIT KUMAR RAY ADDRESS H NO-11 BABA MOHHALA AYANAGAR, NEW DELHI HARYANA 110047 LOAN ACCOUN T NO 919060060174061 TOTAL OUTSTANDING 66694 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 66694 |
| NAME PRAVIN PANDEY ADDRESS B-12, SECOND FLOOR, B-BLOCK, STREET NO.-2, NE AR PILI KOTHI, NEW ASHOK NAGAR, NEW DELHI UTTAR PRADESH 110096 LOAN ACCOUNT NO 919060032949899 TOTAL OUTSTANDING 198155.26 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 198155.26 | NAME IMRAN MALIK ADDRESS SO LEELA MALIK 99 MIRZAPUR DAIRY ZONE BALLABGARH FARIDABAD HARYANA 121004 LOAN ACCOUNT NO 919060088866322 TOTAL OUTSTANDING 116901 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 116901 | NAME BISHWAJIT KUMAR SINHA ADDRESS 12-A,2 FLOOR, BLOCK A1, ISLAMPUR(97) GURGAON HARYANA 122018 LOAN ACCOUNT NO 919060060931291 TOTAL OUTSTANDING 60982 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 60982 |
| NAME ANUKRITI SAINI ADDRESS FLAT NO.102,EDELWEISS TOWER,BT-10 OMAXE HEIGH TS,SECTOR-86 FARIDABAD HARYANA 121002 LOAN ACCOUNT NO 919060060879119 TOTAL OUTSTANDING 172411 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 172411 | NAME MALAVIKA SHARMA ADDRESS B 845 GREENFIELD COLONY FA RIDABAD DELHI 121003 LOAN ACCOUNT NO 918060020256436 TOTAL OUTSTANDING 126281.96 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 126281.96 | NAME SARFARAZ ADDRESS M N 2867 68 GALI SHANKER BAZAR SITA RAM KAPOOR PROP DEELAR DARYAGANJ DELHI DELHI 110006 LOAN ACCOUNT NO 919060036694607 TOTAL OUTSTANDING 68114.84 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME DARYAGANJ, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 68114.84 |
| NAME VINAY DIXIT ADDRESS S/O RAJDHAN DIXIT FLAT NO 303 TOWER 4 ORANGE COUNTY AHINSA KHAND 1 INDIRAPURAM SHIPRA SUN . UTTAR PRADESH 201014 LOAN ACCOUNT NO 919060017862432 TOTAL OUTSTANDING 178651.53 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 178651.53 | NAME SUNIL KUMAR ADDRESS H NO- 2261, BLOCK E-2, GALI NO. 62 MOLAR BAND EXTN. BADARPUR , NEW DELHI DELHI 110044 LOAN ACCOUNT NO 919060022055674 TOTAL OUTSTANDING 122440.54 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 122440.54 | NAME MANOJ BHATIA ADDRESS 1675, SECTOR 31-32, HOUSING BOARD COLONY, JHARSA ROAD, GURGAON HARYANA 122001 LOAN ACCOUNT NO 919060072555739 TOTAL OUTSTANDING 67822.9 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 67822.9 |
| NAME VIVEK MURTI ADDRESS FLAT NO 1246 , THIRD FLOOR, BLOCK B, SEC 42, FARIDABA D HARYANA 121003 LOAN ACCOUNT NO 917060085591117 TOTAL OUTSTANDING 195870 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 195870 | NAME PUNEET KUMAR ADDRESS H NO-C-44/23A GALI NO-7B GAMRI EXTENSION BHAJAN PURA DELHI DELHI 110053 LOAN ACCOUNT NO 919060040135811 TOTAL OUTSTANDING 119793.99 (EXCLUD ING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME DARYAGANJ, DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 119793.99 | NAME GHANSHYAM ADDRESS D2/37 NAND NAGRI NORTH EAST DELHI-93 . DELHI 110093 LOAN ACCOUNT NO 919060045318095 TOTAL OUTSTANDING 55076.93 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SWASTHYA VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 55076.93 |
| NAME MONU BHATI ADDRESS PREMPAL SINGH BHATI RONIJA GAUTAM BUDDHA NAGAR GAUTAM BUDDHA NAGAR UTTAR PRADESH 203209 LOAN ACCOUNT NO 920060049875732 TOTAL OUTSTANDING 147942 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 147942 | NAME BHARAT KUKREJA ADDRESS HOUSE B 131 G UJRAWALA TOWN MUKHRJEE NAGAR DELHI NORTH WEST DELHI DELHI 110009 LOAN ACCOUNT NO 920060050454335 TOTAL OUTSTANDING 97826 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME ASHOK VIHAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 97826 | NAME AMIT VERMA ADDRESS AXIS SECURITIES LTD 1/26 28/29 LIC SUNLIGHT BUILDING 2ND FLOOR ASAF ALI ROAD NEW DELHI DELHI 110002 LOAN ACCOUNT NO 920060019579707 TOTAL OUTSTANDING 57247 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 57247 |
| NAME DHANANJAY SINGH ADDRESS HOUSE NO 146 1ST FLOOR SARASWATI VIHAR GURGAON KTY HARYANA 122001 LOAN ACCOUNT NO 920060002200195 TOTAL OUTSTANDING 159551 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 159551 | NAME AMIT KUMAR GOYAL ADDRESS 211 JANTA FLATS VIVEK VIHAR NEAR DURGA MANDIR DELHI UTTAR PRADESH 110095 LOAN ACCOUNT NO 919060037612741 TOTAL OUTSTANDING 113276.56 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME NOIDA [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 113276.56 | NAME MD NAJMUDDIN ANSARI ADDRESS DTE OF SYSTEMS DEVELOPMENT AIR HQ PB CGO COMPLEX NEW DELHI DELHI 110003 LOAN ACCOUNT NO 919060074492357 TOTAL OUTSTANDING 78357 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME KALKAJI, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 78357 |
| NAME SACHIN KUMAR BHAGAT ADDRESS 290/4 FLAT.NO-A1,BIHARI PARK,DEOLI DEOLI, HAUZ KHASNEAR MATA MANDIR DELHI DELHI 110062 LOAN ACCOUNT NO 920060020564543 TOTAL OUTSTANDING 159724 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME LAJPAT NAGAR, NEW DELHI [DL] | NET GRAMS/ PRICE RS 159724 | NAME RAJEEV MEHTA ADDRESS C301, SPRINGVIEW FLOORS SARE HOMES CRESCENT PARC TOWNSHIP NH24, NEAR LAL KUAN . UTTAR PRADESH 201002 LOAN ACCOUNT NO 919060083360670 TOTAL OUTSTANDING 93260.25 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME VAISHALI, GHAZIABAD [UP] | NET GRAMS/ PRICE RS 93260.25 | NAME GAUTAM KUMAR ADDRESS H NO 779 DESU WALI GALI MAHIPALPUR SOUTH WEST DELHI SOUTH WEST DELHI DELHI HARYANA 110037 LOAN ACC OUNT NO 918060102241675 TOTAL OUTSTANDING 51662.92 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 51662.92 |
| | | NAME TEJPAL ADDRESS S/O BHIM SINGH SOLRA189 MOHNA PALWAL HARYANANEAR HOLI CHOWK PALWAL HARYANA 121004 LOAN ACCOUNT NO 918060041906150 TOTAL OUTSTANDING 99497 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 16, FARIDABAD [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 99497 | NAME BISHWAJIT KUMAR SINHA ADDRESS 12-A,2 FLOOR, BLOCK A1, ISLAMPUR(97) GURGAON HARYANA 122018 LOAN ACCOUNT NO 919060042812 774 TOTAL OUTSTANDING 55780 (EXCLUDING UN-APPLIED INTEREST AND OTHER FINANCIAL CHARGES, FEE AND DEMAGES) BRANCH NAME SECTOR 14, GURGAON [HR] | NET GRAMS/ PRICE RS 55780 |

**TERMS & CONDITIONS OF TENDER**

**THE ABOVE BASE PRICE IS NOT THE FINAL PRICE. ACTUAL BASE PRICE WILL BE GIVEN ON THE AUCTION DAY/DATE TO THE TENDERERS ON WHICH THE AUCTION BID WILL BE CONSIDERED.**
THE OFFERS IN THE PRESCRIBED TO BE HANDED TO THE CONCERNED BRANCH OFFICIAL DURING WORKING HOURS **ON 25-JAN-2021. TENDERS RECEIVED AFTER THE DUE DATE & TIME WILL NOT BE CONSIDERED.**
THE SAID PROPERTIES IS/ARE OFFERED FOR SALE ON "**AS IS WHERE IS","WHATEVER THERE IS" AND " NO RECOURSE" BASIS**.THE BANK DOESNOT UNDERTAKE ANY RESPONSIBILITY TO STANDARD PURITY AND/OR ANY OTHER DUES, TAXES, IS ANY, IN RESPECT OF THE SAID PROPERTY.
TENDERS WILL BE OPENED BY THE BANK ON THE AUCTION DATE IN THE PRESENCE OF THE TENDERERS WHO MAY CHOO SE TO REMAIN PRESENT ON THE DAY AND TIME AS SAID BELOW, INTER ALIA, FOR RAISING/REVISING THEIR RESPECTI VE OFFERS.

1. BRANCH (**DARYAGAN J**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
2. BRANCH (**FARIDABAD**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
3. BRANCH (**GREATER NOIDA**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
4. BRANCH (**JANAKPURI**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
5. BRANCH (**KALKAJI**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
6. BRANCH (**LAJPAT NAGAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
7. BRANCH (**NOIDA**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
8. BRANCH (**SECTOR 14,GURGAON**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
9. BRANCH (**TILAK NAGAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
10. BRANCH (**VAISHALI GHAZIABAD**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
11. BRANCH (**MEERA BAGH**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
12. BRANCH (**DWARKA**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
13. BRANCH (**GHAZIABAD**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
14. BRANCH (**SHALIMAR BAGH**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
15. BRANCH (**CHITTARANJAN PARK** ), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
16. BRANCH (**LAJPAT NAGAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
17. BRANCH (**SECTOR 16, FARIDABAD**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
18. BRANCH (**SWASTHYA VIHAR** ), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
19. BRANCH (**VIKASPURI**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
20. BRANCH (**NARAINA VIHAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
21. BRANCH (**PALAM VIHAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
22. BRANCH (**NANGLOI**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
23. BRANCH (**BAHADURGARH**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
24. BRANCH (**PALAM**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
25. BRANCH (**ASHOK VIHAR**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM
26. BRANCH (**ROHINI**), AUCTION DATE (25-JAN-2021) AND AUCTION TIME -12-3 PM

THE BANK RESERVES ITS RIGHT TO ACCEPT OR REJECT THE OFFER AT ITS SOLE DISCRETION.
ANY DISPUTES / DIFFERENCES ARISING OUT OF SALE OF THE SAID PROPERTY/ OFFERED FOR SALE SHALL BE SUBJECT TO THE EXCLUSIVE JURISDICTION OF COURTS / TRIBUNALS AT **MUMBAI** ONLY.
**DATE: 15:01:2021**
**PLACE: NEW DELHI** **AUTHORIZED OFFICER, AXIS BANK LTD.**



लखनऊ में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भाग लेती हुई उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की महिलाएं

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे टीकाकरण अभियान की शुरुआत

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी आगामी 16 जनवरी को देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे और इसके मद्देनजर सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में टीकों की पर्याप्त खुराकें भेज दी गई हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 जनवरी को सुबह 10.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। इस कार्यक्रम से सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 3006 स्थान डिजिटल माध्यम से जुडेंगे और हर केंद्र पर 100 लाभार्थियों का टीकाकरण होगा। बयान में कहा गया कि यह टीकाकरण अभियान जन भागीदारी के सिद्धांत के तहत प्राथमिकता के आधार पर चलाया जाएगा जिसमें पहले चरण के तहत सरकारी व निजी क्षेत्रों के स्वास्थ्यकर्मियों और आईसीडीएस कर्मियों का टीकाकरण किया जाएगा। बयान के मुताबिक, नागर विमानन मंत्रालय के सक्रिय सहयोग से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में टीकों की पर्याप्त खुराकें भेजी गई हैं तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने इन्हें सभी जिलों में भेज दिया है। टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाने और टीका वितरण कार्यक्रम की निगरानी के लिए को-विन (कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क) नामक एक डिजिटल मंच भी तैयार किया गया है। सरकार की ओर से कोविड-19 महामारी, टीकाकरण और इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित सवालों के समाधान के लिए 24 घंटे और सातों दिन संचालित होने वाले कॉल सेंटर और हेल्पलाइन 1075 स्थापित की गई है। इससे इतर, सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों के कुछ स्वास्थ्यकर्मियों के साथ संवाद भी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और सफदरजंग अस्पताल के अधिकारियों ने कहा है कि वे दोतरफा संवाद के लिए आवश्यक सभी इंतजाम के साथ तैयार हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री 16 जनवरी को देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रपति कार्यालय से विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है कि पोलियो टीकाकरण दिवस, जिसे पोलियो रविवार के रूप में मनाया जाता है, को बदलकर 31 जनवरी कर दिया जाए। देश में कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण अभियान के पहले दिन 16 जनवरी को करीब तीन लाख स्वास्थ्य कर्मियों को 2,934 केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। प्रत्एक टीकाकरण सत्र में अधिकतम 100 लाभार्थी होंगे। सरकार द्वारा खरीदे गए कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके की 1.65 करोड़ खुराकें उनके स्वास्थ्यकर्मियों के आंकडों के अनुसार राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को आवंटित की गई है। मंत्रालय ने कहा, इसलिए किसी भी राज्य से भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। यह आरंभिक स्तर पर दी गई खुराक है। इसलिए कम आपूर्ति किए जाने को लेकर जताई जा रही चिंताए निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे 10 फीसदी आरक्षिताबर्बाद खुराकों और रोजाना प्रत्एक सत्र में औसतन 100 टीकाकरण को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण सत्रों का आयोजन करें। राज्यों से यह भी कहा गया है कि प्रत्एक टीका केंद्र पर हड़बड़ी में तय सीमा से ज्यादा संख्या में लोगों को न बुलाएं। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को टीकाकरण सत्र स्थलों को बढ़ाने की सलाह दी है और उनके रोजाना संचालन की बात कही है ताकि टीकाकरण प्रक्रिया स्थिर हो सके और आगे सुचारू रूप से बढ़ सके। ज्ञात हो कि पहले चरण में तीन करोड़ लोगों का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें स्वास्थ्यकर्मी और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी शामिल हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके कोवैक्सीन को देश में सीमित आपात इस्तेमाल के लिए भारत के औषधि नियामक की ओर से पिछले दिनों मंजूरी दी गई थी।

भारत में टीकाकरण अभियान के लिए 2360 लोगों को राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें राज्य टीकाकरण अधिकारी, प्रशीतन श्रृंखला अधिकारी, आईईसी अधिकारी तथा अन्य भागीदार शामिल हैं। इसके अलावा 61 हजार से ज्यादा कार्यक्रम प्रबंधन, दो लाख टीकाकरण कर्मी तथा तीन लाख 70 हजार अन्य कर्मियों को राज्य, जिला और खण्ड स्तर पर प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए उठाए गए कदमों से व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा : हर्षवर्धन

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिभर्ता के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा। स्वराज्य पत्रिका द्वारा वेदांता लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इंडिया एज हेल्थ हब नामक कार्यक्रम में एक सत्र को संबोधित करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 60,000 करोड़ रुपए का आत्मनिर्भर भारत पैकेज स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में मजबूती लाएगा।

उन्होंने कहा कि मुझे यह उल्लेख करते हुए खुशी हो रही है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए हमने जो कदम उठाए हैं, उनके परिणामस्वरूप व्यापक रोजगार उत्पन्न होगा। हर्षवर्धन ने कहा कि पैकेज से भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम पंक्ति का स्वास्थ्य कार्यबल स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 600 से अधिक जिलों में गहन देखभाल अस्पताल ब्लॉक का विकास इस तरह के जिलों को अन्य सेवाओं में बाधा के बिना संक्रामक रोगों के उपचार के लिए समग्र उपचार उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारत केवल तभी प्रगति कर सकता है जब प्रत्एक नागरिक प्रगति करे और प्रत्एक नागरिक की प्रगति के लिए हमें आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब विदेशी सामान का बहिष्कार करना नहीं, बल्कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा में विश्वास करना है। इसका मतलब दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता खत्म करना तथा विकास और प्रगति की ओर बढ़ना है।

कोविड-19 महामारी के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत ने लॉकडाउन के समय का इस्तेमाल स्वास्थ्य अवसरंचना को मजबूत करने, स्वास्थ्यकमर्मियों के क्षमता निर्माण तथा देश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया। उन्होंने कहा, आज हम स्वदेशी पीपीई किट, मास्क इत्यादि के निर्माण में स्व-सक्षम हैं।

## भारतीय सेना ने स्विच ड्रोन खरीदने के लिए आइडियाफोर्ज के साथ दो करोड़ डॉलर का करार किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने स्विच ड्रोन के अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले संस्करण की खरीद के लिए आइडियाफोर्ज कंपनी के साथ लगभग दो करोड़ डॉलर के करार पर हस्ताक्षर किए हैं। मुंबई आधारित कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इस करार के तहत कितने मानवरहित विमान खरीदे जाएंगे। बयान में कहा गया कि यह ड्रोन दिन-रात निगरानी के लिए अधिक ऊंचाई पर और विपरीत मौसम स्थितियों में तैनात किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि भारतीय सेना को आइडियाफोर्ज के स्विच ड्रोन के अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले संस्करण की अज्ञात संख्या में आपूर्ति एक साल के भीतर की जाएगी।

# भारत में कोविड-19 के 20 हजार से कम नए मामले आ रहे हैं सामने

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत में लगातार सात दिन से रोजाना कोविड-19 के 20 हजार से कम नए मामले सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 16,946 नए मामले सामने आए। वहीं इस अवधि में 17,652 और लोग संक्रमण मुक्त भी हुए।वहीं, भारत में कोरोना वायरस से मौत के मामलों में भी कमी आ रही है।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 20 दिनों से रोजाना 300 से कम मौत के मामले सामने आए हैं। उसने बताया कि भारत में आज की तारीख में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है। वहीं, मृत्यु दर 22 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रीय मृत्यु दर से कम है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 2,13,603 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.03 प्रतिशत है।

25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में उपचाराधीन मामले पांच हजार से कम हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में कुल 10,146,763 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जिनमें से 82.67 प्रतिशत लोग 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। उसने बताया कि केरल में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 5,158 लोग संक्रमण मुक्त हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 3,009 और छत्तीसगढ़ में 930 लोग इस अवधि में ठीक हुए। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण मुक्त हुए 76.45 प्रतिशत लोग सात राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से थे।

वहीं, केरल में सबसे अधिक 6,004 नए मामले भी सामने आए। इसके बाद महाराष्ट्र और कर्नाटक में क्रमश: 3,556 और 746 नए मामले सामने आए। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में वायरस से 198 लोगों की मौत हुई। उसने बताया कि मौत के 75.76 प्रतिशत नए मामले छह राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश में सामने आए। इसमें से महाराष्ट्र के सबसे अधिक 70 लोग थे। इसके बाद केरल के 26 और पश्चिम बंगाल के 18 लोग थे।

# नेपाल के विदेश मंत्री ज्ञवाली भारत के दौरे पर आए

**भाषा।** नई दिल्ली

**नेपाल** के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे जहां वे विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक करेंगे और नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की बैठक में हिस्सा लेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली 14-16 जनवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान ज्ञवाली नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की छठी बैठक में भाग लेंगे और विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक शुक्रवार को होगी। प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त आयोग महत्वपूर्ण तंत्र होता है जो उच्च स्तरीय चर्चा का अवसर प्रदान करता है। इसमें द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा के साथ दोनों देशों के अनोखे संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के संबंध में राजनीतिक मार्गदर्शन मिलता है। श्रीवास्तव ने कहा, हम विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर रचनात्मक वार्ता को लेकर आशान्वित हैं। नेपाल के विदेश मंत्री अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ सीमा मुद्दे, कोविड-19 सहयोग समेत अन्य द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, ज्ञवाली के साथ नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पोडियाल तथा स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय की सचिव लक्ष्मी अरयाल आ रहे हैं।

बहरहाल, एक सवाल के जवाब में श्रीवास्तव ने कहा कि सीमा मुद्दे पर भारत का रूख स्पष्ट है और संयुक्त आयोग और सीमा मुद्दे से जुड़ा तंत्र अलग अलग है। नेपाल सरकार द्वारा पिछले साल विवादित नया नक्शा प्रकाशित किए जाने के कारण उभरे सीमा विवाद के बाद इस देश के किसी वरिष्ठ नेता की यह पहली भारत यात्रा है। इस विवादित नक्शे में भारतीय क्षेत्र लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दर्शाया गया था।

नेपाल के इस कदम पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी और उसके दावे को खारिज किया था। बहरहाल, नेपाल में संसद भंग किए जाने और चुनाव कराने के फैसले एवं चीन के हस्तक्षेप के बारे में एक सवाल के जवाब में भारत में विदेश मंत्रालय ने सतर्क प्रतिक्रिया देते हुए हाल में कहा था कि वह पड़ोसी देश और वहां के लोगों का शांति, समृद्धि और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने में समर्थन करना जारी रखेगा।

## सीडीएस जनरल रावत तथा सेना प्रमुख ने पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने युद्ध के समय में साहस का प्रदर्शन किया है और अपने नागरिकों की करूणा के साथ सहायता की है। वहीं पूर्व सैनिक सशस्त्र बलों के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। जनरल रावत ने पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर संदेश में कहा कि सशस्त्र बलों को पूर्व सैनिकों से मार्गदर्शन हासिल करते रहना चाहिए, जिन्होंने सेना के अनुकरण के लिए उच्च मानक स्थापित किए। सीडीएस ने कहा कि पूर्व सैनिक हमारी ताकत और हमारे प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने युद्ध के समय में साहस का प्रदर्शन किया है और अपने नागरिकों की करू-णा के साथ सहायता की है। यह गुण हमारे देश के पूर्व सैनिकों ने हमारे अंदर पैदा किए हैं।

# पेज 1 का शेष

## टीके के...

वैक्सीन बनाने से कतराने लगेंगीं। इसलिए सरकार को उनकी बात पर ध्यान देना चाहिए। वास्तव में कोवैक्स और दूसरे देष इस संबंध मकें बात करने लगे हैं। अदार पूनावाला ने गुरुवार को एक बार फ्रि एक कार्यक्रम में अपनी बात दोहराते हुए कहा कि यदि निर्माता कंपनियों को मुकदमों के खिलाफ सुरक्षा नहीं मिली तो वैक्सीन की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, सरकार उनके अनुरोध को स्वीकार करती नहीं दिख रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी है और इस संबंध में सौदे में ही षर्तें स्पश्ट कर दी गई हैं। अदार पूनावाला ने दोहराया कि सरकार उनकी मांग पर विचार कर सकती है, क्योंकि अमेरिका ने अपने यहां वैक्सीन निर्माता कंपनियों को इस तरह की छूट प्रदान कर दी है। पूनावाला के अनुसार, जब वैक्सीन के खिलाफबेवजह या अनावष्यक दावे अथवा मुकदमे किए जाते हैं तो इससे न केवल वैक्सीन निर्माता कंपनियों का विष्वास डगमगाता है बल्कि इसका आम जनता पर भी विपरीत असर पड़ता है। इसलिए सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए। एसआईआई इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाने की योजना बना रही है। देश में कोविशील्ड वैक्सीन के ट्रायल के दौरान एक व्यक्ति को उत्पन्न हुईं कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बाद एसआईआई ने यह बयान जारी किया। प्रभावित वॉलंटीयर ने एसआईआई पर 5 करोड़ रुपये मुआवजे का नोटिस भेज दिया था। उसने कहा था कि कोविशील्ड लगवाने के बाद उसे गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं पैदा हो गई थीं। हालांकि एसआईआई ने उसके दावे को खारिज कर दिया था और अपनी छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कंपनी ने वॉलंटीयर के खिलाफकानूनी नोटिस भेज दिया था। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड टीकाकरण में अन्य टीकाकरण कार्यक्रमों के मामलों की तरह ही उत्तरदायित्व का नियम समान रूप से लागू होना चाहिए। यानी टीका लगने के बाद यदि स्वास्थ्य संबंधी कोई भी दिक्कत पेष आती है तो उसके लिए संबंधित टीका निर्माता कंपनी जिम्मेदार होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के बीच रिकॉर्ड समय में जिस तरह टीका तैयार किया गया, उसे देखते हुए अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, यूरोपीय संघ और डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाले कोवैक्स आदि ने टीके की विपरीत प्रतिक्रिया की जिम्मेदारी सरकार ने अपने सिर ले ली है।

## वैक्सीन का...

विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता एनेलीज मेडिसन ने कहा, 'कोविड-19 महामारी से शारीरिक दिक्कतों के साथ-साथ मानसिक दिक्कतें भी पेश आई हैं, जिसके चलते तनाव, अवसाद, और अन्य संबंधित परेशानियां पैदा हुई हैं। इस तरह के भावनात्मक तनाव पैदा करने वाली परेशानियां किसी व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।' इस रिपोर्ट में टीके की प्रभावकारिता और इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि किस तरह स्वास्थ्य हालात और भावनात्मक तनाव पैदा करने वाली परेशानियां प्रतिरोधक प्रतिक्रिया विकसित करने की शरीर की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती हैं। टीका प्रतिरोधक प्रणाली को चुनौती देते हुए अपना काम करता है, लिहाजा टीके की प्रभावकारिता काफी हद तक प्रतिरोधक क्षमता पर निर्भर करती है।

## सुप्रीम कोर्ट...

नहीं हो।' मान ने कहा कि मैं समिति से अलग हो रहा हूं और मैं हमेशा अपने किसानों और पंजाब के साथ खड़ा रहूंगा।' उच्चतम न्यायालय ने तीन नये कृषि कानूनों को लेकर सरकार और किसानों की यूनियनों के बीच व्याप्त गतिरोध खत्म करने के इरादे से मंगलवार को इन कानूनों के अमल पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं पर विचार के लिये चार सदस्यीय कमेटी भी गठित की थी। मान ने उच्चतम न्यायालय की कमेटी से अलग होने का फैसला ऐसे वक्त किया, जब उनके संगठन की प्रदेश इकाई ने उनसे दूरी बनाने का निर्णय किया। भाकियू (पंजाब) के अध्यक्ष बलदेव सिंह मियांपुर ने कहा कि हमने मान से खुद को अलग करने का फैसला किया, क्योंकि उन्होंने कमेटी का सदस्य बनने के पहले हमारे साथ चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि किसान अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और वे किसी भी कमेटी के खिलाफ हैं, फिर पैनल का हिस्सा बनने का क्या तुक है। उन्होंने कहा कि खन्ना में बैठक के बाद मान से दूरी बनाने का फैसला किया गया। बलदेव सिंह ने दावा किया कि बैठक का फैसला जानने के बाद शायद मान ने अपना फैसला बदला। उन्होंने कहा कि भाकियू उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित कमेटी को नहीं मानती है और वे कानूनों को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे किसान संगठनों के साथ हैं। मान (81) अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के भी अध्यक्ष हैं। वह 1990 से 1996 के दौरान राज्यसभा सदस्य रहे। उन्होंने 2012 और 2017 के पंजाब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन किया था। कांग्रेस सांसद प्रताप सिंह बाजवा ने मान के फैसले का स्वागत किया और उम्मीद जतायी कि कमेटी के अन्य तीन सदस्य भी इससे अलग हो जाएंगे। बाजवा ने एक बयान में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि कमेटी के तीन अन्य सदस्य भी इससे अलग हो जाएंगे। किसानों के लिए कमेटी की निष्पक्षता पर भरोसा करना असंभव है क्योंकि उन्होंने मुखरता से कानूनों का समर्थन किया था। किसान संगठनों ने भी मान के निर्णय की सराहना की। भारतीय किसान यूनियन (एकता-उगराहां) के महासचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि उन्होंने (मान ने) सही कदम उठाया। अन्यथा उन्हें किसानों के रोष का सामना करना पड़ता।' उच्चतम न्यायालय की पीठ ने इस समिति के लिये भूपिन्दर सिंह मान के अलावा शेतकरी संगठन के अध्यक्ष अनिल घनवट, दक्षिण एशिया के अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ प्रमोद जोशी और कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी के नामों की घोषणा की थी। कानूनों के अमल पर रोक का स्वागत करते हुए किसान संगठनों ने कहा था कि वे समिति के सामने पेश नहीं होंगे। किसान संगठनों के नेताओं ने दावा किया था कि समिति के सदस्य 'सरकार समर्थक' हैं। किसान संगठन, कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे हैं।

## 19 को...

से अलग हो जाने के बाद बैठक नहीं हो सकी। घनवट ने कहा कि समिति के मौजूदा सदस्य अपनी डिजिटल बैठक अब शुक्रवार को कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह तब तक समिति की सदस्यता नहीं छोड़ेंगे जब तक कि शीर्ष अदालत इसके लिए नहीं कहती। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अन्य कोई सदस्य समिति से दूरी बनाएगा।

## आज होगी...

की स्थिति को दूर करते हुए तोमर ने कहा कि सरकार और किसान प्रतिनिधियों के बीच 15 जनवरी को दिन में 12 बजे से बैठक होगी। किसान संगठनों ने कहा है कि वे सरकार के साथ वार्ता करने को तैयार हैं। लेकिन, वे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त कमेटी के समक्ष पेश नहीं होना चाहते हैं। किसान संगठनों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं। इससे पहले दिन में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान ने कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से अलग हो गए हैं। पंजाब और हरियाणा के हजारों किसान नए कृषि कानूनों को निरस्त करवाने के लिए पिछले कई सप्ताह से दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान संगठन, कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार, कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून को निरस्त किए जाने की मांग कर रहे हैं।

## स्वाभिमान को...

जवान उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत कभी किसी देश के साथ संघर्ष नहीं चाहता और उसने अपने पड़ोसियों के साथ शांति और मित्रवत संबंध रखने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना की मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में पांचवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर कहा, यह हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ शांति और दोस्ताना संबंध चाहता है क्योंकि यह हमारे खून और संस्कृति में है। चीन के साथ गतिरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने अनुकरणीय साहस और धैर्य दिखाया है और यदि इसे बयां किया जा सके तो हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि जो पहले कभी नहीं हुआ, वो इस बार हुआ। सिंह ने कहा, कोई इस बात की कल्पना नहीं कर सकता कि भारतीय बलों ने ऐसा करिश्माई काम किया लेकिन मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवादियों को ढेर कर देने का असाधारण साहस दर्शाने वाले भारतीय जवानों की भी प्रशंसा की। रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे समाज के साथ अपने अनुभव साझा करने में तथा युवाओं को सेनाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। पूर्व सैनिकों के सामने मौजूद चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद आय कम हो जाती है जबकि जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि सरकार ने आपके लिए बहुत कुछ किया है लेकिन मेरा मानना है कि और भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। सिंह ने कहा कि पूर्व-सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत सरकार ने स्थानीय कमांडरों को निजी अस्पतालों को भी नामित करने के अधिकार दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद पूर्व सैनिकों की चिर प्रतीक्षित वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा किया था। पूर्व सैनिकों को संबोधित करने से पहले सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के साथ युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। समारोह के बाद सिंह और जनरल रावत ने पूर्व सैनिकों से बातचीत की। इस मौके पर पूर्व सैनिक, उनके परिजन और अनेक पूर्व-सैनिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। भारतीय सशस्त्र बल हर साल 14 जनवरी को पूर्व सैनिक दिवस मनाते हैं। भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा की सेवाओं के सम्मान में इस दिन को चुना गया। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

## सरकार ने...

करीब 850 पक्षियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। अधिकारियों ने बीते शनिवार को एहतियात के तौर पर हौज खास, द्वारका सेक्टर 9 और हस्तसाल के तीन मनोरंजन पार्क और संजय झील बंद कर दिए थे। शहर के तीनों नगर निगमों ने भी होटल-रेस्तरां और दुकानों में मांस पर प्रतिबंध लगा दिया था। नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद तीनों नगर निगमों ने भी पोल्ट्री अथवा प्रसंस्कृत चिकन मांस की बिक्री और भंडारण पर से प्रतिबंध हटा लिया। पूर्वी दिल्ली के महापौर निर्मल जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा चिकन बाजार खोलने के बाद तीनों निगमों ने भी यहां बर्ड फ्लू हालात के मद्देनजर लगाई गईं पाबंदियां हटा लीं। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी प्रतिबंध हटाए जाने की पुष्टि की है। इससे पहले दिन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीश सिसोदिया और तीनों मेयरों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक कर हालात का जायजा लिया और बाजार खोलने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गाजीपुर पोल्ट्री मंडी को खोलने का दिल्ली सरकार का फैसला देश भर में एक सकारात्मक संदेश देगा। हालांकि, केंद्र ने बर्ड फ्लू के प्रसार पर रोक लगाने के लिए राज्यों को सभी एहतियात सुनिष्चित करने को कहा है। दो दिन पहले ही गिरिराज ने कहा था कि मानव में बर्ड फ्लू संचरण की कोई वैज्ञानिक रिपोर्ट नहीं है। इसलिए उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

## पांच दशक...

में देश नहीं छोड़ने का फैसला किया और उन्होंने परेड में शामिल होने से असमर्थता जताई। इससे पहले 1966 में कोई भी विदेशी मेहमान गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि नहीं बना था। उस साल 11 जनवरी को प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का निधन हो गया था और गणतंत्र दिवस से ठीक दो दिन पहले 24 जनवरी को इंदिरा गांधी नई प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले 1952 और 1953 में भी परेड में कोई विदेशी मुख्य अतिथि नहीं था। भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था और इस दिन को हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की राजधानी दिल्ली में राजपथ पर देश की सैन्य ताकत के साथ सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया जाता है। परेड में हर बार एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष को मुख्य अतिथि बनाने की परंपरा रही है। कुछ ऐसे भी मौके आए जब एक से अधिक मेहमानों को बुलाया गया।

## इंडोनेशिया के...

चट्टानों के कारण बंद हो गया था और शुष्क मौसम में सुराख बनने से वहां जाने का एक संकरा रास्ता बना।' उन्होंने कहा कि इस घाटी में रहने वाले बगिस समुदाय ने दावा किया कि वे पहले कभी गुफा की तरफ नहीं गए थे। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि सुलावेसी में सूअर की बड़ी सी कलाकृति कम से कम 45,500 साल पुरानी है। इससे पहले 43,900 साल पहले की पेंटिंग खोज निकाली गयी थी। इंडोनेशिया के एक पुरातत्वविद और ग्रिफिट यूनिवर्सिटी के शोधार्थी बसारन बुरहान ने बताया कि हजारों साल पहले ही सूअर की यह प्रजाति खत्म हो गयी। उन्होंने कहा, 'द्वीप पर हिम युग की चट्टानों पर इस तरह के सूअरों का चित्रण किया जाता था।'

## रिद्धिमा ने 67 का कार्ड खेलकर, बढ़त बनाई

बेंगलुरू। रिद्धिमा दिलावरी ने अंतिम 10 होल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिसकी बदौलत वह गुरुवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पहले चरण के दूसरे दौर के बाद छह शॉट की बड़ी बढ़त बनाने में सफल रहीं। रिद्धिमा का 36 होल में कुल स्कोर छह अंडर 138 का है जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रणवी उर्स (71) इवन पार 144 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

## आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मरे पॉजीटिव

लंदन। स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए ब्रिटेन से रवाना होने के एक दिन पहले कोरोना वायरस परीक्षण में पॉजीटिव पाया गया है। इस घटना की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने एसोसिएटिड प्रेस को बताया कि यह तीन बार का ग्रैंडस्लैम चैंपियन अपने घर पर ही पृथकवास पर है और उन्हें अब भी आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की उम्मीद है।

## मेलबर्न पहुंचकर पृथकवास में रहेंगे क्वालीफायर

मेलबर्न। परंपरागत तारीखों से तीन सप्ताह विलंब से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वालीफायर यहां से करीब 12000 किलोमीटर दूर खेले गए और अब आठ फरवरी से सत्र के इस पहले ग्रैंडस्लैम के लिए 16 पुरूष और 16 महिला क्वालीफायर चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचेंगे। कोरोना महामारी के कारण पृथकवास प्रोटोकॉल के मद्देनजर टूर्नामेंट तीन सप्ताह देर से शुरू हो रहा है। क्वालीफायर 15 चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचकर 14 दिन पृथकवास में रहेंगे। मुख्य ड्रॉ में पहले ही जगह बना चुके खिलाड़ी आज से पहुंचना शुरू करेंगे।

## ओलंपियन और पैरालंपियन को अपने केंद्रों में कोच नियुक्त करेगा साइ

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) अपने विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में ओलंपियन और पैरालंपियन खिलाड़ियों को कोच और सहायक कोच के तौर पर नियुक्त करने को तैयार है। साइ ने यह कदम उनके योगदान को मान्यता देने के तहत उठाया है जिसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें 23 सहायक कोच और चार कोचों के लिए पद बनाए गए है। ओलंपियन और पैरालंपियन सहायक कोच के तौर पर आवेदन करने योग्य है और पदकविजेता सीधे कोच पदों के लिए आवेदन कर सकते है जो ग्रुप ए पद के अंतर्गत आते है।

## शुक्ला को नोटिस भेजा

मुंबई। बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डी के जैन ने हितो के टकराव की शिकायत पर गुरुवार को बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को नोटिस जारी किया। जैन ने शुक्ला और बीसीसीआई को इस मामले में जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। जैन ने अपने आदेश में लिखा है, आचरण अधिकारी को बीसीसीआई की नियमावली के नियम 39(2) के तहत संजीव गुप्ता की शिकायत मिली है।

# चोट से जूझ रही टीम को लगानी होगी ताकत

## ● आखिरी टेस्ट आज से : आस्ट्रेलिया को मात को तैयार भारत

भाषा। ब्रिसबेन



सिडनी में हार की कगार पर पहुंचकर मैच बचाने के साथ आस्ट्रेलिया का मानमर्दन करने वाली भारतीय टीम के सामने गाबा की जीवंत पिच पर चुनौती कड़ी होगी क्योंकि उसके शीर्ष खिलाड़ी चोटों के कारण निर्णायक टेस्ट खेलने के लिए उपलब्ध नहीं है। आस्ट्रेलिया को बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए जीत की जरूरत है लेकिन भारत का काम ड्रॉ से भी चल जाएगा। सिडनी में दर्द के बावजूद अपार धैर्य और जुझारूपन का प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन, हनुमा विहारी और ऋषभ पंत ने लाखों क्रिकेटप्रेमियों के दिल जीते। जसप्रीत बुमराह ने पेट की मांसपेशी में खिंचाव के बावजूद खेला और अंगूठा टूटा होने के बावजूद रविंद्र जडेजा उसी तरह खेलने को तैयार थे , जैसे तीन दशक पहले टूटी कलाई के साथ मैल्कम मार्शल खेले थे। इन्होंने हर आक्रमण का माकूल जवाब दिया।चाहे वह आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की ओर से हो या दीर्घा में बैठकर नस्लीय टिप्पणियां कर रहे दर्शकों की ओर से या स्टम्प के पीछे अपशब्दों की बौछार करने वाले खिलाड़ी से। नई भारतीय टीम हर तरह की प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है और यही वजह है कि नियमित कप्तान विराट कोहली को इस पर नाज है।अब इस टीम को नए दशक के पहले टेस्ट में ऐसे मैदान पर खेलना है जहां आस्ट्रेलिया 1988 से नहीं हारा है। टीम में जडेजा या बुमराह नहीं है और विकेट काफी कठिन है। वहीं मयंक अग्रवाल नेट अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए और अश्विन कमर के दर्द से जूझ रहे हैं। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हम इस पर कल फैसला लेंगे। मेडिकल टीम चोटिल खिलाड़ियों के साथ काम कर रही है। बुमराह फिट होगा तो खेलेगा, नहीं होगा तो बाहर रहेगा। दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन इस बात से खुश होंगे कि निर्णायक टेस्ट गाबा पर खेला जा रहा है। आस्ट्रेलियाई टीम में भी विल पुकोवस्की चोट के कारण बाहर हैं जिनकी जगह मार्कस हैरिस ने ली। हमें यहां खेलना पसंद है क्योंकि यह विकेट शानदार है मुझे पता है कि यह विकेट कैसी होगी। उन्होंने परोक्ष रूप से भारतीय टीम को चेतावनी दी है लेकिन भारतीय बल्लेबाजी की त्रिमूर्ति अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा इस चुनौती का सामना करने को तत्पर होंगे। सिडनी के संकटमोचक विहारी टीम में नहीं है लेकिन उन्होंने एक मिसाल कायम की है और पंत से उसी प्रदर्शन के दोहराव की उम्मीद होगी। भारतीय खेमा पांच की बजाय चार गेंदबाजों के साथ उतर सकता है।अग्रवाल के फिट होने पर वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि रोहित और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे। उसके बाद पुजारा और रहाणे आएंगे। रविंद्र जडेजा की जगह पृथ्वी साव या रिधिमान साहा नहीं ले सकते लेकिन हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर के नाम पर विचार हो रहा है। गेंदबाजी चिंता का सबब है क्योंकि नवदीप सैनी और मोहम्मद सिराज को कुल जमा तीन टेस्ट का अनुभव है। शार्दुल ठाकुर ने दो साल पहले अपने पहले टेस्ट में दस गेंद डाली थी। राठौड़ ने बुमराह को लेकर तस्वीर साफ नहीं करते हुए आस्ट्रेलिया को सोच में डाल दिया है लेकिन सभी को पता है कि यह तेज गेंदबाज खेलने की स्थिति में नहीं है। रहाणे के रणबांकुरे इतिहास रचने की दहलीज पर है और तमाम विषमताओं के बावजूद आसानी से घुटने टेकने वालों में से कतई नहीं हैं।

### बुमराह की चोट पर नजर, अंतिम एकादश में जो खेलेगा वो भारत का प्रतिनिधित्व करने का हकदार होगा: राठौड़

ब्रिसबेन। भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की पेट की मांसपेशियों में खिंचाव पर नजर रखी जा रही है लेकिन दौरा करने वाली टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए उन्होंने बड़े बदलाव का संकेत दिया। भारतीय टीम प्रबंधन अनफिट बुमराह को भी खिलाकर जोखिम नहीं लेगा क्योंकि इस तेज गेंदबाज को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की निर्णायक पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला में खिलाना चाहता है। राठौड़ ने श्रृंखला के अंतिम मैच की पूर्व संध्या पर कहा, चोटों की अब भी निगरानी की जा रही है। हमारा मेडिकल स्टॉफ खिलाड़ियों के साथ काम कर रहा है। मैं अभी इस स्थिति में नहीं हूं कि इस समय टिप्पणी कर सकूं। हम उन्हें उतना समय देना चाहेंगे जितना दे सकते हैं और कल सुबह ही आपको पता चल पाएगा कि अंतिम एकादश में कौन खेलेगा। स्टार स्पिनर आर अश्विन और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी पूरी तरह फिट नहीं है। दिलचस्प बात है कि राठौड़ की अंतिम एकादश पर एक अन्य टिप्पणी में उन्होंने कहा था कि मैदान पर जो भी खिलाड़ी उतरेंगे, वे भारत के लिए खेलने के हकदार होंगे।

## भारत से कोई शिकायत नहीं सुनी : पेन

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने स्वीकार किया कि बायो-बबल में भारतीय टीम के लिए जिंदगी चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि वे परिवार के बिना विदेश में रह रहे हैं और उनका कहना है कि स्टीव स्मिथ सहित उनके खिलाड़ी भी संयुक्त अरब अमीरात में इंडियन प्रीमियर लीग के बाद से इसी तरह की मुश्किलों का सामना कर चुके हैं। भारतीय और आस्ट्रेलियाई टीम फिर से कड़े पृथकवास नियमों के अंतर्गत रह रही हैं क्योंकि ब्रिटेन में पाए गए नए वायरस के मामले क्वींसलैंड की राजधानी में भी मिले हैं। आयोजकों ने खिलाड़ियों को केवल आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इतने अहम टेस्ट मैच में खेलने से पहले जज्बा बनाए रखने के लिए किसी को हाउसकीपिंग सेवा की जरूरत नहीं है। पेन के साथी मिशेल स्टार्क की पत्नी और सदर्न स्टार्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलिसा हीली ने भारतीय टीम के ब्रिसबेन पृथकवास की कथित शिकायतों का मजाक उड़ाया था। मैंने ऐसी टिप्पणियां नहीं देखीं और सच बताऊंतो भारतीय खिलाड़ियों की भी कोई टिप्पणियां नहीं पढ़ीं। यह सभी के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है और उनके लिए ज्यादा, क्योंकि वे अलग देश में हैं और अपने परिवार से ज्यादा दूर हैं।

### गावस्कर अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र लेकिन उसका मुझ पर कोई असर नहीं

ब्रिसबेन। आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन का सुनील गावस्कर के साथ वाकयुद्ध में पड़ने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि उनकी कप्तानी को लेकर भारत के इस महान बल्लेबाज के आकलन से वह जरा भी चिंतित नहीं है। सिडनी टेस्ट के दौरान पेन ने रविचंद्रन अश्विन पर छींटाकशी की थी जिसके बाद गावस्कर ने कहा था कि राष्ट्रीय टीम के कप्तान को यह शोभा नहीं देता और बतौर कप्तान पेन के दिन गिनती के बचे है। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने गावस्कर की टिप्पणी सुनी है, पेन ने कहा , मैंने सुना लेकिन मैं इसमें पड़ना नहीं चाहता। मेरा सुनील गावस्कर के साथ वाकयुद्ध का कोई इरादा नहीं है। वह अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र है लेकिन मुझे रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। सभी को जो कहना है, वह कहते रहें लेकिन आखिर में मेरा इससे कोई लेना देना नहीं है।

## लगातार खेल रहे बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिले आराम , गंभीर की राय



नई दिल्ली। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का पूरा ख्याल रखना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में उसे आराम दिया जाना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग से लगातार पांच महीने से खेल रहे बुमराह चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में निर्णायक चौथा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। उनके पेट की मांसपेशी में खिंचाव आ गया है। गंभीर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से चेन्नई में शुरू हो रही श्रृंखला में बुमराह को सारे मैच खेलने के लिए मजबूर करना ज्यादती होगी।

## अश्विन ही ले सकते हैं 800 विकेट, लियोन उतने काबिल नहीं : मुरलीधरन

सिडनी। महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि मौजूदा पीढी के स्पिनरों में सिर्फ रविचंद्रन अश्विन ही 700 . 800 विकेट तक पहुंच सकते हैं और आस्ट्रेलिया के नाथन लियोन वहां तक पहुंचने के काबिल नहीं हैं। मुरलीधरन के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 800 विकेट हैं जबकि शेन वॉर्न (708) दूसरे और अनिल कुंबले (619) तीसरे स्थान पर हैं। मुरलीधरन ने लंदन के टेलीग्राफ अखबार के लिए माइकल वॉन के कॉलम में कहा , अश्विन के पास मौका है क्योंकि वह बेहतरीन गेंदबाज है। उनके अलावा कोई और गेंदबाज 800 तक नहीं पहुंच सकता। नाथन लियोन में वह काबिलियत नहीं।

# थाईलैंड ओपन में भारतीय चुनौती खत्म



## ● साइना हारी ,चोटिल श्रीकांत मैच से हटे

भाषा। बैंकॉक

भारत की स्टार शटलर साइना नेहवाल गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान से हारकर थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी गुरुवार का दिन अच्छा नहीं रहा जिससे इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। साइना पहला गेम जीतने में सफल रही लेकिन इसके बाद वह लय बरकरार नहीं रख पाई और 68 मिनट तक चले मैच में 23-21, 14-21, 16-21 से हार गई। यह विश्व में 12वीं रैंकिंग की बुसानन के हाथों साइना की लगातार चौथी हार है। पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत को दाएं पांव की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई ली जी जिया को वाकओवर देना पड़ा। इससे पहले पुरुष युगल में भारत के सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी इंडोनिशया के मोहम्मद अहसान और हेंद्रा सेतियावान से 19-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। भारत की निगाहें अब सात्विक और उनकी मिश्रित युगल जोड़ीदार अश्विनी पोनप्पा पर टिकी थी लेकिन उन्हें भी हांगकांग के चांग ताक चिंग और नग विंग यंग से 12-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी जिससे इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। साइना और बुसानन के बीच लंबी रैलियां देखने को मिली लेकिन थाई खिलाड़ी ने अच्छे शॉट लगाए जिनका उन्हें फायदा मिला। पहले गेम में साइना एक समय 6-5 से आगे चल रही थी लेकिन ब्रेक तक बुसानन 11-9 से बढ़त पर थी। साइना ने हालोंकि इसके बाद वापसी की और 17-17 से स्कोर बराबर करने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को बराबरी की टक्कर दी। बुसानन का ढीला रिटर्न नेट पर उलझने के कारण साइना ने पहला गेम अपने नाम किया।

## श्रीलंका 135 रन पर ढेर, शुरुआती झटकों से उबरा इंग्लैंड

भाषा। गॉल

ऑफ स्पिनर डॉम बेस के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से श्रीलंका को सस्ते में समेटने के बाद इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों से उबरकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पहले दिन ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बेस ने 30 रन देकर पांच विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाले श्रीलंका को 135 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड ने इसके जवाब में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 127 रन बनाए हैं और वह श्रीलंका से केवल आठ रन पीछे है। इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 17 रन था। कप्तान जो रूट (नाबाद 66) और जॉनी बेयरस्टॉ (नाबाद 47) ने यहां से बखूबी जिम्मेदारी संभाली। ए दोनों तीसरे विकेट के लिए अब तक 110 रन जोड़ चुके हैं। श्रीलंका ने बाएं हाथ के स्पिनर लेसिथ इम्बुलडेनिया से गेंदबाजी की शुरुआत कराई और उन्होंने दोनों सलामी बल्लेबाजों डॉम सिब्ले (चार) और जॉक क्राउले (नौ) को आउट करके इसे सही साबित भी किया।

# उप्र की लगातार तीसरी हार, पंजाब का विजय अभियान जारी

## मुश्ताक अली ट्राफी

भाषा। बेंगलुरू



बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गुरुवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जबकि पंजाब ने अपना विजय अभियान जारी रखकर नाकआउट में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जम्मू कश्मीर ने मुज्तबा युसुफ (14 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी और अब्दुल समद (नाबाद 54) के अर्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश को 30 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाई गई उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना पाई। सुरेश रैना खाता भी नहीं खोल सके। कप्तान प्रियम गर्ग ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने 15 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। समद ने शुभम खजूरिया (नाबाद 34) रन के साथ तीसरे विकेट के लिए 89 रन की अटूट साझेदारी की। उधर पंजाब ने अभिषेक शर्मा (62 गेंदों पर 107) के शतक तथा हरप्रीत बरार के चार विकेट की मदद से रेलवे को 117 रन से पराजित किया। पंजाब को पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर अभिषेक और प्रभसिमरन सिंह (39 गेंदों पर 63) ने पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। अभिषेक ने अपनी पारी में पांच चौके और नौ छक्के जबकि प्रभसिमरन ने दो चौके और छह छक्के लगाए। पंजाब ने चार विकेट पर 200 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर रेलवे को 17.1 ओवर में 83 रन पर ढेर कर दिया। हरप्रीत बरार ने 22 रन देकर चार और अर्शदीप सिंह ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। पंजाब की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके 12 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में शीर्ष पर है। जम्मू कश्मीर, कर्नाटक और रेलवे के आठ-आठ अंक हैं। कर्नाटक ने एक अन्य मैच में त्रिपुरा को 10 रन से हराया। देवदत्त पडिक्कल (67 गेंदों पर नाबाद 99, नौ चौके, चार छक्के) को शतक पूरा करने का मौका नहीं मिला लेकिन उनकी पारी से कर्नाटक ने पांच विकेट पर 167 रन बनाए।

**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**
(पूर्वतः, हिमालय इंटरनैशनल लिमिटेड)
सीआईएन : L70102DL1992PLC047399
पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com,
वेबसाइट : www.himalyafoodcompany.com

**सूचना**

एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2021 को अप. 04.00 बजे कम्पनी के प्रधान कार्यालय शुभखेड़ा, पाओन्टा साहिब, हिमाचल प्रदेश-173025 में आयोजित की जानी निर्धारित है, जिसमें, अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणाम अभिलेखबद्ध किए जाएंगे। बोर्ड सदस्यों के लिए इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्रतिभागिता हेतु वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग सुविधा की व्यवस्था की गई है।

हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड की प्रतिभूतियों में अंतरंगी व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता के निबन्धनों में, ट्रेडिंग विन्डो 1 जनवरी, 2021 से 23 जनवरी, 2021 तक के लिए बंद है।

उक्त सूचना स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर देखी जा सकती है।

वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 14 जनवरी, 2021 सुरभि माहेश्वरी
स्थान : दिल्ली कम्पनी सेक्रेटरी

# 6.5 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर : फिच




## प्याज, आलू सस्ता होने से दिसंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 1.22 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। प्याज और आलू की कीमतें घटने से दिसंबर, 2020 में थोकमूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति घटकर 1.22 प्रतिशत पर आ गई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ो में यह जानकारी दी गई है। नवंबर, 2020 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मद्रास्फीति 1.55 प्रतिशत पर थी। दिसंबर, 2019 में यह 2.76 प्रतिशत पर थी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर नवंबर, 2020 में 4.27 प्रतिशत पर थी, जो दिसंबर में घटकर 0.92 प्रतिशत रह गई। थोक आधार पर दिसंबर में सब्जियों के दाम 13.2 प्रतिशत घट गए। इससे पिछले महीने सब्जियां 12.24 प्रतिशत महंगी हुई थी।

## शुरुआती पुनरोद्धार के बाद मध्यम अवधि में सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था को कोरोना वायरस महामारी का प्रभाव लंबे समय तक झेलना होगा। फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष (2021-22) में भारतीय अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज करेगी। लेकिन उसके बाद भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सुस्त पड़ेगी। फिच का अनुमान है कि यह संकट समाप्त होने के बाद भी भारत की वृद्धि दर महामारी से पूर्व के स्तर से नीचे रहेगी। फिच की रिपोर्ट भारत मध्यम अवधि की सुस्त वृद्धि की राह पर में कहा गया है कि अगले वित्त वर्ष में अच्छी वृद्धि दर्ज करने के बाद वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 6.5 प्रतिशत रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी में फिच रेटिंग्स ने कहा, आपूर्ति पक्ष के साथ मांग पक्ष की अड़चनों...मसलन वित्तीय क्षेत्र की कमजोर स्थिति की वजह से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर महामारी के पूर्व के स्तर से नीचे रहेगी। फिच ने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से भारत में मंदी की स्थिति दुनिया में सबसे गंभीर है। सख्त लॉकडाउन और सीमित वित्तीय समर्थन की वजह से ऐसी स्थिति बनी है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति अब सुधर रही है। अगले कुछ माह के दौरान वैक्सीन आने की वजह से इसे और समर्थन मिलेगा। हमारा अनुमान है कि 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगी। चालू वित्त वर्ष 2020-21 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.4 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

## लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में रुपए में तेजी, डॉलर के मुकाबले 11 पैसे चढ़ा

मुंबई। डॉलर के मुकाबले रुपए में लगाजार तीसरे दिन भी तेजी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत निवेश और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया 11 पैसे सुधर कर प्रति डॉलर 73.04 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.18 पर खुला और कारोबार के दौरान 72.97 से 73.18 के दायरे में रहा। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद के मुकाबले 11 पैसे की तेजी दर्शाता 73.04 पर बंद हुआ। विगत तीन कारोबारी सत्रों में डॉलर के मुकाबले रुपए में 36 पैसे की तेजी आई है।

## बेंगलुरु सबसे तेजी से आगे बढ़ता प्रौद्योगिकी केंद्र, मुंबई छठे स्थान पर : रिपोर्ट

लंदन। बेंगलुरु दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरा है। लंदन में बृहस्पतिवार को जारी एक ताजा शोध के अनुसार 2016 से बेंगलुरु दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ता परिपक्व प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। इस सूची में बेंगलुरु के बाद यूरोपीय शहरों....लंदन, म्यूनिख, बर्लिन और पेरिस का नंबर आता है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई सूची में छठे स्थान पर है। लंदन एंड पार्टनर्स ने डीलरूम.कॉम के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में निवेश 2016 के 1.3 अरब डॉलर से 5.4 गुना बढ़कर 2020 में 7.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में इसी अवधि में निवेश 1.7 गुना बढ़कर 70 करोड़ डॉलर से 1.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में निवेश तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब डॉलर से 10.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Rashmi Jha is owner of Property No. RZ-456/1, measuring 347 sq., Yds., out of Khasra No. 665, Situated at Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi "Said Property" by virtue of Sale Deed dated 11.05.2016, Registration No. 3777, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to Sell Third Floor left hand side, back side portion built on the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from Fullerton India Home Finance Ltd. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. Kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

## मोदी शनिवार को स्टार्टअप इंडिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को स्टार्टअप से बातचीत करेंगे और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मोदी 16 जनवरी को शाम पांच बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए स्टार्टअप से बात करेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार प्रारंभ: स्टार्टअप इंडिया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 15 और 16 जनवरी 2021 को किया जाएगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी का नया रिकॉर्ड

## आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच टीसीएस का शेयर मजबूत

भाषा। मुंबई







शेयर बाजारों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को फिर शुरू हुआ। हालांकि, बाजार में आईटी शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला लेकिन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर में लाभ से इसकी भरपाई हो गई और सेंसेक्स 92 अंक चढ़कर अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बढ़त तथा रुपए में सुधार से स्थानीय बाजार लाभ के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती गिरावट से उबरकर 91.84 अंक या 0.19 प्रतिशत के लाभ से 49,584.16 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया सर्वकालिक उच्चस्तर है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.75 अंक या 0.21 प्रतिशत के लाभ से 14,595.60 अंक के नए रिकॉर्ड पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 2.89 प्रतिशत चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मा के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई। इन्फोसिस का दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,197 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वहीं विप्रो का भी तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़कर 2,968 करोड़ रुपए रहा है। दोनों कंपनियों के तिमाही नतीजे बुधवार को आए थे।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | शरद महावर (कर्जदार), नेहा महावर (सह-कर्जदार) LBDEL00003103265 | फ्लैट नंबर 8- ई, चौथी मंजिल, पॉकेट सी, सेक्टर 3, फेज-I, द्वारका, दिल्ली- 110075 क्षेत्र- 307 वर्ग फुट | रू. 16,29,835/- (जनवरी 05, 2021 तक) | रू. 12,45,000/- / रू. 1,24,500/- | फरवरी 02, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 15, 2021 को दो. 12:00 बजे स |
| 2. | बिजेन्दर कुमार (कर्जदार), सुनीता (सह-कर्जदार) LBSNP00002385175 | एलआईजी फ्लैट नंबर 16, तीसरी मंजिल, सेक्टर जी -2, पॉकेट - 2, ब्लॉक ए -5 नरेला, दिल्ली - 110040 क्षेत्र- 344 वर्ग फुट | रू. 17,75,343/- (जनवरी 05, 2021 तक) | रू. 11,16,000/- / रू. 1,11,600/- | फरवरी 03, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | फरवरी 15, 2021 को दो. 12:00 बजे स |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **फरवरी 12, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **फरवरी 12, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **फरवरी 12, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन. न. **8584874809/ 8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन. न. **9710029933/ 9810029926/01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : जनवरी 15, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया

**● 10 रिपब्लिकन ने भी दिया डेमोक्रेट सदस्यों का साथ**

**भाषा ।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** इतिहास में डोनाल्ड ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति हो गए हैं, जिनके खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया गया है। पिछले सप्ताह कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में हुई हिंसा को भड़काने को लेकर उन्हें आरोपित करने की कार्यवाही में 10 रिपब्लिकन सांसदों ने भी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट सदस्यों का साथ दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को 197 के मुकाबले 232 मतों से पारित किया था। रिपब्लिकन लिज चेनी सहित पार्टी के 10 सांसदों ने भी ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही में डेमोक्रेट सदस्यों का साथ दिया।

इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति ट्रंप पर अपने बयानों के जरिए छह जनवरी को समर्थकों को विद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) की घेराबंदी करने के लिए तब उकसाया, जब वहां निर्वाचक मंडल के मतों की गिनती चल रही थी और उनके समर्थकों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अब महाभियोग प्रस्ताव को अब सीनेट में भेजा जाएगा, जो ट्रंप को पद से हटाने के लिए सुनवाई करेगी और मतदान करेगी। सीनेट 19 जनवरी तक के लिए स्थगित है। इसके एक दिन बाद 20 जनवरी को जो बाइडन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

भारतीय मूल के चारों अमेरिकी सांसदों एमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और प्रमिला जयपाल ने महाभियोग के समर्थन में मतदान किया। इससे पहले, प्रतिनिधि सभा ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित करके देश के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से अपील की थी कि वह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वां संशोधन लागू करें। हालांकि, पेंस ने ट्रंप को उनके पद से हटाने के लिए 25 वें संशोधन को लागू करने से मंगलवार को इनकार कर दिया था। ट्रंप को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले व्हाइट हाउस नहीं छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि सीनेट का नियमित सत्र अभी नहीं चल रहा है और नियमित सत्र से पहले सत्र आरंभ करने के लिए सीनेट को सर्वसम्मति की आवश्यकता होगी। यह संशोधन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या के मद्देनजर 50 साल से अधिक समय पहले पारित किया गया था। यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद पर सेवा देने के लिए उपयुक्त नहीं रह जाता, तो उसकी जगह किसी और की नियुक्त किए जाने का प्रावधान करने के लिए इस संशोधन का उपयोग किया जाता है। ट्रंप के अलावा राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने वाले जिन नेताओं के खिलाफ महाभियोग चलाया गया था, जिनमें एंड्रियू जॉनसन (1868) और बिल क्लिंटन (1998) शामिल हैं, लेकिन किसी को दोषी नहीं करार दिया गया। संसद के निचले सदन में कई घंटों की चर्चा के बाद मतदान हुआ था और नेशनल गार्ड के सैनिकों को कैपिटल के अंदर और बाहर तैनात रखा गया था। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा, हम जानते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने हमारे देश के खिलाफ यह सशस्त्र विद्रोह भड़काया। उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। शीर्ष डेमोक्रेट नेता ने कहा, ट्रंप राष्ट्र के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा हैं।

पेलोसी ने कहा, मेरा मानना है कि राष्ट्रपति को सीनेट द्वारा अवश्य ही दोषी ठहराया जाना चाहिए,यह एक संवैधानिक कदम है जो यह सुनिश्चित करेगा कि इस व्यक्ति से गणराज्य (देश) सुरक्षित रहेगा जो हमारी साझा विरासत को तहस-नहस करने को आमादा है। महाभियोग प्रस्ताव में कहा गया है कि ट्रंप ने बार-बार झूठे बयान जारी करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों में गडबड़ी हुई है और इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका की सुरक्षा और सरकार नाम की संस्था को गंभीर खतरे में डाल दिया, लोकतांत्रिक प्रणाली की सत्यनिष्ठा को खतरा पैदा किया और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण में हस्तक्षेप किया। इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई कि सीनेट अन्य अहम मुद्दों पर काम करते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग कार्यवाही करने में सक्षम रहेगी।

डेमोक्रेटिक नेता बाइडन ने रिपब्लिकन नेता ट्रंप के खिलाफ प्रतिनिधि सभा में महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद एक बयान में कहा, यह आपराधिक हमला पूर्वनियोजित और समन्वित था। इसे उन राजनीतिक अतिवादियों और घरेलू आतंकवादियों ने अंजाम दिया, जिन्हें ट्रंप ने भड़काया था। यह अमेरिका के खिलाफ सशस्त्र राजद्रोह था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। बाइडन ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने अमेरिकी संविधान के तहत उन्हें मिले अधिकार का इस्तेमाल किया और राष्ट्रपति को जवाबदेह बनाने एवं उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। बाइडन ने कहा, हमारा देश कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है और अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। मुझे उम्मीद है कि सीनेट का नेतृत्व इस देश के लिए आवश्यक मामलों पर काम करते हुए महाभियोग की सुनवाई करेगा। जब प्रतिनिधि सभा में महाभियोग संबंधी कार्यवाही चल रही थी, तब ट्रंप ने बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह से पहले देशभर में हथियारबंद हिंसा की आशंकाओं के बीच अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में कहा, और प्रदर्शन हो सकने की खबरों के मद्देनजर, मैं अपील करता हूं कि कोई हिंसा न हो, कोई कानून न तोड़ा जाए और किसी प्रकार की तोड़-फोड़ न की जाए। सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने कहा कि राष्ट्रपति ने जो काम किया, उसके खिलाफ संसद की ओर से तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैकोनल ने यह नहीं बताया कि सदन में सुनवाई किस तारीख को होगी, लेकिन उन्होंने एक बयान में कहा कि बाइडन के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ऐसा होने की संभावना नहीं है।



न्यूयार्क कैपिटल सेंटर में नेशनल गार्ड अपनी जिम्मेदारी को संभालने जाते हुए

# ट्रंप ने कैपिटल हिल हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हमले की बृहस्पतिवार को स्पष्ट रूप से निंदा की और कहा कि इस तरह की हिंसा को लेकर कोई सफाई नहीं दी जा सकती।

व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में ट्रंप ने कहा, हिंसा और बर्बरता की हमारे देश में कोई जगह नहीं है... और न ही हमारी मुहिम में इसके लिए कोई स्थान है।

राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका को फिर से महान बनाने का अभियान हमेशा से कानून के शासन का बचाव करने, कानून लागू करने वाली एजेंसियों से जुड़े पुरुषों तथा महिलाओं का सहयोग करने और देश की सबसे पवित्र परंपराओं एवं मूल्यों को बनाए रखने से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा, यूएस कैपिटल पर हुए हमले ने हमारे गणतंत्र को ठेस पहुंचाई है। इसने करोड़ों अमेरिकियों को दुखी और नाराज किया है, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल में विश्वास रखते हों। मैं पिछले सप्ताह हुए हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, भीड़ द्वारा हिंसा करना, उन सभी चीजों के खिलाफ है, जिन पर मेरा विश्वास है। मेरा सच्चा समर्थक कभी ऐसी राजनीतिक हिंसा का समर्थन नहीं करेगा। मेरा सच्चा समर्थक कभी कानून या हमारे अमेरिका के महान झंडे का निरादर नहीं करेगा। मेरा कोई समर्थक कभी अपने साथी अमेरिकियों को डराएगा या धमकाएगा नहीं। ट्रंप ने कहा कि निश्चित तौर पर कोविड-19 की वजह से पिछला साल मुश्किलों भरा था और देश ने राजनीतिक हिंसा को अनियंत्रित होते भी देखा।उन्होंने कहा, हमने कई दंगे, कोलाहल करने वाली भीड़, डराने-धमकाने और तबाही मचाने के कई कृत्य देखे। इसे निश्चित रूप से रोकना होगा। ट्रंप ने कहा, चाहे आप, दक्षिणपंथी हों या वामपंथी, डेमोक्रेट हों या रिपब्लिकन, हिंसा की कोई सफाई नहीं दी जा सकती। कोई बहाना नहीं दिया जा सकता, कोई छूट नहीं दी जा सकती। पिछले सप्ताह हिंसा में शामिल सभी लोगों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि वह उनके एजेंडे में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से देश में शांति बनाए रखने में मदद करने की भी अपील करते हैं।

## ट्विटर के सीईओ ने ट्रंप पर लगे प्रतिबंध का बचाव किया

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)।** ट्विटर के सीईओ जैक डोर्सी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कंपनी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का बचाव किया है और इसे सही फैसला बताया है।हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यह एक खतरनाक उदाहरण कायम कर सकता है। डोर्सी ने कहा कि यह प्रतिबंध ैवैश्विक सार्वजनिक बातचीतै के लिए एक खुली और स्वस्थ जगह बनाने में ट्विटर की ैविफलतौ को दिखाता है। हालांकि कंपनी के सह-संस्थापक ने यह नहीं बताया कि ट्विटर या ऐसी अन्य बड़ी कंपनियां भविष्य में इस तरह के विकल्पों से कैसे बच सकती हैं।

# यूट्यूब ने ट्रंप के चैनल पर सात दिनों के लिए अस्थाई रोक लगाई

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** हिंसा की आशंका के मद्देनजर सोशल मीडिया मंच यूट्यूब ने अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चैनल पर सात दिनों के लिए अस्थाई रोक लगा दी है और तब तक चैनल पर कोई नया वीडियो अपलोड नहीं किया जा सकता।इससे पहले ट्विटर और फेसबुक ट्रंप के अकाउंट को स्थाई रूप से बंद कर चुके हैं, जिसके बाद अब यूट्यूब ने यह कदम उठाया है।यूट्यूब ने एक बयान में कहा, सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद और हिंसा की आशंका को देखते हुए हमने डोनाल्ड जे. ट्रंप चैनल पर अपलोड किए नए वीडियो हटा दिए हैं और हिंसा भड़काने के खिलाफ हमारी नीतियों के उल्लंघन को लेकर स्ट्राइक (नोटिस) जारी की है। सोशल मीडिया कंपनी ने कहा, लंबे समय से चली आ रही नीतियों के तहत चैनल पर अब कम से कम सात दिनों के लिए नए वीडियो अपलोड नहीं किए जा सकेंगे, इसे बढ़ाया भी जा सकता है और न ही लाइवस्ट्रीम की सुविधा उपलब्ध होगी। यूट्यूब ने कहा, हम लोग चैनल पर मौजूद वीडियो पर कमेंट करने के विकल्प को भी अनिश्चित काल के लिए हटाने जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से इस तरह के मामलों में हमने पहले भी ऐसे कदम उठाए हैं। ट्रंप के यूट्यूब चैनल पर 26.8 लाख सब्सक्राइबर हैं। यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) में छह जनवरी को ट्रंप समर्थकों द्वारा की गई हिंसा के बाद यूट्यूब ने राष्ट्रपति की रैली से संबंधित कई वीडियो भी हटा दिए थे।



युगांडा के कंपला में राष्ट्रपति चुनाव में मतदान को लेकर अपने मतों का प्रयोग करने के लिए पहुंचे लोग

## क्विक न्यूज

### ईरान ने नौसेना अभ्यास के दौरान क्रूज मिसाइलें दागी

**तेहरान।** ईरान ने ओमान की खाड़ी मे नौसेना अभ्यास के तहत बृहस्पतिवार को क्रूज मिसाइले दागी। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। ईरान ने अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच ए मिसाइले दागी है। ईरान के सरकारी मीडिया की खबर मे कहा गया है कि सतह से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलो ने खाड़ी और हिंद महासागर के उत्तरी हिस्सो मे विभिन्न लक्ष्यो को निशाना बनाया। नौसेना अभ्यास के प्रवक्ता हामजे अली कावीयानी ने कहा, दुश्मनो को यह जानना चाहिए कि ईरानी समुद्री सीमा के किसी भी उल्लंघन का जवाब समुद्र तट से और समुद्र से क्रूज मिसाइलो के जरिए दिया जाएगा। ईरानी नौसेना द्वारा जारी की गई तस्वीरो मे यह प्रदर्शित होता है कि मिसाइले दागी जा रही है और वे अपने लक्ष्य को भेद रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत और ताइवान की राष्ट्रपति ने डिजिटल बैठक की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मे अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट की ताइवान की प्रस्तावित यात्रा रद्द हो गई है लेकिन उन्होंने बुधवार रात ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से डिजिटल माध्यम से बातचीत की और उनसे कहा कि अमेरिका हमेशा ताइवान के साथ खड़ा रहेगा। क्राफ्ट अगले सप्ताह राष्ट्रपति के साथ पद छोड़ेंगी, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द स्वशासित द्वीपीय देश का भ्रमण करेंगी। उन्होंने ताइवान को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और लोकतंत्र के लिए प्रकाशपुंज कहा।पिछले सप्ताह घोषणा की गई थी कि क्राफ्ट ताइवान की यात्रा करेंगी जिसके बाद बीजिंग ने आलोचना की थी और चेतावनी दी थी कि अमेरिका को उसके कृत्यो के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। चीन ताइवान को अपने से अलग हुआ प्रांत करार देता है और उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को अपने नियंत्रण मे लाने की धमकियां तेज कर दी हैं।

### उत्तरी माली में हमले में तीन शांतिरक्षकों की मौत, छह घायल

**बमाको (माली)।** उत्तरी माली के टिम्बुक्टू क्षेत्र मे अज्ञात बंदूकधारियो के हमले मे आइवरी कोस्ट के तीन संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। शांतिरक्षकों का वाहन हमलावरो द्वारा बिछाए गए आईडी के चपेट मे आ गया था। माली स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन और आइवरी कोस्ट की सेना ने यह जानकारी दी।मिशन ने एक बयान मे कहा कि बामाबारा-माउदे शहर के उत्तर मे लगभग 20 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर स्थित डाउएंटजा और टिबुक्टू के पास बुधवार को एक सुरक्षा अभियान के दौरान ये मौते हुईं। मिशन ने कहा कि हमलावर घटनास्थल से भाग गए। संयुक्त राष्ट्र के मिशन के प्रमुख एवं संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत महामत सालेह अन्नादिफ ने इस हमले की निंदा की।उन्होंने कहा, ऐसे समय मे जब माली को संकट से बाहर लाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं, मै राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बलों के साथ-साथ असैन्य आबादी के खिलाफ इन हमलो को लेकर बहुत दुखी हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस हमले की कड़ी निंदा की और जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षको पर हमले युद्ध अपराध है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, उन्होने (गुतारेस ने) माली के अधिकारियों से अपील की कि वे इस जघन्य हमले के अपराधियो की पहचान करने और उन्हे तुरंत कठोर सजा दिलाने मे कोई कसर न छोड़े।

### कोविड-19 महामारी के केंद्र का पता लगाने के लिए डब्ल्यूएचओ की टीम वुहान पहुंची

**बीजिंग।वुहान।** कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम बृहस्पतिवार को चीन के वुहान पहुंची। वुहान शहर मे ही सबसे पहले दिसंबर 2019 मे कोरोना वायरस संक्रमण सामने आया था और उसके बाद इसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट मे ले लिया था। चीन की आधिकारिक मीडिया ने खबर दी है कि डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञो की टीम कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए वुहान पहुंची है। यह टीम सिंगापुर से आई है और इसमे 10 विशेषज्ञ है।चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के मुताबिक डब्ल्यूएचओ की टीम काम शुरू करने के पहले महामारी नियंत्रण के लिए देश के दिशा-निर्देशो के तहत पृथक-वास प्रक्रिया को पूरा करेगी। विशेषज्ञों के 14 दिनों तक पृथक-वास में रहने और कोविड-19 की जरूरी जांच कराए जाने की संभावना है।

### पाकिस्तान में हिंदू मंदिर को बचाने में लापरवाही दिखाने के आरोपी 12 पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**पेशावर।** पाकिस्तान मे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने यहां एक हिंदू मंदिर को बचाने मे लापरवाही के दोषी पाए गए 12 पुलिस अधिकारियो को बर्खास्त कर दिया है। एक चरमपंथी इस्लामी पार्टी के सदस्यो के नेतृत्व मे भीड़ ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे स्थित इस मंदिर मे आग लगा दी थी। सरकार ने घटना के सिलसिले मे 33 पुलिस अधिकारियो की एक साल की सेवा भी निलंबित कर दी है।खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले के तेरी गांव मे 30 दिसंबर को भीड़ ने मंदिर पर हमला कर दिया था।

# ब्रिटेन की संसद में कश्मीर पर चर्चा में झूठे दावों की भारत ने की निंदा

**भाषा ।** लंदन

**● भारत ने कहा कि यह चर्चा एक तीसरे देश (पाकिस्तान) द्वारा किए गए झूठे दावों और अपुष्ट आरोपों पर आधारित थी**

**लंदन में** संसद भवन परिसर में कश्मीर के मुद्दे पर चर्चा में कुछ सांसदों के भाग लेने पर निराशा प्रकट करते हुए भारत ने कहा कि यह चर्चा एक तीसरे देश (पाकिस्तान) द्वारा किए गए झूठे दावों और अपुष्ट आरोपों पर आधारित थी।

हाउस ऑफ कॉमन्स के वेस्टमिंस्टर हॉल में बुधवार की शाम कुछ ब्रिटिश सांसदों द्वारा आयोजित चर्चा का शीर्षक कश्मीर में राजनीतिक परिस्थिति था। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इस तरह के शब्दों के इस्तेमाल पर भी आपत्ति जताते हुए इन्हें अपने आप में समस्या वाला बताया। उच्चायोग ने एक बयान में कहा, शीर्षक में कश्मीर शब्द के इस्तेमाल के संदर्भ में : केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, जो भारत का अभिन्न अंग है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (जब पूर्ववर्ती कश्मीर राज्य को कानूनी तरीके से अक्टूबर 1947 में भारत में शामिल किया गया था, तो इस हिस्से को पाकिस्तान ने जबरन और अवैध तरीके से कब्जा लिया था) के बीच अंतर समझने की जरूरत है। उसने कहा, इस बात पर भी संज्ञान लिया गया कि जमीनी रूप से दिखने वाले तथ्यों और अद्यतन जानकारी के आधार पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध पर्याप्त प्रामाणिक जानकारी होने के बावजूद, भारत के केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के संदर्भ में, मौजूदा जमीनी हकीकत की अनदेखी की गई और एक तीसरे देश द्वारा किए जाने वाले झूठे दावों को प्रदर्शित किया गया जिनमें नरसंहार और हिंसा तथा प्रताड़ना जैसे अपुष्ट आरोप थे। ब्रिटेन की सरकार की ओर से चर्चा का जवाब देते हुए विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफडीसीओ) के मंत्री निगेल एडम्स ने यह आधिकारिक रुख दोहराया था कि ब्रिटेन को भारत-पाकिस्तान के द्विपक्षीय मामले में कोई मध्यस्थ भूमिका नहीं निभानी। हालांकि उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के दोनों ओर मानवाधिकार संबंधी चिंताएं हैं।एशिया के लिए मंत्री की जिम्मेदारी होने के नाते से एडम्स ने कहा, सरकार की (कश्मीर पर) नीति स्थिर है और इसमें कोई बदलाव नहीं है। हम लगातार यह मानते आए हैं कि हालात का दीर्घकालिक राजनीतिक समाधान भारत और पाकिस्तान को तलाशना है जिसमें कश्मीरी जनता की आकांक्षाओं का ध्यान रखा जाए, जैसा कि शिमला समझौते में उल्लेखित है।

लेबर पार्टी की सारा ओवेन द्वारा आयोजित चर्चा में ब्रिटेन के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने भाग लिया जिनमें से अधिकतर के निर्वाचन क्षेत्रों में कश्मीरी मूल के लोगों की अच्छी आबादी है।उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन पर चिंता जताई और ब्रिटेन की सरकार से क्षेत्र तक सुगम पहुंच के लिए अनुरोध किया ताकि भविष्य में जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सीधी रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में पेश की जा सके। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इस बात को रेखांकित किया कि पिछले साल से एक स्मार्ट वाई-फाई परियोजना से क्षेत्र में हाईस्पीड इंटरनेट एक्सेस संभव हुआ है और आतंकी हमलों की धमकियों, चुनौतीपूर्ण मौसम संबंधी हालात और कोविड-19 महामारी के बावजूद यहां पिछले महीने डीडीसी के ऐतिहासिक चुनाव संपन्न हुए।भारतीय उच्चायोग ने अपने बयान में कहा, जम्मू कश्मीर, अगस्त 2019 में प्रशासनिक पुनर्गठन के बाद से, सुशासन और त्वरित विकास के पथ पर बढ़ रहा है। जम्मू कश्मीर में भारत सरकार द्वारा उठाए गए सभी प्रशासनिक कदम पूरी तरह से भारत का आंतरिक विषय हैं।

# बाइडन ने बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी ज़ैन सिद्दीक को व्हाइट हाउस में महत्वपूर्ण पद पर नामित किया

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी ज़ैन सिद्दीक को व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के कार्यालय में महत्वपूर्ण पद के लिए नामित किया है। बाइडन की टीम ने बुधवार को कई घोषणाएं कीं और बताया कि सिद्दीक व्हाइट हाउस डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर नामित किए गए हैं। बाइडन के प्रशासन में वरिष्ठ पद के लिए नामित होने वाले वह बांग्लादेशी मूल के पहले अमेरिकी बन गए हैं। सिद्दीक मूल रूप से बांग्लादेश के हैं लेकिन वह न्यूयॉर्क में पले बढ़े हैं। उन्होंने प्रिंसटन विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की और एल लॉ स्कूल से भी पढ़ाई की। वर्तमान में वह बाइडन-हैरिस के घरेलू एवं आर्थिक मामलों की टीम के चीफ ऑफ स्टाफ हैं। वह 2020 के उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की वाइस प्रेसीडेंशियल डिबेट के लिए चुनाव तैयारी करने वाली टीम के भी सदस्य थे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका के इतिहास में उनका प्रशासन सबसे अधिक विविधता वाले प्रशासन में से एक होगा। बाइडन ने अपनी एशिया नीति के नेतृत्व के लिए ओबामा प्रशासन के दौरान भारत, जापान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता के शिल्पकार रहे वरिष्ठ राजनयिक कर्ट कैम्पबेल को भी नामित किया है। कैम्बेल (63) वर्तमान में एशिया ग्रुप कंसल्टेंसी का नेतृत्व कर रहे हैं और वह सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी थिंक-टैंक के सह-संस्थापक हैं।बाइडन की टीम ने कहा कि कैम्पबेल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में हिंद-प्रशांत के लिए समन्वयक होंगे। ओबामा प्रशासन में वह पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के तौर पर सेवा दे चुके हैं।

ट्रेंड बाजार

## सायरस साहूकार शो 'फीलिन अलाइव' के लिए पहुंचे मनाली

**अभिनेता** तथा ऐंकरिंग में चाव रखने वाले सायरस साहूकार ने मनाली में अपने भीतरी भय को चुनौती देने का संकल्प लिया और उनके अनुसार उन्हें इससे एकाग्रता तथा तनाव घटाने में काफी मदद मिली।

महीनों चलने वाले लॉकडाउन के बाद मनाली जैसे अप्रतिम स्थान में होना अविश्वसनीय अनुभव रहा। मेरे लिए इतने सुंदर स्थान पर होना और वो भी अमोल पाराशर जैसे अभिनेता के साथ और हर प्रकार की साहसिक गतिविधि में संलग्न होना एक अद्भुत अनुभव था।



सबसे अच्छा पल तो वो था जब हम जलप्रपात से कैन्यनिंग करते हुए नीचे आ रहे थे, मैंने ये पहले कभी नहीं किया था। मुझे भीतर से डर तो लग रहा था लेकिन अंदर से एक अतुलनीय शांति भी थी। ये बिलकुल वैसा ही था जब आप अपने डर पर विजय पा लेते हैं तो एक आध्यात्मिक शांति और तनावमुक्तता की स्थिति को प्राप्त होते हैं। सायरस मनाली में अपने शो 'फीलिन अलाइव' के दूसरे सीज़न की शूटिंग के क्रम में गए हुए थे।

## काजोल ने मोटा करने वाली हर वस्तु से किया किनारा



**अभिनेत्री** काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऐसी हर वस्तु के बारे में लिखा है जो उन्हें मोटा बनाती हैं। ये देखकर उनके प्रशंसकों को बहुत मजा आया। उन्होंने लिखा, 'अब मैं ऐसी हर चीज की अनदेखी करने का मन बना रही हूं जो मुझे मोटा बनाती हों जैसे -दर्पण, तोलने की मशीन, लोगों की मेरे बारे में राय आदि।' वर्तमान में वो अपनी अगली फिल्म, जो उन्होंने अभिनेत्री तथा निर्देशिका रेणुका शहाणे के निर्देशन में की है। फिल्म महिला केन्द्रित है और इसका नाम है - त्रिभंगा: टेढ़ी मेढ़ी क्रेजी। फिल्म का लेखन, निर्देशन किया है रेणुका शहाणे ने और इसमें तन्वी आज़मी और मिथिला पाल्कर जैसी मंझी अभिनेत्रियां भी अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी। इसकी कहानी में तीन अलग अलग महिलाओं और उनके गैरपारंपरिक जीवन विकल्पों के बारे में है।

# 'अभिनय में एकरूपता को तोड़ना सबसे दुष्कर कार्य'

**अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि किसी भी अभिनेता के लिए अपने अभिनय में एकरूपता लाना सबसे सरल कार्य होता है जबकि इसे तोड़ना सबसे कठिन कार्य। उनका कहना है कि हास्य भूमिकाओं में उनकी लोकप्रिय छवि होने के बाद भी वो उसी छवि में फंसकर नहीं रह गए। इसका कारण ये था कि उनके द्वारा की गईं गंभीर भूमिकाएं भी उतनी ही लोकप्रिय रहीं।**

उन्होंने बताया, 'किसी पारंपरिक अभिनय क्षेत्र से दूर जाना सदा से ही कठिन रहा हैं कभी न कभी हम सभी एकरूपता के शिकार होते रहते हैं। ऐसा हम सभी के साथ होता रहता है। यहां ऐसे ही चलता है। आप कोई रोल या कुछ ऐसा करते हैं जो दर्शकों को अच्छा लगता हो, इसके बाद आपको सदैव ऐसे ही कामों के ऑफर मिलते रहते हैं क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर उस समय उसी की मांग होती है।'

'उस छवि से बाहर आना कठिन हो जाता है लेकिन मेरे करना अपेक्षाकृत सरल रहा क्योंकि मेरे गंभीर रोल भी उतने ही लोकप्रिय थे जितने मेरे हास्य रोल,' अरशद ने बताया।

अरशद ने आगे बताया, 'सामान्य तौर पर जब कोई हास्य भूमिका करता है तो उनके द्वारा किया गया गंभीर अभिनय सफल नहीं हो पाता क्योंकि आप उस व्यक्ति को अपने मस्तिष्क से बाहर कर ही नहीं पाते।'

अपने बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए अरशद ने कहा, 'लेकिन मैं तो चरित्र में इतना खो जाता हूं कि मैं आपको ये विस्मृत करने पर बाध्य कर देता हूं कि मैं हूं कौन। मैं आपको अपनी पिछली छवि को मस्तिष्क से बाहर निकालने पर बाध्य कर देता हूं और यही बात मेरे पक्ष में काम करती है। असर में लोगों ने मुझे फॉरेंज़िक वैज्ञानिक के चरित्र में भी स्वीकार कर लिया था। इसके बाद दुर्गामती: द मिथ, में भी मेरा ऐसा ही अभिनय था। ये सब ऐसी भूमिकाएं थीं जो मुझे ऑफर होने वाली भूमिकाओं से बिलकुल अलग प्रकार की थीं। ये मेरे लिए एक ताजी हवा के झोके जैसा था और इसकी अनुभूति ही अलग है।'



एक अभिनेता के रूप में बॉलिवुड में प्रवेश पाने से पूर्व अरशद ने 1993 में फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा, में सहायक निर्देशक तथा एक गाने के लिए कोरियोग्राफर का काम किया था। अभिनेता के रूप में उन्होंने 1996 में 'तेरे मेरे सपने' के माध्यम से पदार्पण किया था जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

विगत वर्षों के दौरान वो अपनी भूमिकाओं से दर्शकों तथा समीक्षकों दोनों को प्रभावित करते रहे हैं। उनकी 'मुन्ना भाई श्रंखला की फिल्में, इश्किया सीरीज़ की फिल्में, गोलमाल तथा धमाल सीरीज़ तथा जॉली एलएलबी के दोनों संस्करणों तथा सहर को लोगों द्वारा पसंद किया गया।'

पिछले साल उन्होंने एक थ्रिलर फिल्म असर, के माध्यम से डिजिटल माध्यम में पदार्पण किया था। इसके बाद दुर्गामती: द मिथ, में भी उन्होंने एक राजनीतिज्ञ के रूप में भूमिका की थी इस फिल्म को पारपंरिक रिलीज़ न मिलकर इसे अमेजॉन प्राइम वीडियो के मंच से प्रीमियर किया गया था।

उनसे पूछे जाने पर कि कोविड-19 कालखंड में उनके जीवन में किसप्रकार के परिवर्तन हुए हैं, उन्होंने बताया, 'ऐसा कुछ नहीं हुआ लेकिन मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि दुनिया में काफी परिवर्तन हुए हैं। महामारी के आने से पहले से ही मैं ऐसे ही रहता आ रहा था। मैं अपने कमरे तक सीमित रहता हूं, फिल्म करता हूं और घर वापस आ जाता हूं। मुझे ये अच्छा लगता है। मैं ये सब अपने बच्चों के साथ घर में करता आया हूं। ये अच्छा है और मेरा जीवन पहले से ही ऐसा ही था।'

उन्होंने आगे बताया, 'मुझे इस बात की खुशी है कि दुनिया को ये सीखने का एक अवसर मिला है कि वे बिना भाग-दौड़ के भी जीवन यापन कर सकते हैं कि आप कहीं बिना कुछ किये बैठें और तनावमुक्त रहने का प्रयास करें। ऐसा करना अच्छा रहता है कि आप बैठ कर जीवन का आनंद लें न कि इसे ऐसे ही हाथ से निकल जाने दें।' अरशद आजकल जैसलमेर में बच्चन पांडे की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीज़ आदि कलाकार हैं। शूटिंग मार्च तक चलने वाली है। फिल्म को गदीसर झील तथा जैसलकोट जैसे स्थानों पर शूट किया जाएगा।

## कश्मीरी हिंदुओं के उत्पीड़न को सामने लाती एक पुस्तक

## कशीर

### अ डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़




**मूल** रूप से कन्नड़ भाषा में 2018 में सहाना विजयकुमार द्वारा लिखी गरुड़ प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक कशीर: ए डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़, में कश्मीरी हिंदू समुदाय तथा उनके द्वारा कश्मीर के इस्लामीकरण के चलते अपनी मातृभूमि से 1990 में दुर्भाग्यपूर्ण सामूहिक पलायन के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रस्तुत करती है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद इसका अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कैलाश पंडित का मार्मिक रुदन हमारे सामने लाती है।

**लेखिका सहाना विजय कुमार का कहना है कि उनकी पुस्तक -कशीर: ए डायबॉलिकल बिट्रेयल ऑफ कश्मीरी हिंदूज़- में कश्मीरी हिंदू समुदाय तथा उनके द्वारा कश्मीर के इस्लामीकरण के चलते अपनी मातृभूमि से 1990 में दुर्भाग्यपूर्ण सामूहिक निष्कासन के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रस्तुत करती है**

उनका तर्क है कि कश्मीर पर अब तक की गई रिपोर्टिंग में कश्मीरी हिंदुओं के साथ घटी मानवीय त्रासदी को सामने नहीं आने दिया गया है। कशीर के माध्यम से इस घटना को एक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें वर्णित घटनाएं वास्तविक हैं और इनके माध्यम से धोखे, कपट, मिथ्याप्रचार तथा राजनीतिक महत्वाकांक्षा आदि को सामने लाकर इनके द्वारा कश्मीरी हिंदुओं के उत्पीड़न को देश के मानस के सामने न आने देने के कुत्सित प्रयास को सामने लाया गया है। इसमें इस मानवीय त्रासदी के सत्य को पूरी सच्चाई के साथ रखा गया है।

सहाना ने इस पुस्तक के शोध हेतु कश्मीर भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों के साक्षात्कार लिये। उनके अनुसार कश्मीर की समस्या को पारंपरिकता, सुधारवाद, सेकुलरवाद तथा इस्लामी कट्टरवाद की परतों के अध्ययन के बिना नहीं समझा जा सकता।

पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा, 'ये विडंबना है कि कुछ कहानियां अनसुनी रह जाती हैं, वे जटिल वास्तविकताओं के दबंग कथानक के शोर में दब कर रह जाती हैं। कश्मीर के हिंदुओं की भी ऐसी ही एक कहानी है। आगे उन्होंने बताया, 'आवश्यक ये है कि अब कश्मीर के लिए सकारात्मक दिन प्रारंभ हों, लेकिन कश्मीरी हिंदुओं को उनकी ही मातृभूमि से सामूहिक निष्कासन की दुर्भाग्यपूर्ण कहानी को जानना भी उतना ही आवश्यक है। ये उन्हीं की कहानी है। ये कश्मीर की कहानी है।' इसमें कश्मीर की उत्पत्ति और सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक आयामों की भी पर्याप्त व्याख्या की गई है। इस उपन्यास में कश्मीर के समकालीन तथा ऐतिहासिक चित्र तो प्रस्तुत किये ही गए हैं, इसमें सनातन धर्म दर्शन तथा सामी धर्मों के बारे में भी बताया गया है। इन दोनों की व्याख्या करने के लिए कई अलंकारों का प्रयोग किया गया है और आरती कौल के अनकंसीव्ड गर्भ का भी उल्लेख है जिसके माध्यम से कश्मीरी हिंदुओं की दुर्दशा का वर्णन किया गया है। पुस्तक का नाम कोशूर भाषा से लिया गया है जिसमें कश्मीर का अनुवाद कशीर होता है।

प्रसिद्ध कन्नड़ विद्वान एस एल भिरप्पा, जिन्होंने पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है, ने पुस्तक के ऐतिहासिक परिदृश्य के वर्णन की प्रशंसा की है, का कहना है, 'उन्हें ऐसे कश्मीरी हिंदू नगण्य संख्या में मिले जो कश्मीर लौटे हों, वे बस्तियों में रह रहे हैं उन्होंने वे स्थान भी देखे जो इस बात को साबित करते हैं कि डर, बलात्कार, हत्या तथा खूनखराबे द्वारा हजारों धर्मपरिवर्तन हुए थे।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धा की डुबकी

**हरिद्धार, ऋषिकेश।** देश के विभिन्न स्थानों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मोक्षदायिनी गंगा में डुबकी लगाकर भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना करके दान पुण्य किया।हरिद्वार में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयघोष के साथ उमड़ पड़ी। उत्तराखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, हरियाणा से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देते हुए दान-पुण्य किया। मकर संक्रांति पर उमड़ी भीड़ से लंबे समय से मंदी की मार झेल रहे व्यपारियों के भी चेहरे खिल उठे। सुबह चार बजे शुरू हुआ श्रद्धालुओं के स्नान का क्रम देर शाम तक जारी रहा। गंगा स्नान के लिए हरकी पौड़ी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और इस दौरान मेला पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल सहित वरिष्ठ अधिकारी लगातार पूरे मेला क्षेत्र पर नज़र बनाए रहे। जिला पुलिस के साथ-साथ मेला पुलिस को तैनात करके आगामी कुम्भ की दृष्टि से मेले के अधिकारी पुलिस बल को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने में सफल रहे। हरिद्वार के जिलाधिकारी सी रविशंकर ने बताया कि मेला क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि जिन यात्रियों ने मास्क नही लगाया था, उनका चालान करके मास्क भी दिए गए। वहीं ऋषिकेश में भी मकर संक्रांति के पर्व पर सुबह चार बजे से शाम तक 40000 के लगभग श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में स्नान किया।



ऋषिकेश पुलिस के प्रभारी निरीक्षक रितेश कुमार शाह ने बताया कि ऋषिकेश के 1200 मीटर लम्बे त्रिवेणीघाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के साथ ही दान-पुण्य भी किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पर्वतीय क्षेत्र से आई देवडोलियों को भी स्नान कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरा स्नान सकुशल संपन्न हुआ।

# सबरीमला में मकरविलाक्कू के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**सबरीमला (केरल)।** कोविड-19 के कड़े प्रोटाकॉल के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को मकरविलाक्कू के अवसर पर विश्वप्रसिद्ध भगवान अयप्पा के मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रति वर्ष इस पर्व पर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते थे लेकिन इस वर्ष कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर लागू कड़े दिशानिर्देशों के तहत श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अधिकारियों ने यहां कहा कि सरकार के निर्देश के अनुसार केवल 5000श्रद्धालुओं को आने की अनुमति थी। बड़ी संख्या में लोग मास्क लगा कर और सिर पर इरूमुडिकेट्टू रख कर भगवान अयप्पा के मंदिर में पहुंचे। धार्मिक आयोजन के सुचारू संचालन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियों ने पुख्ता इंतजाम किए थे। इससे पहले राज्य देवस्वोत मंत्री कदमपल्ली सुरेंद्रन ने कहा था कि सरकार सरबरीमला के विकास के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार है।



# तमिलनाडु में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है पोंगल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को फसल उत्सव पोंगल धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मदुरै में प्रसिद्ध जल्लीकट्टू खेल का आयोजन किया जाता है जिसमें बैलों को काबू में करना होता है। इस दिन लोग जल्दी उठते हैं, पारंपरिक पोशाक पहनते हैं और मीठे पकवान पोंगल तैयार करते हैं। इस दिन शुभ तमिल महीने थाई की शुरुआत होती है, जिसके दौरान विवाह करना और नए उद्यम शुरू करना शुभ माना जाता है। कई घरों



के सामने रंग-बिरंगे कोल्लम (रंगोली) देखी गईं, जिनमें लोगों की पोंगल की शुभकामनाएं दी गई हैं, वहीं आगामी साल अच्छा रहे, इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन सहित कई नेताओं ने लोगों को इस त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मदुरै में, आदमी और जानवर के बीच प्रसिद्ध प्रतियोगिता अवनियापुरम जल्लीकट्टू का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को कई पुरस्कार दिए गए। इस खेल के आयोजन से पहले और उसके दौरान, आवश्यक कोविड-19 सावधानियां बरती गईं। परंपरा को ध्यान में रखते हुए, टॉप स्टार विजय, विजय सेतुपति और मालविका मोहनन की तमिल फिल्म मास्टर बुधवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# इफ्फी में इरफान खान सुशांत सिंह, चैडविक को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** अभिनेता इरफान खान, सुशांत सिंह, ऋषि कपूर और हॉलीवुड अभिनेता चैडविक बोसमैन सहित विश्व प्रसिद्ध 28 हस्तियों को 51वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव (इफ्फी) समारोह में श्रद्धांजलि दी जाएगी। इफ्फी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उत्सव के आगामी समारोह में भारत के 19 और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध नौ सितारों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका पिछले साल निधन हो गया था। इफ्फी में अभिनेता इरफान खान, सुशांत सिंह, ऋषि कपूर, सौमित्र चटर्जी, फिल्मकार बासु चटर्जी, निशिकांत कामत, मनमोहन महापात्रा, उर्दू कवि राहत इंदौरी, कोरियोग्राफर सरोज खान, गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम, अभिनेता जगदीप, कुमकुम, निम्मी, बिजय मोहंती, श्रीराम लागू, अजित दास, संगीतकार, गीतकार योगेश गौर और कॉस्टयूम भानू अथिया को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इनके अलावा, अभिनेता चैडविक बोसमैन, किर्क डगलस, मैक्स वॉन सिडो, अदाकारा ओलिविया डी हैविलैंड, निर्देशक एलन पार्कर , इवान पासेर, गोरान पास्कलजेवी, सिनेमेटोग्राफर एलेन डेविड और संगीतकार एन्नियो मोरिकोन को भी इफ्फी में श्रद्धांजलि दी जाएगी। इफ्फी का आयोजन हर साल गोवा में 20 से 28 नवम्बर के बीच होता है, लेकिन पिछले साल कोरोना वायरस के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह 16 से 24 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा।